बैशाख कृष्ण पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 27 अप्रैल 2024
वर्ष-34, अंक-90, पृष्ठ-16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य- 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



वैवाहिक रिश्तों को अस्वीकार करना मानसिक क्रूरता 16

मैड्रिड ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे नडाल 2




## एक नजर

### दो दिनों के लिए घटाया गया स्कूलों का समय

**लखनऊ।** बेसिक शिक्षा विभाग ने अगले दो दिनों के लिए स्कूलों का समय परिवर्तित करने का आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार, 27 और 28 अप्रैल को कक्षा एक से आठ तक के सभी स्कूल सुबह 7.30 बजे से 11.30 बजे तक संचालित होंगे। जबकि 28 अप्रैल को रविवार है। आदेश में कहा गया है कि 29 अप्रैल से सभी स्कूलों का समय पहले से जारी समय के अनुसार, सुबह 7.30 बजे से अपरान्ह एक बजे तक विद्यालय खुलेंगे। बता दें कि बीते दिनों गर्मी व लू के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए बेसिक शिक्षा परिषद के अंतर्गत आने वाले सभी स्कूलों का समय सुबह 7.30 बजे से दोपहर एक बजे तक कर दिया गया था। अब एक बार फिर से समय दो दिनों के लिए परिवर्तित किया गया है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक प्रदेश में हीट वेव का अलर्ट है इसलिए दो दिनों के लिए समय घटाया गया है।

### उत्तराखंड में बच्चों को माह में एक दिन बस्ते से छूट

**काशीपुर।** उत्तराखंड के प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में शनिवार से बस्ता रहित दिवस मनाया जाएगा। माह में एक दिन शनिवार को बच्चे बिना बस्ते के स्कूल जाकर मृदा प्रबंधन, कृषि, बागवानी, मानवीय सेवाएं, वित्तीय प्रबंधन आदि के गुर सीखेंगे। अकादमिक शोध एवं प्रशिक्षण निदेशक वंदना गर्ब्याल ने जिले के हर सीईओ को इस बाबत आदेश जारी किए हैं। प्रदेश में 12,073 प्राइमरी, 3,434 जूनियर हाईस्कूल व 2,313 इंटरमीडिएट विद्यालय हैं। शिक्षा विभाग ने माह के एक दिन बच्चों को बस्ते से मुक्त रखने की योजना बनाई है ताकि विद्यार्थी पाठ्यक्रम से हटकर व्यावसायिक गतिविधियां, बैंकिंग और हस्तशिल्प हुनर का ज्ञान ले सकें।



बरेली के राजेंद्रनगर में रोड शो के दौरान उमड़ी भीड़ का अभिवादन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

# मोदी के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब

कार्यालय संवाददाता,बरेली

- खुली जीप में पहली बार किसी पीएम और सीएम ने किया बरेली में रोड शो

**अमृत विचारः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भगवा रथ पर सवार होकर मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के साथ रोड शो के दौरान लोगों से दिल से रिश्ता जोड़ने की पूरी कोशिश की। भगवा पोशाक में पहने प्रधानमंत्री अभिवादन करते हुए निकले, बगल में मौजूद सीएम विजयी मुद्रा में मुस्कुराहट के साथ लोगों की तरफ इशारा कर रहे थे।

शुक्रवार की शाम बरेली के लोगों के लिए यादगार बन गया। पहली बार ऐसा मौका रहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री एक साथ रोड शो में शामिल हुए हो, भीड़ इतनी जुटी की रथ पर सवार पीएम और सीएम गदगद दिखे। लोग भी अपने बीच दोनों हस्तियों को पाकर बेहद खुश नजर आएं। हर कोई एक झलक पाने को बेताब था। बुर्जुग, युवा, महिला और बालकों में पीएम को देखने में होड़ लगी रही। खुली जीप कार्यक्रम स्थल पर दो घंटे पहले पहुंची गई। प्रधानमंत्री जब भगवा रथ पर सवार हुए तो उनके बगल में एक तरफ सीएम योगी आदित्य नाथ तो दूसरी तरफ बरेली लोक सभा क्षेत्र के प्रत्याशी छत्रपाल मौजूद रहे। इनके पिछे सांसद संतोष गंगवार और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह थे। करीब 12 सौ मीटर की दूरी के दौरान पीएम ने अपने आप को मौजूद भीड़ से रिश्ता जोड़ने की पूरी कोशिश की। टार्च नुमा कमल का निशान हाथ में लेकर रथ पर चल रहे थे।छत पर खड़े लोगों का अभिवादन और भीड़ के सामने करीब तीन झुक प्रणाम भी किया। बांके बिहारी मंदिर के गेट के सामने जब मोदी की नजर मंदिर की तरफ तो भगवान की मूर्ति देखते सामने हाथ जोड़कर सिर झुकाया तो भीड़ ने पूरी ताकत के साथ जयघोष किया। सीएम मौजूद के भीड़ को हाथ से विजयी मुद्र में इशारें कर रहे थे।

### संतोष को दिया सम्मान छत्रपाल के लिए मांगे वोट

**बरेली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रोड शो के दौरान सांसद संतोष गंगवार को पूरा ख्याल किया। भगवता रथ पर सांसद अपने साथ रखा। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी छत्रपाल गंगवार को विजयी बनाने के लिए लोगों का समर्थन मांगा। कमल निशान दिखाकर हर किसी को इशारे में वोटे देने का अनुरोध किया। रोड शो के दौरान एक बार संतोष से मोदी की कानाफूसी भी हुई।

## लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में शाम 7 बजे तक 54.83 प्रतिशत मतदान

# उप्र में सबसे कम मतदान

64.02% अमरोहा | 49.29% मथुरा | 58.70% मेरठ | 55.79% बुलंदशहर | 49.65% गाजियाबाद

नयी दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में शाम सात बजे तक शुक्रवार को 88 सीटों पर करीब 61 प्रतिशत वोट डाले गये। बारह राज्यों और केन्द्र शासित जम्मू-कश्मीर की कुल 88 सीटों पर मतदान का कुल प्रतिशत पहले चरण से भी कम रहा।

दूसरे चरण में उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र में मतदान का प्रतिशत राष्ट्रीय औसत से काफी कम रहा जबकि जबकि त्रिपुरा, मणिपुर, छत्तीसगढ़ पश्चिम बंगाल और जम्मू-कश्मीर में 70 से लगभग 79 प्रतिशत के दायरे में मतदान हुआ। निर्वाचन आयोग के रात सात बजे तक के मतदान के आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश में 54.85 प्रतिशत, बिहार में 54.91 प्रतिशत महाराष्ट्र में 54.34 प्रतिशत और मध्यप्रदेश में 56.60 प्रतिशत वोट पड़े, जबकि केरल में 65.28 प्रतिशत राजस्थान में भी मतदान का प्रतिशत 63.74 रहा। त्रिपुरा में सर्वाधिक 78.63 प्रतिशत मतदान हुआ। मणिपुर में 77.18 प्रतिशत,छत्तीसगढ़ में 73.05 प्रतिशत,पश्चिम बंगाल 71.84 प्रतिशत,जम्मू-कश्मीर 71.63 प्रतिशत,असम 70.78 प्रतिशत मतदान हुआ। पहले चरण में 102 सीटों पर 63.4 प्रतिशत के करीब मतदान हुआ था। इसके साथ ही 543 सदस्यीय लोकसभा की 190 सीटों पर मतदान संपन्न हो गया है। तीसरे चरण का मतदान सात मई को होगा। छिटपट घटनाओं को छोड़ दे तो कुल मिलाकर मतदान शांतिपूर्ण रहा। छत्तीसगढ़ में बस्तर डिवीजन के 102 गांवों के मतदाताओं ने पहली बार लोकसभा के चुनाव में वोट डाले।



बुलंदशहर में ढोल नगाड़े के साथ मतदान केंद्र में जाती महिलाएं। ● एजेंसी



बेंगलुरू में मतदान के बाद आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले।

### अमरोहा में सबसे ज्यादा 64.02 प्रतिशत हुई वोटिंग

**लखनऊ।** प्रदेश में दूसरे चरण की आठ सीटों पर चुनाव के लिए 54.85 प्रतिशत मतदान हुआ। अमरोहा सीट पर सबसे ज्यादा 64.02 प्रतिशत व सबसे कम मथुरा में 49.29 प्रतिशत मतदान हुआ। कई जगहों पर ईवीएम में खराबी समेत कई शिकायतें दर्ज हुईं, जिनका निस्तारण किया गया। इस चरण की अन्य सीटों में मेरठ में 58.70 प्रतिशत, बागपत में 55.93 प्रतिशत, गाजियाबाद में 49.65 प्रतिशत, गौतमबुद्धनगर में 53.21 प्रतिशत, बुलंदशहर सुरक्षित सीट पर 55.79 प्रतिशत व अलीगढ़ में 56.62 प्रतिशत मतदान हुआ। उन्होंने बताया कि बुलंदशहर में फर्जी मतदाता की शिकायत आयी थी, पर वह गलत पाई गई। ईवीएम में खराबी समेत विभिन्न शिकायतों का समय रहते निस्तारण कराया गया।

# वीवीपैट संबंधी याचिका खारिज
## मतपत्र से चुनाव भी नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के बीच, उच्चतम न्यायालय ने ईवीएम के जरिये डाले गए वोट का वीवीपैट के साथ शत-प्रतिशत मिलान कराने संबंधी याचिकाएं शुक्रवार को खारिज कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि तंत्र के किसी भी पहलु पर आंख मूंद कर अविश्वास करना अवांछित संशय पैदा कर सकता है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने मामले में सहमति वाले दो फैसले सुनाये और इस मामले से जुड़ी वे सभी याचिकाएं खारिज कर दीं। इन याचिकाओं में मतपत्रों से चुनाव कराने की प्रकिया को फिर से उपयोग में लाने संबंधी याचिका भी शामिल थी।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने अपना फैसला सुनाते हुए निर्वाचन आयोग को ईवीएम में चिह्न लोड किये जाने के बाद, इसके लिए उपयोग में लाई गई यूनिट को सील करने और 45 दिनों के लिए स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने ईवीएम विनिर्माताओं के इंजीनियर को चुनाव नतीजों की घोषणा के बाद, दूसरे या तीसरे स्थान पर रहे उम्मीदवारों के अनुरोध पर मशीनों के माइक्रोकंट्रोलर का सत्यापन करने की अनुमति भी दे दी। न्यायालय ने कहा कि माइक्रोकंट्रोलर के सत्यापन का अनुरोध चुनाव परिणामों की घोषणा के बाद, शुल्क अदा किये जाने पर सात दिनों के अंदर किया जा सकता है। इसने कहा यदि सत्यापन के दौरान यह पाया गया कि ईवीएम में छेड़छाड़ की गई है तो उम्मीदवारों द्वारा अदा किया गया शुल्क लौटा दिया जाएगा।

ईवीएम में तीन यूनिट होती है बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और वीवीपैट। ये तीनों माइक्रोकंट्रोलर से जुड़े होते हैं। वर्तमान में, निर्वाचन आयोग प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पांच मतदान केंद्रों के ईवीएम में पड़े मतों का मिलान वीवीपैट पर्चियों के साथ करता है।

### चुनौती देने वाली याचिकाओं को 40 बार खारिज किया

निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने उल्लेख किया कि उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों ने ईवीएम की विश्ववसनीयता को चुनौती देने वाली याचिकाओं को कम से कम 40 बार खारिज किया है। उन्होंने मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार की इस हालिया टिप्पणी का भी जिक्र किया कि ईवीएम शत-प्रतिशत सुरक्षित हैं और राजनीतिक दल जानते हैं कि ये मशीनें निष्पक्ष हैं।

> प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि यह कांग्रेस-नीत इंडिया गठबंधन को करारा तमाचा है और उसे ईवीएम के खिलाफ अविश्वास पैदा करने के लिए जनता से माफी मांगनी चाहिए।

कांग्रेस ने कहा कि वह चुनावी प्रक्रिया में जनता का विश्वास बढ़ाने के लिए वीवीपैट के अधिक से अधिक उपयोग पर राजनीतिक अभियान जारी रखेगी।

## साल में 2 बार सीबीएसई परीक्षा की तैयारी, सेमेस्टर प्रणाली खारिज

नयी दिल्ली, एजेंसी

- अगले माह इसके लिए प्रधानाध्यापकों से बैठक करेंगे बोर्ड और शिक्षा मंत्रालय

शिक्षा मंत्रालय ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से 2025-26 शैक्षणिक सत्र से साल में दो बार बोर्ड परीक्षाएं आयोजित करने के संबंध में व्यवस्थागत तैयारी करने को कहा है। सेमेस्टर प्रणाली शुरू करने की योजना को खारिज कर दिया गया है। सूत्रों ने कहा कि मंत्रालय और सीबीएसई साल में दो बार बोर्ड परीक्षाएं आयोजित करने के लिए अगले महीने स्कूलों के प्रधानाध्यापकों के साथ चर्चा करेंगे।

सीबीएसई वर्तमान में इस बात पर काम कर रहा है कि स्नातक प्रवेश कार्यक्रम को प्रभावित किए बिना एक और बोर्ड परीक्षा को समायोजित करने के लिए अकादमिक कैलेंडर को कैसे तैयार किया जाएगा। एक सूत्र ने बताया मंत्रालय ने सीबीएसई से इस बात पर काम करने को कहा है कि साल में दो बार बोर्ड परीक्षा किस तरह आयोजित की जाएगी। सूत्र ने बताया 2025-26 शैक्षणिक सत्र से वर्ष के अंत में बोर्ड परीक्षाओं के दो संस्करण आयोजित करने का विचार किया जा रहा है, लेकिन तौर-तरीकों पर अभी भी काम करने की जरूरत है। हालांकि, सेमेस्टर प्रणाली को लागू करने की कोई योजना नहीं है। मंत्रालय की प्रारंभिक योजना 2024-25 शैक्षणिक सत्र से साल में दो बार बोर्ड परीक्षाएं शुरू करने की थी। हालांकि, इसे एक साल आगे बढ़ा दिया गया है।

## रायबरेली-सुल्तानपुर हाईवे पर बोलेरो पलटी, 4 की मौत

अमावां, रायबरेली

- मिल एरिया थाना क्षेत्र में हादसा, 3 घायल अस्पताल में उपचाराधीन

**अमृत विचार :** मिल एरिया थाना क्षेत्र में रायबरेली-सुल्तानपुर हाईवे पर शुक्रवार तड़के बरात से लौट रही एक बोलेरो मालिनपुरवा के पास पुलिया से टकराकर सड़क पर पलट गई। घटना में बोलेरो सवार चार लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

लालगंज थाना क्षेत्र के कटहरियन का पुरवा गांव से सर्वेश की बरात गुरुवार की शाम फुरसतगंज थाना क्षेत्र के गांव में आई थी। सभी कार्यक्रम सम्पन्न होने के बाद एक बोलेरो आठ बरातियों को लेकर लालगंज के लिए रवाना हो गई। रायबरेली-सुल्तानपुर हाईवे पर मालिनपुरवा के पास तड़के साढ़े तीन बजे बोलेरो नैया नाला के पुल के पास पलट गई। बोलेरो में सवार 7 लोग घायल हो गए। हादसे में कटरियन का पुरवा निवासी पंकज पाल (26) पुत्र राजाराम पाल, दीपक पाल (25) पुत्र बभन कुमार, अवधेश पाल (32) पुत्र प्यारे पाल व लालगंज थाना क्षेत्र के ही ऐहार निवासी राघवेंद्र यादव (35) पुत्र रामखेलावन सहित चारों लोगों को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

## कांग्रेस के मंसूबों पर वोट के माध्यम से पानी फेरना होगा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री ने मीडिया से साझा बयान में कांग्रेस की सोच को बताया देश के लिए हानिकारक



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस के मेनिफेस्टो को भारत जैसे दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए घातक बताया है। योगी शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। चुनाव में अप्रासंगिक मुद्दे उठने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा शुरू से ही विकास, सुरक्षा और सुशासन के मुद्दे के साथ चुनाव में उतरी थी।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन के सत्ता से कोसों दूर होने पर भी क्या मानसिकता है, इसपर लगातार जनता का ध्यान आकर्षित किया जा रहा है। इनकी मंशा को सफलता न मिले, इसलिए ये जरूरी हो जाता है कि जनता समय रहते अपने एक-एक वोट के जरिए इसपर पानी फेरने का काम करे।

योगी के मुताबिक, कांग्रेस अपने मेनिफेस्टो में देश के तालिबानीकरण से लेकर जनता की संपत्ति और पर्सनल लॉ जैसे मुद्दों को समर्थन देकर मजहबी आधार पर देश के विभाजन की आधारशिला रखना चाहती है। उन्होंने कहा, विरासत की संपत्ति का आधा हिस्सा ले लेने और पर्सनल लॉ जैसे कानून को फिर से लागू करने की बात ये लोग कर रहे हैं। इस देश का विभाजन इन्हीं कारणों से हुआ था।

## मुजफ्फरनगर में एमबीबीएस छात्रा की हत्या

**मुजफ्फरनगर।** एक निजी मेडिकल कॉलेज की एमबीबीएस प्रथम वर्ष की छात्रा की मंसूरपुर थाना क्षेत्र में हत्या कर दी गयी। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि मामले में एमबीबीएस के एक छात्र को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार औरैया जिले के निवासी राहुल चौहान की बेटी कीर्तिका (22) का शव बृहस्पतिवार देर रात जिले के मंसूरपुर थाने के बेगराज़पुर गांव में रेल पटरी के पास बरामद हुआ। परिजनों ने एमबीबीएस के एक छात्र पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

## भाजपा उम्मीदवार पर रिश्वतखोरी का मामला दर्ज

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में भाजपा उम्मीदवार डॉ. के सुधाकर के खिलाफ रिश्वतखोरी का मामला दर्ज किया गया है। चिक्काबल्लापुरा की फ्लाइंग स्क्वाड टीम (एफएसटी) द्वारा कार्रवाई की ओर से यह कार्रवाई की गई। निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी एक बयान में बताया गया कि भाजपा उम्मीदवार के सुधारकर के खिलाफ रिश्वतखोरी और मतदाताओं पर अनुचित प्रभाव डालने के साथ-साथ 4.8 करोड़ रुपये नकद जब्त करने का मामला दर्ज किया है। चिक्काबल्लापुरा के एफएसटी ने उनके पास नकद राशि को जब्त की है। निर्वाचन क्षेत्र की राज्य निगरानी टीम द्वारा मदनायकनहल्ली थाना में सुधाकर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई।

विज्ञान | इस क्षुद्रग्रह को पृथ्वी का अर्ध-उपग्रह भी माना जाता था, वैज्ञानिकों को मिली सफलता

## चंद्रमा पर गड्ढे से पृथ्वी के नजदीकी क्षुद्रग्रह का रहस्य उजागर

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** वैज्ञानिकों ने चंद्रमा पर बने गड्ढे व पृथ्वी के नजदीकी क्षुद्रग्रह के बीच संबंध का पता लगाने की बड़ी कामयाबी हासिल की है। इसका नाम 469219 कामो'ओलेवा क्षुद्रग्रह है। इस क्षुद्रग्रह को पृथ्वी का अर्ध-उपग्रह भी माना जाता था।

दरअसल कामो'ओलेवा क्षुद्रग्रह व चंद्रमा के सुदूर भाग में स्थित विशाल गड्ढे की कहानी बड़ी रोचक है। यह गड्ढा 21 किमी चौड़ा है। और चंद्रमा के सुदूर भाग पर स्थित है।

नासा के लूनर रिकोनाइसेंस ऑर्बिटर कैमरे ने इस गड्ढे की तस्वीर ली है। इस गड्ढे का मिलान 469219 कामो'ओलेवा क्षुद्रग्रह से किया गया तो पता चला कि यह गड्ढा इसी क्षुद्रग्रह के कारण बना है। कालांतर में यह क्षुद्रग्रह चंद्रमा से टकराया होगा और वापस अंतरिक्ष में छिटक गया।



चंद्रमा पर बना गड्ढा।

### नमूने जुटाएगा तियानवेन-2 मिशन कमोओलेवा

2025 में लॉन्च होने वाला चीनी तियानवेन-2 मिशन कमोओलेवा के नमूने एकत्र करेगा। बाद में वापस पृथ्वी में लाएगा। दूसरा मिशन नासा का एनइओ सर्वेक्षक अंतरिक्ष दूरबीन को 2027 में लॉन्च किया जाएगा। इन दोनों मिशन के अध्ययन से इस क्षुद्रग्रह कामो'ओलेवा के बारे में विस्तृत जानकारी जुटाएगा।

इसके बाद अपनी कक्षा में घूमने लगा। इस क्षुद्रग्रह के बारे में पूर्व में कहानियां भी लिखी गयी हैं। इसकी विशेषता यह है कि इसे कभी पृथ्वी का अर्ध उपग्रह भी माना जाता था। यह चंद्रमा की तरह कक्षीय अवधियों में पृथ्वी के करीब रहता है और आने वाली कई शताब्दियों तक इसकी कक्षा स्थिर बनी रहेगी।

सूर्य के चारों ओर इसकी कक्षा पृथ्वी की कक्षा के साथ समकालिक है। इसके बारे में 2021 में स्पेक्ट्रोस्कोपी तकनीक से इसका पता लगा लिया था। खगोलविदों ने नेचर एस्ट्रोनॉमी में इस नए शोध को प्रकाशित किया है। चंद्रमा में इस दूर के गड्ढे नाम जिओर्डानो ब्रूनो है।

16वीं सदी के इतालवी दार्शनिक, कवि, ब्रह्माण्ड संबंधी सिद्धांतकार और गूढ़विद्या पर इसका नाम पर रखा गया है। नासा समेत कई देशों के वैज्ञानिकों के सामूहिक शोध से इस रहस्य का खुलासा हुआ।

## कार में आग से दो माह का बच्चा और मां की जलकर मौत

**कासगंज।** ढोलना थाना क्षेत्र के अंतर्गत कैनाल बाइपास पर शुक्रवार सुबह दर्दनाक हादसा हुआ। माइल स्टोन से टकराकर कार में आग लग गई। दुर्घटना में कार सवार ढाई माह का बेटा और उसकी मां जिंदा जल गए। कार चला रहा पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। बरेली के थाना भमोरा क्षेत्र के गांव रफियाबाद निवासी 30 वर्षीय आशीष यादव, 25 वर्षीय पत्नी मीना और ढाई माह के बेटे के साथ गुरुवार की देर रात मथुरा जा रहे थे। शुक्रवार सुबह लगभग साढ़े तीन बजे कैनाल बाइपास से गुजर रही थी कि ढोलना थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव भगवंतपुर के समीप सड़क किनारे मार्ग की दूरी दर्शाने के लिए लगे पत्थर से कार टकरा गई।

## शाहजहांपुर से सपा प्रत्याशी राजेश का नामांकन खारिज

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** सपा (गठबंधन) के घोषित उम्मीदवार राजेश कश्यप का नामांकन खारिज हो गया और हरदोई निवासी ज्योत्सना गौंड सपा की अधिकृत उम्मीदवार हो गईं। सपा आलाकमान के आदेश पर ही ज्योत्सना का नामांकन कराया था।

18 फरवरी को सपा ने राजेश कश्यप को शाहजहांपुर लोकसभा सीट से प्रत्याशी घोषित किया था। राजेश ने जोरशोर से चुनाव की तैयारी शुरू कर दी। इसी बीच चर्चा होने लगी कि भाजपा की एक कद्दावर महिला नेता सपा में आ रही है और राजेश की जगह उन्हें प्रत्याशी बनाया जाएगा। वहीं सपा आलाकमान के आदेश पर हरदोई निवासी ज्योत्सना गौड़ का नामांकन अंतिम तिथि से एक दिन पहले 24 अप्रैल को करा दिया गया।



राजेश कश्यप



ज्योत्सना गौड़

- अब हरदोई की ज्योत्सना गौंड होंगी सपा प्रत्याशी

> समाजवादी पार्टी ने ज्योत्सना गौंड के पक्ष में पत्र जारी कर दिया था कि वह सपा की अधिकृत प्रत्याशी हैं। जिसके बाद राजेश कश्यप का नामांकन खारिज हो गया। - **प्रवेंद्र कुमार**, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी/ सिटी मजिस्ट्रेट





## आज का मुकाबला

दिल्ली कैपिटल्स बनाम मुंबई इंडियंस — दोपहर 3:30 बजे

राजस्थान रॉयल्स बनाम लखनऊ सुपर जाइंट्स — शाम 7:30 बजे

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 08 | 13 |
| युजवेंद्र चहल (राजस्थान) | 08 | 13 |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 08 | 13 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 09 | 430 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (सीएसके) | 08 | 349 |
| ऋषभ पंत (दिल्ली कैपिटल) | 09 | 342 |

# पंजाब को दिया 262 रनों का विशालकाय लक्ष्य

## कोलकाता नाइटराइडर्स के नारायण और साल्ट ने लगाए अर्धशतक, पहले विकेट के लिए 138 रनों की साझेदारी





फिल साल्ट का विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों के जश्न मनाते सैम करन। ● अमृत विचार

**कोलकाता एजेंसी**

फिल सॉल्ट (75) और सुनील नारायण (71) रनों की तूफानी अर्धशतकीय पारियों की बदौलत कोलकाता नाइट राइडर्स ने शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 42वें मैच में पंजाब किंग्स को जीत के लिए रनों 262 का लक्ष्य दिया है।

आज यहां ईडन गार्डंस में पंजाब किंग्स के कप्तान सैम करन टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी कोलकाता की फिल सॉल्ट और सुनील नारायण की सलामी जोड़ी चौके और छक्कों की बारिश करते हुए पहले विकेट के लिए 138रनों की साझेदारी की। 11वें ओवर में राहुल चाहर ने सुनील नारायण को जॉनी बेयरस्टो के हाथों कैच आउट कराकर पंजाब को पहली सफलता दिलाई। सुनील ने 32 गेंदों में नौ चौके और चार छक्के लगाते हुए 71 रन बनाये। 13वें ओवर में सैम करन ने फिल सॉल्ट को बोल्ड कर दिया। फिल सॉल्ट ने 37 गेंदों में छह चौके और छह छक्के लगाते हुए 75 रनों की पारी खेली। आंद्रे रसल 12 गेंदों में (24), कप्तान श्रेयस अय्यर 10 गेंदों में (28) और रिंकू सिंह (5) रन बनाकर आउट हुये। वेंकटेश अय्यर 23 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए 39 रन बनाये। वह आखिरी गेंद पर रनआउट हुये। रमनदीप सिंह छह रन नाबाद रहे। कोलकाता ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 261 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। पंजाब की ओर से अर्शदीप सिंह ने दो विकेट लिये। सैम करन,राहुल चाहर और हर्ष पटेल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

> खुशी है कि टीम का हर सदस्य अपनी भूमिका निभा रहा है। कोलकाता की टीम में स्टार्क की जगह चमीरा को शामिल किया गया है। स्टार्क को पिछले मैच में उंगली में चोट लग गई थी। टीम की कोशिश यही होगी कि जीत का यह मोमेंटम जारी रहे।
>
> **-श्रेयस अय्यर,** कप्तान केकेआर

**कोलकाता 261/ 6** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 13

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| फिल साल्ट बो करन | 75 | 37 | 6/6 |
| सुनील नारायण का बेयरस्टो बो चाहर | 71 | 32 | 9/4 |
| वेंकटेश अय्यर रन आउट | 39 | 23 | 3/2 |
| आंद्रे रसेल का पटेल बो अर्शदीप | 24 | 12 | 2/2 |
| श्रेयस अय्यर का रबाडा बो अर्शदीप | 28 | 10 | 1/3 |
| रिंकू सिंह का शर्मा बो पटेल | 5 | 4 | 1/0 |
| रमनदीप सिंह नाबाद | 6 | 3 | 0/1 |

**गेंदबाजी :** सैम करन 4-0-60-1, अर्शदीप सिंह 4-0-45-2, हर्षल पटेल 3-0-48-1, कागिसो रबाडा 3-0-52-0, राहुल चाहर 4-0-33-1, हरप्रीत बरार 2-0-21-0

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 8 | 7 | 1 | 14 | +0.698 |
| कोलकाता | 7 | 5 | 2 | 10 | +1.206 |
| हैदराबाद | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.577 |
| लखनऊ | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.148 |
| चेन्नई | 8 | 4 | 4 | 8 | +0.415 |
| दिल्ली | 9 | 4 | 5 | 8 | -0.386 |
| गुजरात | 9 | 4 | 5 | 8 | -0.974 |
| मुंबई | 8 | 3 | 5 | 6 | -0.227 |
| पंजाब | 8 | 2 | 6 | 4 | -0.292 |
| बेंगलुरु | 9 | 2 | 7 | 4 | -0.721 |

## खेल डायरी

### सेंथिल, आकांक्षा पीएसए टूर्नामेंटों के क्वार्टर फाइनल में

**नई दिल्ली।** शीर्ष वरीयता प्राप्त वेलावन सेंथिलकुमार ने फ्रांस के मात्तेओ कोरूगे को सीधे गेम में हराकर 12,000 डॉलर ईनामी राशि के बैच ओपन स्क्वाश पीएसए चैलेंजर टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। राष्ट्रीय चैंपियन सेंथिल कुमार ने यह मुकाबला 11-4, 11-6, 11-7 से जीता। उन्हें पहले दौर में बाय मिला था। अब उनका सामना चेक गणराज्य के याकूब सोलनिकी से होगा। वहीं राष्ट्रीय खेलों की महिला चैंपियन आकांक्षा सालुंके ने अमेरिका के स्प्रिंगफील्ड में चल रहे 20,000 डॉलर ईनामी राशि के पीएसए चैलेंजर टूर्नामेंट के अंतिम आठ में जगह बनाई। उन्होंने ग्वाटेमाला की विनिफर बोनिला को 11-8, 11-2, 11-9 से हराया। अब वह यूक्रेन की एलिना बुश्मा से खेलेगी।



### सिफत कौर ओलंपिक चयन ट्रायल में जीती

**नई दिल्ली।** सिफत कौर सामरा ने डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (3पी) में चार ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ते हुए लगातार स्पर्धाओं में जीत हासिल की। ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर भी ओएसटी में विजेता रहे में प्रवेश किया। उन्होंने पुरुषों का थ्री पी टी2 फाइनल जीता। मौजूदा एशियाई खेलों की चैंपियन, विश्व रिकॉर्ड धारी और पिछले कुछ समय से महिलाओं की थ्री पी में भारत की नंबर एक खिलाड़ी सिफत ने ओएसटी टी2 फाइनल में 465 .1 का स्कोर बनाया।

### नौकायन में नेत्रा को दूसरा ओलंपिक कोटा

**नई दिल्ली।** नेत्रा कुमानन ने शुक्रवार को फ्रांस के हेरेस में 'लास्ट चांस रेगाटा' ओलंपिक क्वालीफायर में भारत के लिए दूसरा पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल किया। तीन साल पहले तोक्यो ओलंपिक में हिस्सा ले चुकी नेत्रा ने महिलाओं की डिंघी (आईएलसीए 6) में हिस्सा लेते हुए 'एमर्जिंग नेशन्स प्रोग्राम' बैनर के अंतर्गत यह कोटा हासिल किया। नेत्रा 67 नेट अंक हासिल कर ओवरऑल लीडरबोर्ड पर पांचवें स्थान पर रहीं। हालांकि उन्होंने 'एमर्जिंग नेशन्स प्रोग्राम' के अंतर्गत नौकाचालकों में शीर्ष पर रहकर कोटा हासिल किया।



### ब्राजील की मार्टा ने फुटबॉल से संन्यास की घोषणा की



**ब्राजिलिया।** ब्राजील की महिला खिलाड़ी मार्टा विएरा डी सिल्वा ने कहा कि वह इस वर्ष के आखिर में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास ले लेंगी। मार्टा ने स्थानीय मीडिया को बताया अगर मैं ओलंपिक में जाती हूं, तो मैं हर पल का आनंद लूंगी क्योंकि चाहे मैं जाऊं या न जाऊं, यह राष्ट्रीय टीम के साथ मेरा आखिरी साल है। एक क्षण आता है जब हमें समझना होता है कि समय आ गया है। मैं इस बारे में बहुत शांत हूं क्योंकि मैं युवा खिलाड़ियों के संबंध में हमारे द्वारा किए जा रहे इस विकास को बहुत आशावाद के साथ देखती हूं। टोक्यो 2020 में, वह लगातार पांच ओलंपिक खेलों में स्कोर करने वाली पहली खिलाड़ी बनीं और वर्तमान में विश्व कप में (पुरुष और महिला) 17 के साथ सबसे अधिक गोल करने का रिकॉर्ड हैं। उन्होंने वर्ष 2004 और 2008 में रजत पदक जीता था।

### शुभंकर शर्माजापान में कट में प्रवेश से चूके

**गोटेम्बा (जापान)।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने आईएसपीएस हांडा चैंपियनशिप के दूसरे दिन दो अंडर 70 का स्कोर किया लेकिन कट में प्रवेश से चूक गए। शर्मा ने पांच ओवर 75 के साथ शुरूआत की थी। दो दौर के बाद वह तीन ओवर के स्कोर के साथ संयुक्त 138वें स्थान पर हैं। जापान के ताइहेइ सातो, जर्मनी के यानिक पॉल, स्वीडन के सेबेस्टियन सोडेरबर्ग और इंग्लैंड के सैम बेयरस्टो शीर्ष पर हैं।

### लॉस एंजिलिस में अदिति की खराब शुरुआत

**लॉस एंजिलिस।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने एलपीजीए टूर की जेएम ईगल एलए चैंपियनशिप में निराशाजनक शुरूआत की और पहले दौर में दो ओवर 73 के स्कोर के साथ वह संयुक्त 82वें स्थान पर हैं। अब कट में प्रवेश के लिए दूसरे दौर में उन्हें बेहतरीन प्रदर्शन करना होगा। ग्रेस किम ने सात अंडर 64 के स्कोर के साथ बढ़त बना ली है।

## विश्व कप : दीपिका सेमीफाइनल में, तीरंदाजों के चार पदक पक्के

**शंघाई, एजेंसी**



- भारतीय तीरंदाज चार टीम स्पर्धाओं के फाइनल में
- प्रियांश पहुंचे सेमीफाइनल में पदक की दौड़ में शामिल

मां बनने के बाद अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दीपिका कुमारी ने कोरिया की जियोन हुनयंग को हराकर तीरंदाजी विश्व कप के पहले चरण के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि कंपाउंड तीरंदाजों ने भारत का चौथा पदक पक्का कर दिया। दीपिका ने जियोन को 6.4 से हराया। अब सेमीफाइनल में उनका सामना कोरिया की ही नैम सुहियोन से होगा।

इससे पहले ज्योति सुरेखा वेन्नम और अभिषेक वर्मा की कंपाउंड मिश्रित टीम ने फाइनल में जगह बनाई। दुनिया की दूसरे नंबर की टीम ने पांच ही अंक गंवाते हुए मैक्सिको की आंद्रिया बेसेरा और लोट मैक्सिमो मेंडेज ओर्टिज को 155-151 से हराया। अब उनका सामना एस्तोनिया से होगा। ज्योति महिला कंपाउंड टीम में भी शामिल है जो बुधवार को फाइनल में पहुंच गई। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता ज्योति पदक की हैट्रिक की दौड़ में है। भारतीय तीरंदाज चार टीम स्पर्धाओं के फाइनल में पहुंच गए और कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में ज्योति तथा प्रियांश सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक की दौड़ में हैं।

## मैड्रिड ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे नडाल



**मैड्रिड।** रफेल नडाल ने अमेरिकी युवा डारविन ब्लांच को हराकर मैड्रिड ओपन टेनिस के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। इस साल एटीपी टूर पर दूसरा मैच खेल रहे नडाल ने अपने से 21 साल छोटे प्रतिद्वंद्वी पर 6-1, 6-0 से जीत दर्ज की। 14 बार के फ्रेंच ओपन चैंपियन नडाल की नजरें अगले महीने होने वाले इस ग्रैंडस्लैम में खिताबी जीत पर लगी है। पिछले साल कूल्हे का आपरेशन कराने वाले 22 साल के ग्रैंडस्लैम चैंपियन ने कहा था कि 2024 टूर पर उनका आखिरी साल होगा। अन्य मुकाबलों में फेलिक्स आगर एलियास्सिमे ने योशिहितो निशिओका को हराया। वहीं लोरेंजो सोनेगो ने रिचर्ड गास्केट तो 6-2, 7-5 से मात दी। ब्राजील के थियागो मोंटेइरो ने डुसान लाजोविच को 6-4, 6-3 से हराया और अब वह स्टेफानोस सिटसिपास से खेलेंगे।

### गत चैंपियन सबालेंका मैड्रिड ओपन के अगले दौर में

गत चैंपियन और दो बार की ऑस्ट्रेलियाई ओपन विजेता आर्यना सबालेंका ने शुक्रवार को मैड्रिड ओपन टेनिस के पहले दौर में माग्डा लिनेटे को शिकस्त दी। एलीना रिबाकिना ने लुसिया ब्रोंजेटी को मात दी जबकि अमेरिका की एशलिन क्रुजर ने इकैटरीना एलेक्सांद्रोवा को पराजित किया। इगा स्वियातेक ने वांग शियू को 6-1, 6-4 से हराया। नाओमी ओसाका ने लियुडमिला सैमसोनोवा को हराया।

## हर वो बल्ला है मेरे पास जिससे शतक जड़ा : पोंटिंग

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- रिकी बोले- मेरे घर में करीब एक हजार बल्ले हैं, वो सब यादों से जुड़ा है

दो बार के विश्व कप विजेता ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा है उन्होंने हर वो बल्ला संभालकर रखा है जिससे उन्होंने क्रिकेट में शतक जड़ा है और उस पर विरोधी टीम का नाम तथा स्कोर भी उन्होंने लिख रखा है। पोंटिंग ने युवा क्रिकेटरों को किट देने की 'डीपी वर्ल्ड बियोंड बाउंड्रीज' पहल के मौके पर यह बात कही।

क्रिकेट को 2012 में अलविदा कहने वाले पोंटिंग ने 71 अंतर्राष्ट्रीय शतक लगाए हैं जिनमें 41 टेस्ट शतक शामिल हैं। पोंटिंग ने कहा आप विश्वास करें या नहीं लेकिन मेरे घर पर मेरा पहला बल्ला भी रखा है। इस पर स्टिकर्स लगे हैं। हमारे घर में करीब एक हजार बल्ले हैं। जिस भी बल्ले से मैने अंतर्राष्ट्रीय शतक जड़ा था, वह मेरे पास है। इस पर मैने अपना स्कोर और विरोधी टीम का नाम भी लिखा है। उनकी यादगार पारियों में भारत के खिलाफ 2003 वनडे विश्व कप फाइनल में जड़े नाबाद 140 रन शामिल है।

## चौथे टी-20 में न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को हराया

**लाहौर।** न्यूजीलैंड ने चौथे टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को चार रन से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से बढ़त बना ली है। 179 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 174 रन ही बना सकी और चार रन से हार गई।

पाकिस्तान की शरुआत खराब रही और 46 रन पर अपने तीन विकेट गवां दिये थे। कप्तान बाबर आजम (5), सईम अय्यूब (20), उसामा खान (16) रन बनाकर आउट हुए। फखर जमान ने 45 गेंदों में सर्वाधिक (61) रनों की पारी खेली। इफ्तिखार अहमद (23), शादाब खान (7) रन बनाकर आउट हुए। इमाद वसीम 22 रन बनाकर और मोहम्मद आमिर एक रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान की टीम निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 174 रन ही बना सके। न्यूजीलैंड की ओर से विलियम ओ'' रूर्के ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए। बेन सियर्स ने दो विकेट झटके।

## थॉमस कप खिताब बरकरार रखने पर भारतीय पुरूष टीम की नजर

**चेंगड्डू (चीन), एजेंसी**



भारतीय पुरूष बैडमिंटन टीम शनिवार से शुरू हो रहे थॉमस कप में एकल खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन के दम पर खिताब बरकरार रखने के इरादे से उतरेगी जबकि उबेर कप में पी वी सिंधू के बिना युवा महिला टीम की नजरें भी अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ने पर लगी होंगी। दो साल पहले भारत ने पहली बार थॉमस कप जीतकर तहलका मचा दिया था। पुरूष वर्ग में यह टूर्नामेंट टीम विश्व चैंपियनशिप की तरह है।

अपेक्षाओं के दबाव के बिना भारत ने दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों को हराकर भारतीय बैडमिंटन के इतिहास का सुनहरा अध्याय लिखा। अब एक बार फिर उन पर इस प्रदर्शन को दोहराने का दबाव होगा। भारत को 'ग्रुप आफ डैथ' मिला है जिसमें कई बार की विजेता इंडोनेशिया, थाईलैंड और इंग्लैंड है। भारत को पहला मुकाबला थाईलैंड से खेलना है जिसमें मौजूदा विश्व चैंपियन कुंलावुत वितिदसर्न और युवा पी तीरारात्साकुल हैं। तीसरी वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया की टीम में जोनाथन क्रिस्टी और एंथोनी जिंटिंग जैसे सितारे हैं जो मार्च में आल इंग्लैंड फाइनल्स खेल चुके हैं। इनके अलावा मुहम्मद रियान अर्दियांतो और फजर अल्फियान की सातवीं रैंकिंग वाली जोड़ी भी टीम में है। भारत के एच एस प्रणय ने कहा यह वर्ष कठिन होगा।

## बॉलीवुड हलचल

### करण की स्पाई कॉमेडी फिल्म में काम करेंगे आयुष्मान



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना, निर्माता करण जौहर की स्पाई कॉमेडी फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि आयुष्मान खुराना ने अपनी अगली फिल्म के लिए फिल्मकार करण जौहर से हाथ मिलाया है। यह एक जासूसी कॉमेडी होगी, जिसका निर्देशन आकाश कौशिक करेंगे। चर्चा है कि करण जौहर इस फिल्म का निर्माण गुनीत मोंगा के साथ करने वाले हैं। कहा जा रहा है कि इस स्पाई कॉमेडी फिल्म के लिए अभिनेत्री को भी फाइनल कर लिया है। इस फिल्म में सारा अली खान नजर आ सकती हैं। इसी साल जून से फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी जाएगी। बताया जा रहा है कि, करण जौहर और गुनीत इस सबजेक्ट को लेकर काफी एक्साइटेड हैं, क्योंकि स्क्रिप्ट को अच्छी तरह से तैयार किया गया है।

### दीपक तिजोरी की फिल्म टिप्सी का ट्रेलर रिलीज



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता-फिल्मकार दीपक तिजोरी की आने वाली फिल्म टिप्सी का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म टिप्सी का निर्माण निर्माण राजू चड्ढा और दीपक तिजोरी ने किया है। टिप्सी का निर्देशन दीपक तिजोरी ने किया है। सना खान और अनीता शर्मा फिल्म की सह-निर्माता हैं। टिप्सी का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस ट्रेलर की शुरुआत गोवा जैसे खूबसूरत शहर से होती है। जहां पांच लड़कियों का एक ग्रुप घूमने जाता हैं, लेकिन इन लड़कियों के लिए ये गोवा का ट्रिप आफत बन जाएगा। इसके बारे में नहीं पता था। गर्लस का ये ट्रिप उन्हें जेल की हवा खाने पर मजबूर कर देता है। ट्रेलर में दीपक तिजोरी की भी दमदार एंट्री देखने को मिलती है, जो एक पुलिस अफसर के किरदार में नजर आ रहे हैं। दीपक के अलावा अलंकृता सहाय, नताशा सूरी, कैनात अरोरा, नाजिया हुसैन, सोनिया बिर्जे, हरजिंदर सिंह, मनदीप कौर संधू और दानिश भट्ट नजर आ रहे हैं।

**तैयारी जीत की** — आत्मविश्वास से ओतप्रोत है दिल्ली, राजस्थान को भारी पड़ सकती है लखनऊ की बल्लेबाजी

## दिल्ली के सामने खराब फार्म से जूझ रही मुंबई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ऋषभ पंत के शानदार फॉर्म और बेहतरीन कप्तानी से आत्मविश्वास से ओतप्रोत दिल्ली कैपिटल्स शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग में खराब फॉर्म से जूझ रही मुंबई इंडियंस से खेलेगी तो उसका लक्ष्य जीत की लय को कायम रखने का होगा। दिल्ली कैपिटल्स ने टूर्नामेंट में टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन करते हुए कई मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज की तो कई में शर्मनाक हार भी झेली। पिछले चार मैचों में से तीन जीतकर हालांकि वह अंकतालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई और मुंबई को हराने पर प्लेआफ का उसका दावा पुख्ता हो जाएगा।

दूसरी ओर खराब शुरूआत के बाद मुंबई ने अगले चार में से तीन मैच जीते लेकिन पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स से नौ विकेट से हार गई। अंकतालिका में आठवें स्थान पर काबिज मुंबई के लिए अब एक हार भी भारी पड़ सकती है। दिल्ली के लिए सबसे सकारात्मक बात कप्तान ऋषभ पंत का फॉर्म रही है जो मैच दर मैच निखरते जा रहे हैं।

वहीं, मुंबई इंडियंस ने इस सत्र में पहली जीत दिल्ली के खिलाफ ही दर्ज की थी और कप्तान हार्दिक पंड्या उसे दोहराना चाहेंगे। रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा ने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है जबकि टिम डेविड, ईशान और हार्दिक बड़ी पारियां नहीं खेल सके हैं।



### लखनऊ के खिलाफ जीत की लय कायम रखने उतरेंगे रॉयल्स

**लखनऊ।** फॉर्म में चल रही राजस्थान रॉयल्स आईपीएल के मैच में शनिवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ उतरेगी तो उसका फोकस जीत की लय कायम रखने पर होगा जबकि लखनऊ की नजरें पिछली हार का बदला चुकता करने पर लगी होंगी। पूर्व चैंपियन रॉयल्स ने इस सत्र में आठ मैचों में सात जीत दर्ज की है और उसे हराना लखनऊ के लिए टेढी खीर होगा। दूसरी ओर लखनऊ आठ मैचों में पांच जीत के साथ तालिका में चौथे स्थान पर है। रॉयल्स ने इस सत्र में बेहतरीन प्रदर्शन किया है और पिछले तीन मैच लगातार जीते हैं। रियान पराग उसकी बल्लेबाजी की रीढ़ साबित हुए हैं जो आठ मैचों में 318 रन बना चुके हैं। यशस्वी जायसवाल के फॉर्म में लौटने से रॉयल्स की बल्लेबाजी मजबूत हुई है। कप्तान संजू सैमसन भी अभी तक 314 रन बना चुके हैं जबकि वेस्टइंडीज के शिमरोन हेटमायेर भी बल्ले से आतिशबाजी करने में माहिर हैं। दूसरी ओर लखनऊ इस सत्र में रॉयल्स से 20 रन से मिली हार का बदला चुकता करना चाहेगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# एसपी ने मतदान केन्द्रों की देखी व्यवस्था

## थाना खीरी क्षेत्र में तैयारियों की समीक्षा कर दिए निर्देश, 13 मई को होगा मतदान

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


क्रिटिकल बूथ का निरीक्षण करते एसपी गणेश प्रसाद साहा। अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिले में सकुशल व शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न कराने के लिए पुलिस और प्रशासनिक अफसर कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे है। शुक्रवार को एसपी गणेश प्रसाद साहा थाना खीरी पहुंचे। उन्होंने चुनावी तैयारियों की समीक्षा कर जरूरी दिशा-निर्देश दिए। साथ ही क्षेत्र के क्रिटिकल व वल्नरेबल मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया और व्यवस्थाएं परखीं।

लोकसभा चुनाव चल रहे हैं। जिले में चौथे चरण में दो सीटों खीरी और धौरहरा सीट पर 13 मई को मतदान होगा। मतदान की तिथि ज्यों नजदीक आ रही है। पुलिस और प्रशासन की तैयारियां तेज होती जा रही हैं। मतदान के दिन कानून व्यवस्था बनाए रखने और शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न कराने के लिए कोई भी कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। एसपी गणेश प्रसाद साहा शुक्रवार को थाना खीरी पहुंचे। उन्होंने क्षेत्र के क्रिटिकल व वल्नरेबल मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। पानी, छाया, शौचालय, सुरक्षा कर्मियों की तैनाती आदि को लेकर जानकारी ली। आसपास के आने-जाने वाले मार्गों को भी देखा। उन्होंने एसओ खीरी अजीत कुमार को स्थानीय लोगों के संपर्क में रहकर समन्वय बनाये रखने के निर्देश दिए। इसके अलावा चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के लिए की जा रही पुलिस की तैयारियों की समीक्षा की। चुनाव की संवेदनशीलता को देखते हुए विशेष सतर्कता बरतने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि पूर्व के चुनावों में घटित घटनाओं की समीक्षा कर ले। इसमें कोई कोताही न बरतें। पूर्व घटनाओं में शामिल लोगों को गिरफ्तार कर कार्रवाई करें। पुलिस की मदद करने वालों की एक सूची बनाई जाए। उनसे लगातार संपर्क में रहकर सूचनाए संकलित करते रहें। सभी बूथों पर बिजली, पानी, शौचालय आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिए।

# युवक को पीटकर किया अधमरा, आरोपी भागे

लखीमपुर खीरी

- तिलक समारोह से वापस बाइक से घर आ रहा था युवक
- परिजनों ने बेहोशी की हालत में युवक को सीएचसी में कराया गया भर्ती

**अमृत विचार:** थाना निघासन क्षेत्र में तिलक समारोह में निमंत्रण कर देर रात घर वापस जा रहे एक युवक की चार युवकों ने बाइक रोक ली और उसे तब तक पीटा, जब तक वह अधमरा नहीं हो गया। आरोपी उसे मरणासन्न हालत में छोड़कर भाग निकले। सूचना पर पहुंचे परिवार वालों ने खून से लथपथ युवक को बेहोशी की हालत में सीएचसी में भर्ती कराया है।

गांव बबुरी मजरा मूड़ाबुजुर्ग निवासी मंजू देवी ने बताया कि उनका पुत्र सुनील गांव निषाद नगर में तिलक का निमंत्रण करने गया था। गुरुवार की रात करीब 11.30 बजे वह अपनी बाइक से घर वापस आ रहा था। गांव महाराज नगर के पास प्रतापगढ़ निवासी विकास, उसके भाई सुभाष, दीपक और गोलू ने सुनील की बाइक रोक ली और बेवजह गाली गलौज करने लगे। इस पर जब सुनील ने विरोध किया आरोपियों ने उसे पकड़ कर लाठी डंडों व फावड़ा के बेट से तब तक पीटा, जब तक वह अधमरा नहीं हो गया। सिर में गंभीर चोटे आने से वह बेहोश हो गया। उसे मृत समझ कर आरोपी एक तरफ खींच कर डाल दिया और भाग निकले। सूचना मिलने पर वह परिवार के अन्य लोगों के साथ मौके पर पहुंची तो देखा सुनील खून से लथपथ बेहोशी की हालत में पड़ा था। परिजन उसे आनन-फानन में लेकर सीएचसी पहुंचे और उसे भर्ती कराया। मंजू देवी ने बताया कि पुत्र सुनील के सिर व शरीर पर काफी गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित महिला ने आरोपियों के खिलाफ थाना निघासन पुलिस को तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चाकू से हमला मामले में 10 दिन बाद रिपोर्ट दर्ज

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** पिटाई कर चाकू से हमला करने के मामले में थाना खीरी पुलिस ने तीन हमलावरों के खिलाफ पुलिस ने दस दिन बाद तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस छानबीन कर रही है। थाना धौरहरा के गांव करौंहा निवासी उपदेश शंकर अवस्थी ने बताया कि वह 15 अप्रैल 24 को ओयल हॉस्पिटल से पेट दर्द की दवा लेकर अपने घर वापस जा रहे थे। ओयल हास्पिटल चौराहे पर रात करीब 10 .00 बजे शशांक मिश्रा, उमेश चन्द्र मिश्रा निवासीगण रामनगर कालोनी कोतवाली सदर व संदीप मिश्रा निवासी नबीनगर थाना लहरपुर (सीतापुर) मिल गए। तीनों ने पुरानी रंजिश के चलते उसकी बाइक रोक ली और गालियां देते हुए पिटाई करने लगे। आरोप है कि उमेश चन्द्र मिश्रा व संदीप मिश्रा ने उन्हें पकड़ लिया और शशांक मिश्रा ने अपनी जेब से चाकू निकालकर जान से मारने की नियत से हमला कर दिया, जिससे बचने के लिए जब उन्होंने अपने बाएं हाथ से चाकू को रोकने की कोशिश की तो उसकी चारों उंगलियां कट गईं। उन्होंने घटना की तहरीर पुलिस चौकी ओयल और थाना खीरी पुलिस को दी थी। पुलिस ने 10 दिन बाद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# घर के बाहर छुपे तेंदुए ने किया हमला, तीन लोग घायल

## हमले के बाद घर में घुसा, तेंदुआ देख भागे परिजन, नौ घंटे चला रेस्क्यू, ट्रेंकुलाइज कर पिंजरे में किया बंद , घायलों की हालत गंभीर

निघासन/लुधौरी


घर में बैठे तेंदुए की निगरानी करते मौके पर मौजूद वनाधिकारी।


पिंजरे में बंद किया गया तेंदुआ।


घायल सरजीत सिंह


घायल बलदेव सिंह


घायल बलविंदर सिंह

**अमृत विचार:** दुधवा नेशनल पार्क से निकलकर शुक्रवार की सुबह आबादी में पहुंचे तेंदुए ने घर के आंगन में बैठकर बातचीत कर रहे एक ही परिवार के तीन लोगों पर हमला कर दिया, जिससे तीनों लोग घायल हो गए। शोर होने पर तेंदुआ पड़ोस में टिनशेड के नीचे भरे भूसे में जाकर बैठ गया। इससे घर के सदस्यों में हड़कंप मच गया। तेंदुआ देख लोग घरों से भाग निकले। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीमों ने तेंदुए को पकड़ने के लिए मशक्कत शुरू की। करीब नौ घंटे के बाद टीम उसे पिंजरे में कैद कर सकी।

लुधौरी वन रेंज के गोविंदपुर फार्म निवासी सरजीत सिंह (32), बलविंदर सिंह (50) व बलदेव सिंह (60) अपने फार्म पर घर के आंगन में एक साथ बैठे थे। सरजीत सिंह ने बताया कि उस वक्त महिला व बच्चे आंगन में नहीं थे। सुबह करीब सात बजे अचानक छिपा बैठा तेंदुआ घर के अंदर आ गया और हमला कर तीनों लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। इससे घर में चीख पुकार मच गई। शोर शराबा सुनकर बड़ी संख्या में लोग लाठी-डंडा आदि लेकर एकत्र हो गए। ग्रामीणों के शोर करने पर तेंदुआ घर के अंदर टिनशेड में भरे भूसे में जाकर बैठ गया। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत व्याप्त हो गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना लुधौरी वन रेंज को दी और तीनों घायलों को आनन-फानन में सीएचसी निघासन पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद तीनों घायलों को डॉक्टर ने हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उधर घटना की सूचना के करीब दो घंटे बाद लुधौरी रेंज के वन क्षेत्राधिकारी गजेन्द्र सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे। काफी देर से पहुंची टीम को ग्रामीणों के आक्रोश का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों ने रेंजर और वन कर्मियों को खूब खरी खोटी सुनाई। रेंजर ने आला अफसरों को सूचना दी। इस पर एफडी ललित वर्मा, एसडीओ मनोज तिवारी, डीएफओ सर्वेश सहाय, एसडीएम अश्वनी सिंह, नायब तहसीलदार दिव्यांशु शाही, सीओ प्रवीण यादव, इंस्पेक्टर सुरेश कुमार मिश्र मझगई के वन क्षेत्राधिकारी अंकित कुमार, बेलरायां रेंजर भी मौके पर पहुंच गए। कतर्नियाघाट (बहराइच) से तेंदुए को ट्रेंकुलाइज करने के लिए डॉक्टरों की टीम व पिंजरा मंगाया गया। करीब नौ घंटे तक चली जद्दोजहद के बाद टीम उसे टेंक्लाइज कर सकी और पिंजरे में कैद किया। डीएफओ सर्वेश सहाय ने गांव वालों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग सतर्क रहें। समूह में खेतों की ओर जाएं।

### टिनशेड को जाल से घेरकर किया रेस्क्यू

**निघासन।** सुबह वन विभाग की हीलाहवाली से नाराज ग्रामीणों ने सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर भड़ास निकाली। टिन शेड को जाल बिछाकर टीमों ने पहले घेर लिया। उसके बाद उसे पकड़ने का रेस्क्यू किया गया। 20 मीटर की दूरी पर ट्रैक्टर ट्राली में पिंजड़ा रखा गया। बेहोशी का इंजेक्शन लगने के आधे घंटे बाद तेंदुआ बेसुध हो गया। दीवार में बने छेद में लाठी डालकर टीम ने पहले तेंदुआ को हिलाया। जब उसने कोई हरकत नहीं की। तब डॉक्टरों ने तेंदुए की हालत देखकर पतले पाइप से टिन शेड के भीतर पानी पहुंचाया। तब जाल को हटाकर उसे बाहर लाया गया। दक्षिण निघासन रेंज लुधौरी लेकर गए। डीएफओ सर्वेश सहाय ने बताया कि पकड़े गए तेंदुए को दुधवा नेशनल पार्क में छोड़ा जाएगा।

### गुस्साए तेंदुआ ने ट्रेंकुलाइजर गन को मुंह से दबाया

**निघासन :** चारो तरफ से घिरे तेंदुआ को काबू करने के लिए डॉक्टर की टीम ने बेहोशी का इंजेक्शन देने की कोशिश की। दीवार के एक छोटे से छेंद में ट्रेकुलाइजर गन को डालकर तेंदुए की तरफ जब एक्सपर्ट ने निशाना साधा। इसी बीच तेंदुए ने हमला बोल दिया और गन को मुंह से दबाकर अंदर की तरफ खींचने लगा। कई कर्मचारी गन को मुंह से छुड़ाने में जुटे रहे। पंजो से दीवार को खुरचते देख डॉक्टर गन छोड़ दूर खड़े हो गए। थोड़ी देर बाद तेंदुए की गुस्सा शांत हुआ तब कर्मचारियों ने ट्रैकलाइजर गन बाहर निकाली। एक घंटे बाद दोबारा ट्रेकुलाइजर गन से बेहोशी का इंजेक्शन दिया गया। तब जाकर तेंदुआ काबू में आया और उसे पकड़ने में सफलता पाई।

## सार-संक्षेप

### जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट बूथों का करें निरीक्षण: एसडीएम

**संवाददाता, पलिया कलां, अमृत विचार :** तहसील सभागार में एसडीएम कार्तिकेय सिंह की अध्यक्षता में जोनल सेक्टर मजिस्ट्रेट की एक बैठक हुई, जिसमें एसडीएम ने बूथों पर जाकर निरीक्षण करने के निर्देश दिए। साथ ही चुनाव संबंधी अन्य जानकारियां भी उन्हें दी गईं। इस दौरान तहसीलदार आरती यादव ने जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट को चुनाव से संबंधित सामग्री उपलब्ध कराने से लेकर ईवीएम मशीन को भी जांच पड़ताल करने की बात कही। बैठक में खंड विकास अधिकारी पलिया संगीता यादव, चीनी मिल संपूर्णानगर की प्रधान प्रबंधक विनीता सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### वेशभूषा प्रतियोगिता के विजेता बनी रिद्धि, वरदायिनी व स्वर्णिम


प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी। अमृत विचार

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** सनातन धर्म सरस्वती शिशु वाटिका में शुक्रवार को वेशभूषा प्रतियोगिता हुई। इसमें विद्यालय के तमाम बच्चों ने हिस्सा लिया। निर्णायक राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की शिक्षिका मुद्रिका मिश्रा एवं सोनी ने वेशभूषा का निरीक्षण कर नर्सरी की सिद्धि गुप्ता को प्रथम, नव्या रस्तोगी को द्वितीय एवं आस्था को तृतीय और सांत्वना पुरस्कार के लिए प्रज्ञान सक्सेना का चयन किया। वहीं एलकेजी में प्रथम वरदायिनी अग्निहोत्री, द्वितीय कुनाल सिंह व तृतीय सानवी और सांत्वना पुरस्कार के विजेता अथर्व शुक्ला व दिव्यांशी रहीं। यूकेजी में स्वर्णिम बाजपेई प्रथम, जयंत श्रीवास्तव द्वितीय, शानवी रस्तोगी तृतीय और अस्मिता सक्सेना सांत्वना पुरस्कार विजेता चुनी गई। मुख्य अतिथि ने विजेता प्रतिभागियों को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। संचालन रजनी कपूर ने किया।

### एक सप्ताह से चल रहा वकीलों का विरोध प्रदर्शन जारी

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** एसडीएम की कार्यप्रणाली से असंतुष्ट सेंट्रल बार एसोसिएशन के वकीलों का विरोध प्रदर्शन आठवें दिन भी जारी रहा। वकीलों ने तहसील में भ्रमण कर एसडीएम के खिलाफ नारेबाजी की है। सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश कुमार वर्मा, महामंत्री राकेश कुमार त्रिपाठी के नेतृतत्व में बार कार्यालय पर हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि एसडीएम रत्नाकर मिश्र जनहित के कार्यों को निपटाने के बजाए अपने कार्यालय में तहसीलदार, नायब तहसीलदार के साथ बैठकर बाते करते हैं, जिससे आम जनता, वादकारी और वकील परेशान होते रहते हैं। एसडीएम की अनदेखी से तहसील में भ्रष्टाचार बढ़ता जा रहा है। वकीलों ने 19 अप्रैल से हड़ताल कर विरोध प्रदर्शन शुरू किया था। एक सप्ताह बीत जाने पर भी उनकी समस्याओं का निदान नहीं हो सका है। विरोध प्रदर्शन में नरेंद्र शुक्ला, आदर्श वर्मा, सत्यनारायन पांडे, अनवारुल हक, लालबिहारी वर्मा, आदर्श शुक्ला, विजयपाल वर्मा, सादाब आलम, खलील अहमद, इसराज खां, तेजराम, मनोज श्रीवास्तव, मिराजुल हक, रामकिशोर वर्मा सहित तमाम वकील शामिल रहे।

### बदमाशों ने नेशनल हाईवे पर महिला से की लूटपाट

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** पीलीभीत-बस्ती नेशनल हाईवे पर गुरुवार की रात बदमाशों ने एक महिला को रोक लिया और नगदी-जेवर लूटकर भाग निकले। महिला बहराइच से एक शादी समारोह में शामिल होने आई थी। पीड़ित महिला ने पुलिस को तहरीर दी है, लेकिन पुलिस जांच की बात कहकर रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। बहराइच जिले की थाना मोतीपुर के जालिम नगर निवासी अरुण कुमार की पत्नी सुमन देवी गुरुवार की देर शाम सदर कोतवाली के गांव पनगी खुर्द में एक वैवाहिक समारोह में शामिल होने आई थी। पीलीभीत-बस्ती नेशनल हाईवे पर सदर कोतवाली की रामापुर पुलिस चौकी क्षेत्र में रवहीं पुल और पनगी खुर्द निकट बदमाशों ने उसे रोक लिया और तीन हजार रुपये की नगदी व जेवर लूटकर भाग निकले। सूचना पर पहुंचे रामापुर चौकी इंचार्ज दिनेश कुमार पांडेय ने पीड़ित महिला से घटना की जानकारी ली। पीड़ित महिला ने अज्ञात तीन बदमाशों के खिलाफ चौकी पुलिस को तहरीर दी है, लेकिन पुलिस ने जांच की बात कहते हुए फिलहाल रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। चौकी इंचार्ज दिनेश कुमार पांडेय ने बताया कि घटनास्थल थाना खीरी की नकहा पुलिस चौकी क्षेत्र का है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### बाइक फिसलने से चालक घायल, हालत गंभीर

**संवाददाता, पलिया कलां, अमृत विचार :** पलिया थाना क्षेत्र के गांव विष्णुपुर निवासी कन्हैया लाल पुत्र मंसाराम अपने किसी रिश्तेदार के घर बाइक से ग्राम पंचायत बिजौरिया के मजरा राजा टॉपर गया हुआ था। जहां से वापस आते समय रास्ते में उसकी बाइक फिसल गई और वह दूर तक घिसटता चला गया। इससे वह गंभीर घायल हो गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना 108 एंबुलेंस को दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस उसे लेकर सीएचसी पहुंची और भर्ती कराया, जहां से हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# निजी स्कूलों में प्रवेश तो राष्ट्रीय आय एवं योग्यता छात्रवृत्ति नहीं

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- घोषित परीक्षा परिणाम में निर्धारित 318 सीटों पर शत प्रतिशत छात्र चयनित

| साल | सीटें | आवेदन | चयनित छात्र |
|---|---|---|---|
| 2023 | 318 | 3116 | 315 |
| 2024 | 318 | 3039 | 318 |

**अमृत विचार:** प्रतिभा किसी संसाधन की मोहताज नही होती है और न ही इसमें गरीबी आड़े आती है। इस लाइन को चरितार्थ किया है राजकीय एवं सहायता प्राप्त स्कूलों में पढ़ने वाले होनहारों ने। छात्रों ने न सिर्फ राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा उत्तीर्ण कर अपनी मेधा प्रदर्शित की है, बल्कि इंटर तक की पढ़ाई पर होने वाले खर्च का भी इंतजाम किया है। हालांकि छात्रवृत्ति का लाभ सरकारी स्कूल से हाईस्कूल और इंटर करने वाले छात्रों को ही मिलेगा।

डीआईओएस कार्यालय के अभय अग्निहोत्री ने बताया कि राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा का रिजल्ट बृहस्पतिवार को जारी हुआ। इसके लिए जिले को 318 सीटें आवंटित थी, जिस पर इस बार शत प्रतिशत बच्चा का चयन हुआ है। चयनित छात्रों ने अपने माता पिता के साथ विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा सिर्फ गरीब मेधावियों के लिए होती है। इसमें राजकीय एवं सहायता प्राप्त विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र छात्राएं ही आवेदन कर सकते हैं। मेधावियों को कक्षा नौ से इंटर तक हर माह एक हजार रुपये की छात्रवृत्ति मिलेगी, जिससे छात्र छात्राएं अपनी पढ़ाई का खर्चे स्वयं उठा सकेगें।

### सरकारी स्कूलों में पढ़ने पर ही मिलेगी छात्रवृत्ति

अभय अग्निहोत्री ने बताया कि राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना में सिर्फ सरकारी स्कूलों के छात्र ही आवेदन कर सकते हैं। इसमें उत्तीर्ण होने वाले मेधावियों को इंटरमीडिएट तक चार साल हर माह एक हजार रुपये यानी साल में 12 हजार रुपये की छात्रवृत्ति मिलती है। मगर, यह तभी मिलेगी जब छात्र राजकीय एवं सहायता प्राप्त विद्यालय से ही कक्षा नौ से लेकर इंटर तक की पढ़ाई करेगा। निजी स्कूल में प्रवेश लेने पर छात्रवृत्ति का लाभ मिलना बंद हो जाएगा।

# तेज रफ्तार बाइक सहित नहर में गिरा युवक, मौत

संवाददाता, मूड़ा सवारान


घटनास्थल पर लगी भीड़। (इनसेट में अजय कुमार की फाइल फोटो)

**अमृत विचारः** गुरुवार की रात विवाह समारोह में शामिल होकर देर रात घर लौट रहे युवक की बाइक असंतुलित होकर बड़ी नहर में गिरने से उसकी मौत हो गई, जिसका शव शुक्रवार सुबह नहर से बरामद हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव सीलकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

कोतवाली गोला के अंतर्गत मूड़ा सवारान में एक युवक का शव शुक्रवार सुबह नहर में दिखाई दिया। नहर में शव देखकर लोगो में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते नहर में शव मिलने की सूचना पूरे क्षेत्र में आग की तरफ फैल गई और देखने वालो का तांता लग गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकलवाया और बाइक के कागज व आधार कार्ड से मृतक युवक की पहचान हुई। परिवार वालों को सूचना मिलने पर जब वह पहुंचे तो उन्होंने बताया कि अजय कुमार (28) पुत्र सुरेश कश्यप निवासी तहसील पलिया के निरालानगर निवासी मूड़ा सवारान क्षेत्र के गांव तिनावा में हरिश्चंद्र कश्यप के यहां विवाह समारोह में शामिल होने आया था। वहां से रात्रि दो बजे वापस अपने घर पलिया बाइक से अकेले जा रहा था।

नहर के रास्ते वापस घर जाते समय मूड़ा सवारान के पास मोड पर बाइक अनियंत्रित होकर आठ फुट गहरी नहर में जा गिरी जिससे उसकी नहर में डूबकर मौत हो गई। पुलिस चौकी मूड़ा सवारान प्रभारी हेमंत कटियार एवं अलीगंज चौकी प्रभारी दिनेश पाठक ने शव को नहर से निकलवा कर सीलकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। पुलिस का अनुमान है कि युवक मोड पर बाइक से संतुलन खो बैठा और सीधे नहर में जा गिरा, जिससे उसकी मौत हो गई है।

> सूचना मिलने पर जब पहुंचे थे तो शव बाइक के नीचे ही दबा हुआ था। परिजनों को सूचित कर, शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा।
>
> -हेमन्त कटियार, प्रभारी पुलिस चौकी मूड़ा सवारान।

### किशोरी के चेहरे पर मनचले ने लिख दिया अपना नाम, रिपोर्ट दर्ज

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना धौरहरा क्षेत्र में एक 16 वर्षीय किशोरी से बर्बरता करने और छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। किशोरी की मां का आरोप है कि आरोपी ने उसकी बेटी की चेहरे पर लोहे की पतली छड़ से अपना नाम लिख दिया। छेड़छाड़ की। एएसपी के आदेश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। किशोरी की मां ने बताया कि घटना 19 अप्रैल की सुबह करीब 11 :30 बजे की है। उसकी बेटी परचून की दुकान पर सामान लेने गई थी। जब वह वापस आ रही थी। तभी रास्ते में गांव के ही एक युवक ने उसको उठा लिया और अपने घर में तीन दिन बंद करके बेटी को शारीरिक यातनाएं दीं। बेटी जब घर नहीं पहुंची तो वह उसकी तलाश कर रहीं थी। तीसरे दिन शाम को किसी तरह से चंगुल से छूटी पुत्री घर पहुंची। उसकी मां का कहना है कि जब उन्होंने बेटी से पूछताछ की तो उसने घटना की जानकारी दी और बताया कि उसके चेहरे पर लाइटर से लोहे की पतली छड़ गर्म कर आरोपी ने अपना नाम लिख दिया है। इसपर परिजन पीड़ित किशोरी को लेकर थाना धौरहरा पहुंचे और आरापियों के खिलाफ नामजद तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। शुक्रवार को पीड़िता परिवार वालों के साथ एएसपी से मिली और पूरी बात बताईष एएसपी पूर्वी पवन कुमार गौतम के आदेश पर पुलिस ने आरोपी गांव के ही गुड्डू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि पाक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है।

**आयोजन** चैती मेले के सांस्कृतिक मंच पर हुए खाटू श्याम के भजन

# सजा दो घर को गुलशन सा मेरे सरकार आये हैं...

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ


सांस्कृतिक मंच पर दीप प्रज्वलित करते अतिथि।


गीत गाते श्याम प्रेमी कलाकार। अमृत विचार

**अमृत विचारः** छोटी काशी में ऐतिहासिक चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर खाटू श्याम का भव्य दरबार सजाकर कलाकारों राम श्याम ने संगीतमयी वाद्य यंत्रों पर कीर्तन कर दर्शकों को भक्ति रस में सराबोर कर दिया।

चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर खाटू श्याम जी के संकीर्तन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी सत्यप्रकाश अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि सेवादार सुखविंदर सिंह टोनी, श्याम दीवाने सेवा समिति के अध्यक्ष दीपक राजपूत, आर्य समाज प्रतिनिधि सभा प्रांत पदाधिकारी श्रवण माहेश्वरी, कार्यक्रम अध्यक्ष श्री गुरुद्वारा समिति के प्रधान ज्ञानी गुरमुख सिंह और नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू ने दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। बरेली के भजन गायक राम श्याम बन्धु ने बाबा तेरी फुल कृपा है, दे दो दरश सांवरे से शुरुआत की। इसके अलावा उन्होंने हम श्याम के दीवाने तू खाटू, हम हैं दीवाने तेरे नाम के। क्यो घबराऊं मै मैरा तो श्याम से नाता है। काली कमली बाला मेरा यार है। सारी दुनिया है दीवानी राधा रानी आपकी। सखि सपने में एक अनोखी बात हो गई। सजा दो घर को गुलशन सा मेरे सरकार आये हैं गाकर ऐसा रंग जमाया कि दर्शक दीर्घा में बैठे दर्शक देर रात तक भक्ति रस में झूमते रहे। संचालन करते हुए मेला प्रभारी मोहित गिरि ने आए हुए अतिथियों का आभार जताया। इस दौरान व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष अरुण अवस्थी, नगर अध्यक्ष विनोद मिश्रा, विजय मिश्रा, संजीव गुप्ता, आदर्श सोनी, श्री श्याम दिवाने सेवा समिति के संरक्षक अनिल जलोटा, महामंत्री अजय गुप्ता, मयंक माहेश्वरी, देवेश राठौर, सभासद इजरान अहमद अंसारी, धर्मेंद्र कुमार बाल्मीकि, धर्मेंद्र कुमार तिवारी, सौरभ तिवारी, शाहिद अंसारी, शब्बन खां, हरिओम वर्मा, रियाजुद्दीन, रज्जन खान, सुरेन्द्र वर्मा, अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

### चैती मेला में आज

छोटी काशी के ऐतिहासिक चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर संजोली पांडेय और उनके कलाकारों का भोजपुरी कार्यक्रम रात्रि आठ बजे से।

# बच्चों ने झूलों का लिया खूब आनंद

- शिक्षकों के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं ने किया भ्रमण।

संवाददाता, पलिया कलां।


पूल पार्टी में शामिल होने आए विवेकानंद एकेडमी भीरा के बच्चे।

**अमृत विचारः** विवेकानंद एकेडमी भीरा की छोटी कक्षाओं के तमाम विद्यार्थी पूल पार्टी के लिए शुक्रवार को पलिया के एक फार्म पर आये। विद्यार्थियों ने अपने कक्षाध्यापकों के साथ पहुंच कर स्लाईड, शीशा, स्प्रिंग राइडर आदि झूलों और बोटिंग आदि का घंटों खूब आनंद लिया। इसके साथ ही मनपसंद स्वादिष्ट चीजें भी खाईं।

पूल पार्टी में मौज- मस्ती की। इसमें घर से पहली बार बाहर निकले कई बच्चे शिक्षकों के साथ काफी खुश नजर आए। विद्यालय के प्रबंधक अमनदीप सिंह, प्रधानाचार्य जयप्रीत कौर व उप-प्रधानाचार्य कुलदीप सिंह ने सभी बच्चों को पूल पार्टी में भेजने से पूर्व शुभ कामनाएं दीं। वहीं वापस आने पर उनके टूर के बारे में हाल-चाल भी जाना।

# भीषण गर्मी में सूखे पड़े अमृत सरोवर, पशु पक्षियों का सूख रहा हलक

## प्रत्येक ग्राम पंचायत में होना है अमृत सरोवर का निर्माण

## जिम्मेदार 306 सरोवरों का निर्माण पूरा होने का कर रहे दावा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** गर्मी के दिनों में पशु पक्षियों की प्यास बुझाने से लेकर जल संरक्षण के लिए हर ग्राम पंचायत में अमृत सरोवर बनने हैं। मगर, अब तक गिनती के ही अमृत सरोवर बनकर तैयार हैं। मगर, इनमें से अधिकतर में धूल उड़ रही है, तो कुछ में गांव के बच्चे क्रिकेट खेल रहे हैं। इससे चिलचिलाती धूप में प्यास से व्याकुल पशु पक्षियों को प्यास बुझाने के लिए पानी तक नसीब नहीं हो रहा है।

गांवों में अमृत सरोवर तैयार कराने के पीछे मोदी सरकार की मंशा इनमें बारिश की बूंदों को सहेजने के साथ भूगर्भ जलस्तर बढ़ाने की थी। साथ ही गर्मी के दिनों में पशु पक्षियों की खातिर पीने के पानी का इंतजाम करना था। मगर, जिम्मेदारों की लापरवाही की वजह से तमाम अमृत सरोवर तालाब ऐसे हैं, जिनकी तलहटी सूखी और उनमें धूल के गुबार उड़ रहे हैं। अधूरे सरोवरों से न तो जल संरक्षण का उद्देश्य पूरा हो पा रहा है और न ही पशु पक्षियों से लेकर ग्रामीणों के मवेशियों की प्यास बुझ पा रही है। ऐसे में जिले में अमृत सरोवर योजना दम तोड़ती जा रही है। सरोवरों में पानी के अभाव में पशु-पक्षियों के हलक सूख रहे हैं।

### पारा 40 पार, फिर भी पानी भरवाने की नहीं ले रहे सुधि

इस समय गर्मी सितम ढ़ा रही है। पारा 40 के पार हो गया है। गर्म हवाओं के थपेड़े तन झुलसा रहे हैं। ऐसे में थोड़ी थोड़ी देर बाद हलक सूख रहा है। हालांकि लोग तो किसी तरह अपनी प्यास बुझा ही लेते हैं। मगर, तालाबों में पानी न होने से सबसे ज्यादा हालात पशु पक्षियों की खराब है, क्योंकि पालतू जानवरों को तो पानी मिल जाता है, लेकिन लावारिश पशुओं से लेकर पक्षी प्यास बुझाने के लिए भटकने के लिए मजबूर हैं।

### जिम्मेदार का तर्क, भूगर्भ जल होगा खर्च

अमृत सरोवरों में पानी भरवाने के मामले में डीसी मनरेगा विपिन कुमार चौधरी का कहना है कि पानी भरवाने का काम जिला पंचायत राज अधिकारी है। मगर, सूखे सरोवरों और तालाबों में पानी भरवाने से भूगर्भ जल काफी खर्च होगा। इसलिए इनको भरवाना संभव नहीं है।

### जिले में पशु पक्षियों के पीने के पानी की नहीं है किल्लत

जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्यशील सिंह ने बताया कि अमृत सरोवर का उद्देश्य जल संरक्षण का है। न कि भूगर्भ जल से इन्हें भरवाने का। तराई एरिया होने के कारण जिले में पशु पक्षियों से लेकर जानवरों के लिए पीने के पानी की कोई किल्लत नहीं है।

### सूखा पड़ा अमृत सरोवर



सदर ब्लॉक की ग्राम पंचायत रूकुंदीपुर के गांव टिकौली में अमृत सरोवर की हालत बेहद दयनीय है। जीर्ण शीर्ण अवस्था में अमृत सरोवर कई माह से सूखा पड़ा है। गोला हाइवे पर बने इस सरोवर की यह स्थित तब है जब आए दिन जिले से लेकर मंडल तक के आला अफसरों का इसी रास्ते आना जाना रहता है। सूखा होने के कारण सरोवर में झाड़ झंखाड़ तक उग आयी है।

### सरोवर बना क्रिकेट मैदान



**रजागंज:** बेहजम ब्लॉक की ग्राम पंचायत खजुहा में अब तक अमृत सरोवर नहीं बना है और न ही इसमें पानी ही है। ऐसे में इस चयनित तालाब को गांव के बच्चों ने मैदान बनाकर क्रिकेट खेलना शुरू कर दिया है। इससे गांव के मवेशियों से लेकर पशु पक्षियों को प्यास बुझाने के लिए पानी न मिलने से उनके जीवन पर संकट मंडराने लगा है।

### बारिश के बाद सूखा ही रहता है सरोवर



बांकेगंज ब्लॉक की ग्राम पंचायत सिसनौर का अमृत सरोवर भी सूखा पड़ा है। ऐसे में गांव के मवेशियों से लेकर पशु पक्षियों को पीने के लिए पानी तक मिलना मुश्किल है। प्रधान मनीष वर्मा ने बताया कि बरसात में इसमें पानी भर जाता है और दो माह बाद सूख जाता है। फिर यह साल भर सूखा ही रहता है।

### हाईवे किनारे का भी तालाब सूखा



लखीमपुर गोला मार्ग के रजागंज कस्बे की पंजाब नेशनल बैंक सामने तालाब है, इस भीषण गर्मी में भी सूखा पड़ा है। इससे मवेशियों से लेकर पशु पक्षियों और जंगली जानवरों का प्यास बुझाने के लिए इधर उधर भटकना पड़ता है। मगर, जिम्मेदार इसमें पानी भरवाने की सुध नहीं ले रहे हैं।

## सार-संक्षेप

### प्रेक्षकों ने देखा स्ट्रांग रूम, जिम्मेदारों को दिए निर्देश

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** खीरी लोकसभा के लिए नामित सामान्य प्रेक्षक आरसीतालक्ष्मी एवं 29 धौरहरा लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक श्रीधर चेरुकुरी ने शुक्रवार को संयुक्त रूप से डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीडीओ अनिल कुमार सिंह के साथ पोलिंग पार्टियों की रवानगी, इनके लिए वाहनों की पार्किंग एवं इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों को सुरक्षित रखने के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूम के लिए चयनित राजापुर मंडी का निरीक्षण किया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि जिले की आठ विधानसभाओं के लिए स्ट्रांग रूम और मतगणना कक्ष बनाए गए हैं। शुक्रवार को प्रेक्षकों ने मतदान को लेकर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही आयोग की गाइडलाइन का नियमत: पालन करने के निर्देश देकर पोलिंग पार्टियों की रवानगी से लेकर मतगणना कार्य व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। प्रेक्षकों ने मतदान एवं मतगणना से संबंधित समस्त कार्य समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। एडीएम संजय कुमार सिंह, एएसपी पवन गौतम, अवर अभियंता प्रदीप त्रिवेदी, मंडी सचिव सुधांशु शेखर आदि मौजूद रहे।

### स्लोगन लिखकर मतदान के लिए किया जागरूक



कॉलेज में स्लोगन लिखकर जागरूक करते विद्यार्थी।

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** पब्लिक इंटर कॉलेज में ईएलसी क्लब प्रभारी पुष्पेंद्र कुमार मिश्रा के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विद्यार्थियों ने स्लोगन, रंगोली, चित्रकला प्रतियोगिता कराकर मतदान के लिए जागरूक किया। छात्राओं ने लोकगीत के माध्यम से मतदान करने के लिए भी प्रेरित किया। प्रधानाचार्य बाबूराम सागर ने मतदान के महत्व को बताते हुए विद्यार्थियों से कहा कि मतदान द्वारा सही सरकार का चुनाव किया जाता है, यह बहुत महत्वपूर्ण कार्य है। मतदान करना हमारा आवश्यक कर्तव्य है। प्रवक्ता विश्वमोहन जीत ने छात्र एवं छात्राओं को मतदान करने की शपथ दिलाई। दिनेश कुमार राज, रमेशचंद्र, दिनेश तिवारी, मनोज तिवारी सहित तमाम अध्यापक मौजूद रहे।

### पुलिस अब देगी मतदाता जागरूकता संदेश

**संवाददाता, भीरा, अमृत विचार :** थाना भीरा पुलिस अब मतदाता जागरुकता कार्यक्रम चलाकर लोगों को वोट डालने के लिए प्रेरित करेगी। एसओ पंकज त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस टीम शांति व्यवस्था का संदेश देने के साथ-साथ क्षेत्र के मतदाताओं को भी जागरूक करेगी। इसी क्रम में इलेक्शन आइकॉन एसपी सिंह को बुलाकर प्लान तैयार किया। उन्होंने बताया कि भीरा थाना क्षेत्र में कुल 55 गांव व 130 मजरे आते हैं। इसके अलावा एक नगर पंचायत है। सभी पुलिस कर्मियों को क्षेत्रवार जिम्मेदारियां दी गई हैं। पुलिस हर एक व्यक्ति को 13 मई को घर से निकलकर मतदान करने की अपील करेगी। मतदान करना मातृभूमि की सेवा करने जैसा है और हमारा अधिकार ही नहीं कर्तव्य भी है।

# खीरी सीट पर एक तो धौरहरा में तीन पर्चे खारिज, 24 प्रत्याशी बचे

## लोकसभा चुनाव : खीरी में 11 और धौरहरा में 13 नामांकन वैध

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** खीरी लोकसभा क्षेत्र के लिए दाखिल किए गए 12 और धौरहरा क्षेत्र से 16 नामांकन पत्रों की शुक्रवार को जांच की गई, जिसमें क्रमशः एक और तीन पर्चे खारिज हो गए। पर्चे खारिज होने के पीछे नामांकन दाखिल करने वाले उम्मीदवारों के प्रपत्रों में खामियां थीं। खामियों को निर्धारित समय में दुरुस्त न कर पाने पार पर्चे खारिज कर दिए गए।

खीरी और धौरहरा लोकसभा सीट पर 25 अप्रैल को नामांकन की प्रक्रिया पूरी हुई थी। खीरी सीट पर 12 प्रत्याशियों ने, जबकि धौरहरा सीट पर 16 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किए गए थे। शुक्रवार को सुबह दस बजे से जांच प्रक्रिया शुरू हुई। खीरी सीट पर जांच में एक पर्चा खारिज किया गया। रिटर्निंग ऑफीसर के अनुसार, खीरी सीट से नर नारी रक्षक पार्टी के विजय पाल के शपथ पत्र में खामियां थीं। इस तरह यहां 11 नामांकन पत्रों को वैध घोषित कर दिया गया। उधर, धौरहरा से उप्र रिपब्लिकन पार्टी के भगौती प्रसाद, अखिल राष्ट्रवादी पार्टी के नरेंद्र कुमार और नर नारी रक्षक पार्टी के ब्रजलाल के भी पर्चे खामियों के चलते खारिज कर दिए गए। पर्चों की जांच के बाद अब 29 अप्रैल को नाम वापसी का समय निर्धारित है।



प्रत्याशी के सामने नामांकन पत्र की जांच करते निर्वाचन अधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह।

> धौरहरा में जिन तीन प्रत्याशियों के पर्चे खारिज हुए हैं उनके प्रपत्रों में खामियां थी। एक प्रत्याशी के शपथ पत्र में अपराधिक विवरण का कॉलम खाली था। जबकि एक के शपथ पत्र के अंतिम पृष्ठ पर नोटरी करने वाले के हस्ताक्षर ही नहीं थे। हालांकि इनलोगों को नोटिस जारी की गई थी। मगर, उसका इन लोगों ने संज्ञान नहीं लिया।
>
> **राजेश कुमार, सहायक रिटर्निंग ऑफीसर/एसडीएम धौरहरा।**

### खीरी से वैध नामांकन

| | |
|---|---|
| 1- अजय कुमार | भाजपा |
| 2- उत्कर्ष वर्मा | सपा |
| 3- अंशय कालरा | बसपा |
| 4- ओमनाथ | राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी |
| 5- खंजन | राष्ट्रीय आजाद पार्टी |
| 6- दरबारी उर्फ दरबारी लाल चौहान | जनता क्रांति पार्टी |
| 7- कु. पंचशीला आनंद | उप्र रिपब्लिकन पार्टी |
| 8- मुकेश कुमार | राष्ट्रीय विकल्प पार्टी |
| 9- संध्या जायसवाल | परिवर्तन समाज पार्टी |
| 10- नरेश सिंह भदौरिया | निर्दलीय |
| 11- सतेंद्र कुमार मौर्य | निर्दलीय |

### धौरहरा से वैध नामांकन

| | |
|---|---|
| 1- आनंद भदौरिया | सपा |
| 2- रेखा वर्मा | भाजपा |
| 3- श्याम किशोर अवस्थी | बसपा |
| 4- आशुतोष पाठक | आम जनता पार्टी (इंडिया) |
| 5- काशिम अली | पीस पार्टी |
| 6- जनार्दन प्रसाद | कम्युनिष्ट पार्टी ऑफ इंडिया |
| 7- राजेश कुमार | पॉलिटिकल जस्टिस पार्टी |
| 8- सकसेन | सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी |
| 9- सुदेश कुमार | लोकजन संघर्ष पार्टी |
| 10- नर सिंह | निर्दलीय |
| 11- राम नरेश | निर्दलीय |
| 12- विजय कुमार तिवारी | निर्दलीय |
| 13- समरेंद्र कुमार | निर्दलीय |

# डांगा में लगी आग से 24 घर जलकर खाक

- फायर ब्रिग्रेड की तीन गाड़ियों ने आग पर पाया काबू
- मची अफरा-तफरी, गृहस्थी जलती देख रो-पड़े पीड़ित

संवाददाता, सिंगाही

**अमृत विचार:** कोतवाली तिकुनियां के गांव डांगा में शुक्रवार को भीषण आग लग गई। इससे 24 घर जलकर राख के ढेर में बदल गए। आग देखकर गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे एसएसबी जवानों और दमकल की तीन गाड़ियों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। इस अग्निकांड में घरों में रखा सारा सामान भी जलकर नष्ट हो गया।

ग्रामीण बताते हैं कि दुधवा नेशनल पार्क के बफर जोन जंगल में आग धधक रही थी। तेज हवाएं चलने के कारण आग खेतों से होते हुए गांव तक पहुंच गई। ग्रामीण जब तक आग बुझाते। तब तक हवा तेज चलने के कारण आग ने विकराल रूप ले लिया। देखते ही देखते आग की भीषण लपटे उठने लगीं। अग्निपीड़ितों घरों से कोई सामान नहीं निकाल पाए। लपटों के सामने बेबस पीड़ित आंखों के सामने गृहस्थी और खून पसीने से बनाए गए आशियाने को जलते देखते रहे। आग लगने की खबर पर एसएसबी रघुनगर व डांगा चौकी के जवान भी मौके पर पहुंच गए। फायर बिग्रेड की तीन गाड़ियों के साथ पुलिस भी मौके पर पहुंची। फायर बिग्रेड के कर्मचारियों ने एसएसबी जवानों और ग्रामीणों के सहयोग से कड़ी मशक्कत कर काबू पाया। आग से अल्ताफ रजा, रियाज, मेहदी हसन, असलम, बुनियाद तजम्मुल, राकेश विश्वकर्मा, मनोज कुमार सहित लगभग 24 लोगों के घर जल गए। उनमें रखा अनाज, कपड़ा आदि सामान भी जलकर नष्ट हो गया।

एसडीएम अश्वनी कुमार, तहसीलदार भीमचंद, एसएसबी कंपनी कमांडर रघु नगर संजय कुमार व डांगा कमांडर रौनक त्यागी, कोतवाल मनोज कुमार चौकी इंचार्ज अभिषेक कुमार आदि ने पीड़ितों को ढांढस बंधाया और सरकारी सहायता शीघ्र उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
## क्लासीफाइड

### सूचना
सूचित हो कि मेरे पुत्र अंशु सविता का जन्म दिनांक 26.04.2008 को घर पर हुआ है। मेरी पत्नी का नाम साधना देवी है। मेरे पुत्र अंशू सविता को जन्मतिथि का पंजीयन नगर पालिका फतेहपुर की जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जाना है। अत: मेरे पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जाये। **अखिलेश कुमार पुत्र राम नि0- मोहल्ला- देवीगंज शहर फतेहपुर पर0 तह0 व जिला फतेहपुर।**

### सूचना
पहले मेरा नाम SUFIYAN था अब मैने बदलकर अपना नाम MOHAMMAD SUFIYAN रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **S/O: AHMAD RASOOL VILL- AKBAR NAGAR NAWABGANJ, BARABANKI**

### सूचना
सूचित हो कि कुछ अभिलेखों में मेरा नाम Sanjulata दर्ज है। जबकि कुछ अभिलेखों में मेरा नाम Sanjulata Srivastava दर्ज है। उपरोक्त दोनों नाम Sanjulata एवं Sanjulata Srivastava दोनों एक ही व्यक्ति अर्थात् मेरे ही हैं। भविष्य में मुझे Sanjulata Srivastava के नाम से जाना व पहचाना जाये। **Sanjulata Srivastava W/o Abhay Prakash R/o- 170, Sector E Chandralok Colony, Aliganj, Lucknow.**

### सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पुत्र मोहम्मद शानू व बहू शरीफुन को उसके गलत कृत्यों से परेशान व छुब्ध होकर अपनी व अपने पूर्वजों की चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं और भविष्य में उनके द्वारा किए गए कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मुझे वह मेरे अन्य परिवार वालों से कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। **मोहम्मद रफी पुत्र मोहम्मद सफी निवासी ग्राम जालामऊ सहिजना रहीमाबाद मलिहाबाद लखनऊ।**

### सूचना
सूचित हो कि मैं **अरुण कुमार राय पुत्र स्व. ओम प्रकाश राय, निवासी- ग्राम अमिलिया कला, पो0-रामनगर जिला-सुल्तानपुर** अपने पुत्र आदित्य राय को अपने संरक्षण में ले रहा हूँ। उसकी अब किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी उसके बड़े पापा संतोष कुमार राय एवं टिंकल राय की नहीं होगी।

### सूचना
सूचित हो कि मेरा सही नाम बिंदु यादव है, जबकि बेटे निकेतन पुत्र यशवंत कुमार की टीसी में मेरा नाम बिंदु देवी लिखा है, जो गलत है। अत: पुत्र के शैक्षिक अभिलेख में मेरा नाम बिंदु यादव अंकित किया जाय। **-बिंदु यादव पत्नी यशवन्त कुमार निवासी-ग्राम हिसामुद्दीनपुर पिपरा, 307 आलापुर, जिला- अम्बेडकरनगर**

# कारागार मंत्री के सामने खुली बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं की पोल

- ब्लड प्रेशर चेक कराने पहुंचे मंत्री को खराब मिली मशीन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** केंद्र और प्रदेश सरकार सरकारी अस्पतालों में उम्दा स्वास्थ्य सुविधाओं के दावे कर रही है, जिसकी कलई बृहस्पतिवार को सूबे के कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही के सामने खुलकर सामने आ गई। ब्लड प्रेशर मशीन खराब होने पर कारागार मंत्री नाराज होकर वापस चले गए।

हुआ यूं कि प्रदेश के कारागार राज्य मंत्री और हरगांव विधायक सुरेश राही बृहस्पतिवार को लखीमपुर में आयोजित एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। बताते हैं कि वापसी के दौरान ब्लड प्रेशर की दिक्कत होने पर सीएमओ को फोन कर वह जिला अस्पताल पहुंचे। बताते हैं कि इमरजेंसी में बेहतर तरीके से आवभगत न होने पर उनका मूड ऑफ हो गया। हालांकि इस दौरान इमरजेंसी ओपीडी में मौजूद स्टाफ ने सीएमएस कार्यालय खुलवाकर उन्हें बैठाया। ब्लड प्रेशर की दिक्कत बताने पर इमरजेंसी से बीपी की मशीन मंगाई, लेकिन जांच के दौरान उसकी स्थित सही न मिलने पर वह नाराज होकर चले गए।

> कारागार मंत्री के आने की सूचना सीएमओ से मिली थी। दोपहर बाद विभागीय काम निपटाने के लिए पुराने जिला अस्पताल के कार्यालय आ गया था। जिला अस्पताल पहुंचने पर उनका काफिला वापस जाते हुए मिला। स्टाफ ने बताया कि बीपी मशीन कुछ गड़बड़ कर गई। जब तक दूसरी लेने जाते तब तक कारागार मंत्री चले गए।
>
> **- डॉ. आरके कोली, सीएमएस जिला अस्पताल**

# पत्नी ने हड़पे सात लाख रुपये, कार और जेवर

- ससुर ने पुत्रवधू पर बेटे की हत्या करने की साजिश का लगाया आरोप
- आरोपी बहू, उसके दो भाईयों के खिलाफ दी तहरीर, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** पीलीभीत जिले के गांव टांडा गुलाब राय निवासी सूरता सिंह ने अपने बेटे की पत्नी, और उसके दो भाईयों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है उनके बेटे कुलविंदर सिंह की शादी लखीमपुर खीरी जिले के थाना फूलबेहड़ क्षेत्र के पूजा गांव से हुई थी। पत्नी व उसके भाई बेटे को बहला फुसलाकर ले गए। साथ ही सात लाख रुपये, 100 ग्राम सोना और उसकी अल्टो कार भी ले गए। आरोप है कि आरोपियों ने नगदी, सोना और कार हड़प ली। आरोपियों की बेटे की हत्या करने की योजना थी। पीड़ित पिता ने थाना फूलबेहड़ पुलिस को तहरीर दी है, जिस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव टांडा गुलाब राय निवासी सूरता सिंह ने दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा है कि उनके बेटे कुलविंदर सिंह की शादी वर्ष 2011 में थाना फूलबेहड़ के गांव पूजा निवासी गुरदेव सिंह की पुत्री दविंदर कौर से हुई थी। शादी के कुछ दिन के बाद ससुराल के लोग उन पर बेटे को अलग रखने और जमीन बेच कर पूजा गांव में मकान बनवाकर देने का दबाव बनाने लगे, लेकिन जब उन्होंने उनकी बात नहीं मानी तो उनके बेटे को बहला फुसला कर अपने घर पूजा गांव ले आए। उसके कुछ दिनों बाद पुत्र वधू दविंदर कौर अपने भाई दलजिन्दर सिंह व पपिन्दर सिंह के साथ ससुराल आई और घर पर रखे गेहूं कटाई के 07 लाख रुपये, 100 ग्राम सोना व एक अल्टो गाड़ी ले गई। अल्टो गाड़ी भी इन लोगों ने अपने चाचा के नाम ट्रांसफर करवा ली। फिर उस पर जमीन बेचने का दबाव बनाने लगे। जब जमीन बेचने से मना कर दिया तो उसके बेटे कुलविन्दर सिंह की जमीन का 25 लाख रुपये में सौदा करा दिया और इकरारनामा कर 04 लाख रुपये बयाने के तौर पर ले लिये। कुलविंदर के सालों ने अपनी बहन के खाते में रुपये जबरदस्ती डलवा दिए। उनका कहना है कि आरोपी 25 लाख मिलने पर उसके पुत्र को मारने की योजना बना रहे थे। इन बातों की जानकारी जब कुलविन्दर सिंह को हुई को उसने 11 मार्च 2024 को फोन पर पिता से बात की और बताया कि आरोपी उसे जान से मारने का प्रयास कर रहे है। इस पर वह लखीमपुर पहुंचे और कुलविंदर को गांव के बाहर से लेकर अपने घर वापस आए। कुलविन्दर की तबियत ठीक नहीं थी। उसका पीलीभीत के एक निजी अस्पताल में इलाज करवाया। पुत्र ने परिवार वालों को बताया कि ससुराल के लोग उसके साथ मारपीट करते थे। जमीन बेचने के लिये दबाव बनाते थे और कई दिन तक कुछ खाने को भी नही देते थे। थाना फूलबेहड़ प्रभारी निरीक्षक आलोकर धीमान ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## भाभी-ननद के गांव पहुंचे शव तो बिलख पड़ा परिवार

**संवाददाता, सिंगाही, अमृत विचार :** थाना सिंगाही के गांव सिंगहा कलां में गुरुवार को हुए भीषण अग्निकांड में जिंदा जली भाभी-ननद का शव शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद जब गांव पहुंचा तो परिवार में चीख पुकार मच गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण पीड़ित परिवार के घर पर पहुंच गए। परिवार वालों ने गमगीन माहौल में शव का अंतिम संस्कार कर दिया। ग्राम सिंगहा कलां में गुरुवार की दोपहर अज्ञात कारणों के चलते भागीरथ के घर में आग लग गई थी। हवा तेज चलने के कारण आग ने 29 घरों को अपनी चपेट में ले लिया था। इस अग्निकांड में भागीरथ की पत्नी रामगुनी और बहन संगीता की जिंदा जलकर मौत हो गई थी, जबकि परिवार के ही बांके और सहजराम गंभीर रूप से झुलस गए थे। बांके का ट्रामा सेंटर लखनऊ में उपचार चल रहा है। शुक्रवार को दोनों शव पोस्टमार्टम के बाद गांव पहुंचे। शव आते ही घर में चीख पुकार मच गई। बड़ी संख्या में लोग पीड़ित के घर पर पहुंच गए। लोग बिलख रहे परिवार वालों को ढांढस बंधा रहे थे। परिवार वालों ने दोनों शव का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया।

**अनदेखी** शुक्रवार को वाहन की ठोकर से झुक गया हाईटेंशन लाइन का खंभा, गनीमत रही कि नहीं हुआ कोई बड़ा हादसा

# हादसे की वजह बन रहे सड़क के भीतर खड़े एचटी लाइन के खंभे

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** खीरी रोड पर हाईटेंशन लाइन के खंभे हटाए बिना सड़क का चौड़ीकरण हो गया। बिजली के खंभे अब एक मीटर रोड के अंदर आ गए हैं, जिनसे हर समय हादसे की आशंका बनी रहती है। हालांकि शुक्रवार को गनीमत रही कि वाहन की ठोकर से हाईटेंशन लाइन का खंभा गिरने के बजाय झुक कर रह गया। नहीं तो एक बड़ा हादसा हो सकता था।

कोरोना काल के दौरान नगर पालिका ने सौजन्या तिराहे से लेकर नहरिया तक सड़क का चौड़ीकरण कराकर डिवाइडर बनवाया। पालिका प्रशासन की अनदेखी के चलते चौड़ीकरण के दौरान हाईटेंशन लाइन के खंभे करीब एक मीटर सड़क में आ गए हैं, जिनसे आए दिन एक बड़े हादसे की आशंका बनी रहती है। शुक्रवार को कुछ हुआ भी ऐसा, बताते हैं कि एक वाहन की ठोकर से हाईटेंशन लाइन का खंभा गिरते गिरते बचा। लोगों का कहना है कि ये तो गनीमत रही कि विद्युत पोल गिरा नहीं, यदि कहीं यह गिर जाता तो तमाम लोग इसकी चपेट में आ जाते।

**हादसा होने की यह है वजह :** बिजली के पोल दूर से ही सड़क पर नजर आते हैं। इनकी वजह से रोड की चौड़ाई भी प्रभावित है। शहर के भीतर रोडवेज बस अड्डा होने की वजह से बसों का दिन रात आवागमन और नो इंट्री खत्म होने के बाद शहर में ट्रकों का भी आवागमन शुरू हो जाता है। ऐसे में रात के समय में इनके ड्राइवरों की जरा सी चूक इनमें मौजूद लोगों से लेकर शहरवासियों के लिए मुसीबत बन सकती है।



चौड़ीकरण के बाद सड़क पर आए हाईटेंशन लाइन के खंभे





नहरिया के निकट वाहन की ठोकर से झुका खंभा।

### जिम्मेदार अब भी नहीं दे रहे ध्यान

खीरी रोड से जिले के आला अफसरों से लेकर मंडलीय अधिकारियों के अलावा मंत्रियों का आदि का आवागमन होता रहता है। सभी लोग इसी रास्ते होकर शहर में आते हैं। मगर, हर कोई सड़क में आ रहे खंभों की अनदेखी कर रहा है।

> खीरी रोड पर एक खंभा ठोकर लगने से झुक गया है। इसे दुरुस्त कराने के लिए जेई से कह दिया है। वहीं खंभा लगाने के दौरान उचित जगह का ध्यान रखा जाएगा।
>
> **-शैलेंद्र कुमार, अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड प्रथम**

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## टायर बदल रहे कार चालक को कंटेनर ने रौंदा, ट्रैक्टर ट्राली पलटने से दबकर हुई मजदूर की मौत

# अलग-अलग सड़क हादसों में तीन की मौत, 16 लोग घायल

- डंपर की टक्कर से बाइक सवार महिला की हुई मौत, एक्सप्रेस-वे पर पलटा ट्रैवलर, 10 यात्री घायल
- बांगरमऊ क्षेत्र में हुए अन्य हादसों में 10 लोग घायल, सभी को अस्पताल भेजा गया

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** औरास थानाक्षेत्र के लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर पंचर कार का टायर बदल रहे चालक को पीछे से आए कंटेनर ने रौंद दिया। इसमें उसकी मौके पर मौत हो गई। बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत शारदा नहर पट्टी पर टेंट का समान लदी ट्रैक्टर-ट्राली पलटने से इस पर बैठे मजदूर की दबकर मौत हो गई।

दही थानाक्षेत्र में डंपर की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत हो गई व बाइक चालक गंभीर घायल हो गया। वहीं औरास थानाक्षेत्र में एक्सप्रेस-वे पर चालक को झपकी आने से ट्रैवलर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। चालक सहित घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं बांगरमऊ क्षेत्र में हुए अन्य हादसों में 10 लोग घायल हो गए। मौके पर पर पहुंची पुलिस ने उन्हें अस्पताल भिजवाया। जहां उनका इलाज चल रहा है।


पोस्टमार्टम हाउस में गमगीन बैठा भाई।



पलटा पड़ा ट्रैवलर। अमृत विचार

**हादसा-1** मनीष वर्मा (42) निवासी रघुनाथ पांडेय का पुरवा थाना कैंट जिला अयोध्या पेशे से चालक था। गुरुवार को वह मालिक अतुल अग्रवाल समेत गोरखपुर जिले के थाना कैंट अंतर्गत हरिओम नगर मोहल्ला निवासी मालिक के रिश्तेदार रोहित अग्रवाल उनकी पत्नी सरिता व अन्य को कार से राजस्थान के खाटू श्याम जाने के लिए गुरुवार शाम निकला था। औरास थानाक्षेत्र के लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे के किमी संख्या-270 पर दिपवल गांव के सामने देररात अचानक कार का पिछला टायर पंचर हो गया। मनीष गाड़ी किनारे लगाकर टायर बदल रहा था। तभी पीछे से आए तेज रफ्तार कंटेनर ने उसे रौंद दिया। इसमें उसकी मौके पर मौत हो गई। चालक घटनास्थल से कुछ दूर कंटेनर खड़ा कर भाग निकला। मनीष की मौत की खबर सुन उसके परिजन बेहाल हो गए। भाई राजेश ने बताया कि वह तीन भाइयों में छोटा था। उसके पांच बच्चे हैं। पत्नी रेखा, वृद्ध मां सुनीता सहित अन्य परिजन रो-रोकर बेहाल रहे। एसओ रेखा सिंह ने बताया कि कंटेनर व क्षतिग्रस्त कार को थाने में खड़ा कराया है।

**हादसा-2** ■ बांगरमऊ। हरदोई जिले के थाना मल्लावां अंतर्गत सेरैयां गांव से गुरुवार को मांगलिक कार्यक्रम निपटाकर ट्रैक्टर-ट्राली में टेंट का सामान लादकर शुक्रवार सुबह आसीवन थानाक्षेत्र के कस्बा कुरसठ ले जाया जा रहा था। तभी कोतवाली क्षेत्र के शारदा नहर मार्ग पर अकबरापुर गांव के पास अचानक अनियंत्रित होकर ट्राली सहित ट्रैक्टर पलट गया। इसमें ट्राली पर बैठा धाकड़ सिंह उर्फ शिव कुमार (40) निवासी गांव सामद टिकरा थाना औरास नीचे दब गया। इसमें उसकी मौके पर मौत हो गई। वह टेंट हाउस में मजदूरी करता था। वहीं अब्दुल्ला (25) वर्ष व जियाउर्रहमान (12) निवासी गांव सरांय सुल्तान थाना मल्लावां हरदोई गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। धाकड़ की मौत की खबर पर उसकी पत्नी मुन्नी, बेटा अर्पित सिंह, बेटी पारुल व फैशन रो-रोकर बेहाल हैं।

**हादसा-3** ■ बांगरमऊ। शाहजहांपुर जिला के थाना तिलहर अंतर्गत बहादुरपुर विशुनपुर पट्टी गांव निवासी अर्जुन पुत्र कमलेश सिंह ट्रैक्टर मालिक बहोरन लाल पुत्र नन्हेलाल के साथ ट्रैक्टर लेकर लखनऊ जा रहा था। तभी लखनऊ-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर कोतवाली क्षेत्र के देवखरी गांव के पास गुरुवार रात अचानक पीछे से आए लोडर ने टक्कर मार दी। इससे ट्रैक्टर आगे चल रही डीसीएम में घुस गया। इसमें ट्रैक्टर चालक, मालिक व लोडर चालक नसीर पुत्र मो. जब्बार मोहल्ला खुर्रम नगर लखनऊ गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची यूपीडा रेस्क्यू टीम ने घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया। जहां डाक्टर ने उन्हें जिला अस्पताल भेज दिया। रेस्क्यू टीम ने क्षतिग्रस्त वाहनों को क्रेन से हटवाकर आवागमन बहाल कराया।

**हादसा-4** ■ औरास। अहमदाबाद के वारु देवता सिहौर से निजी बस से तीर्थ यात्री वाराणसी में काशी विश्वनाथ के दर्शन करने गए थे। जहां से सभी मथुरा-वृंदावन जा रहे थे। औरास थानाक्षेत्र के आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर अटिया गांव के पास शुक्रवार सुबह बस चालक तौजिक पुत्र अब्बास को झपकी आ गई। इससे अनियंत्रित बस डिवाइडर से टकराकर पलट गई। यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। यूपीडा व पुलिस टीमों ने हादसे में घायल भारत शाह (50), हिरल मेहता, जिगनेश, दिया, धात्री, आंध्री, नामया, सादमा व बस चालक को औरास सीएचसी पहुंचाया। जहां से सभी को ट्रामा सेंटर भेजा गया। हालांकि, अधिकांश घायल निजी अस्पताल में इलाज कराने चले गए। वहीं बस सवार अन्य यात्री बाल-बाल बच गए।

**हादसा-5** ■ दही थानाक्षेत्र के आवास विकास कॉलोनी मोहल्ला स्थित एक बाइक शोरूम के पास तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी। शुक्रवार शाम करीब छह बजे हुए हादसे में आवास विकास कॉलोनी थाना दही निवासी महेश कुमार व पीछे बैठी आराधना पत्नी राजू निवासी खजुरिया बाग सदर कोतवाली गंभीर घायल हो गईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां ईएमओ आशीष सक्सेना ने आराधना को मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत की खबर मिलते ही बदहवास परिजन अस्पताल पहुंचे।

# बस पेड़ से टकराई, 26 यात्री हुए जख्मी

संवाददाता पुरवा उन्नाव

**अमृत विचार।** मौरावां से सवारी लेकर उन्नाव आ रही निजी बस टायर फटने के बाद अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पेड़ में टकरा गई। इसमें बस सवार 26 यात्री घायल हो गए। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मौरावां से 26 सवारियां लेकर शुक्रवार शाम करीब साढ़े 6 बजे उन्नाव जा रही निजी बस पुरवा कोतवाली क्षेत्र के तुसरौर गांव के पास टायर फटने के बाद अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इसमें बस सवार 26 यात्रियों को चोटें आ गई। सीओ सोमेंद्र विश्वास व एसएचओ कुंवर बहादुर सिंह ने घायलों को सीएचसी भेजा। जहां से अशोक निवासी गुलहरिया मौरावां, कुसमा देवी निवासी फजलखेड़ा मौरावां, बीनू निवासी गुलहरिया, शिवा निवासी गोकुलबाबा को गंभीर हालत देख डाक्टर ने जिला अस्पताल भेज दिया। वहीं यश, जीवनलाल, विनोद, चाहत, पूजा, सरोज, वर्षा, रामदुलारे, नूर फातिमा, अंश, सोनी, रूबी, राधा, अशोक, समीर, सपना व रामदुलारी का सीएचसी में इलाज चल रहा हैं। हादसे के बाद चालक बस छोड़ भाग गया। सीओ ने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चालक का पता किया जा रहा हैं।



पेड़ में घुसी बस एकत्र भीड़। अमृत विचार

## झपकी लगने से बैराज मार्ग पर दुग्ध वाहन पलटा, चालक घायल

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के बैराज मार्ग स्थित सरैयां गांव के पास शुक्रवार सुबह एक दुग्ध वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे चालक केबिन में फंस गया। सूचना पर पहुंचे इंस्पेक्टर ने हाइड्रा मंगवाकर वाहन को सीधा कराया। जिसके बाद गंभीर घायल चालक को इलाज के लिये जिला अस्पताल भेजा गया।

- आसपास से गुजर रहे लोग दौड़े और चालक को बाहर निकालने का प्रयास किया

कानपुर चौबेपुर निवासी विपिन कुमार शुक्रवार सुबह दूध लेकर शुक्लागंज की ओर दुग्ध वाहन से आ रहा था, सुबह करीब पौने छह बजे जैसे ही वह बैराज मार्ग स्थित सरैयां गांव के पास पहुंचा, तभी उसे झपकी आ गई। जिससे वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। चालक विपिन वाहन की केबिन में फंस गया। दुर्घटना देख आस पास के लोग दौड़े और चालक को बाहर निकालने का प्रयास किया लेकिन वह बाहर नहीं निकल सका।



बैराज मार्ग पर पलटा पड़ा दुग्ध वाहन। अमृत विचार

### क्रेन से दुग्ध वाहन हटवाया

हादसे की पुलिस को सूचना दी गई। एक घंटे बाद कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने जाजमऊ से क्रेन मंगवाई और दुग्ध वाहन को सीधा किया। जिसके बाद घायल को इलाज के लिये जिला अस्पताल भेजा गया। जहां उसे कानपुर हैलट रेफर किया गया है। वहीं बीच सड़क पर वाहन पड़ा होने से जाम की स्थिति भी बनी रही।

# विनाश की चल रही लीला: अन्नू

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** जिले में बीते 10 वर्षों में विकास पूरी तरह से ठप है। आवारा जानवर किसानों को और क्षतिग्रस्त सड़कें आमजन को परेशान किये हुए हैं। आमजन पेयजल की समस्या से जूझ रहा है। जिले को अमृत योजना के तहत शुद्ध पानी देने की योजना से लोगों को अभी तक एक बूंद भी नहीं मिल सकी है। यह बातें सपा से लोकसभा प्रत्याशी अन्नू टंडन ने शुक्रवार को विकासखंड बिछिया के गावों में जनसंपर्क के दौरान कहीं।


जनसंपर्क के दौरान लोगों से मिलतीं सपा प्रत्याशी। अमृत विचार

- सपा की लोकसभा प्रत्याशी ने जनसंपर्क के दौरान लोगों से मांगा समर्थन

उन्होंने कहा कि जिले में विकास की जगह विनाशलीला चल रही है। छह साल पहले शुरू हुई अमृत योजना की एक बूंद भी लोगों को नहीं मिल सकी है। बल्कि, शुक्लागंज व उन्नाव की सड़कें पाइप लाइन बिछाने में पूरी तरह से ध्वस्त हो गई हैं। जिले में खुलेआम मिट्टी खनन किया जा रहा है। किसान आवारा पशुओं से परेशान होकर रात-रात जागकर अपनी फसलें बचाने में लगे हैं। वहीं, आवारा सांड़ों के हमलें से दर्जनों लोगों की मौत हो चुकी है। कहा कि मैं आपकी बहन-बेटी हूं। यहां से मेरा खून का रिश्ता है। सांसद रहते हुए या बिना पद पर रहे भी 10 वर्षों से अपने रिश्ते को निभा रही हूं और हमेशा निभाती रहूंगी। इस दौरान राज बहादुर लोधी, उदयराज यादव, तेज शंकर तिवारी, हेमंत पाल, शिवशंकर वर्मा, मंजीत यादव, बन्धा पांडेय, गणेश शंकर तिवारी, पंकज तिवारी, उत्तम अवस्थी, अमरेंद्र पांडेय, रामआसरे लोधी, प्रीतम यादव आदि रहे।

## खेत में लगी आग से पेड़ व भूसा राख

**परियर उन्नाव।** सदर तहसील क्षेत्र के पनपथा गांव में गेहूं की कटाई के बाद बचे अवशेष में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। किसी तरह किसानों, पुलिस, राजस्व कर्मियों व अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक अमरूद, यूकेलिप्टस के पेड़ों के अलावा भूसा जल कर राख हो गया।

कटरी मरौंदा सूचित क्षेत्र के पनपथा गांव में 90 बिघही में सुबह करीब 9 बजे आग लग गई। जिससे आसपास के किसानों ने किसी तरह काबू किया। लेकिन, तेज हवा के कारण रुक-रुककर आग भड़कती रही। जिसके बाद पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। वहीं चिंता पुरवा निवासी राजाराम के कई पेड़, रामऔतार के कई पेड़ व खेत में पड़ा भूसा जल गया।

# नामांकन पत्रों की जांच पूरी, आठ प्रत्याशी मैदान में

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** नामांकन पत्रों की जांच के बाद अब हो रहे लोकसभा चुनाव के मैदान में आठ प्रत्याशियों के बीच मुकाबला होगा। हालांकि कल से 29 अप्रैल तक नामांकन पत्र वापस लेकर प्रत्याशिता का दावा समाप्त किया जा सकेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी गौरांग राठी ने बताया कि जांच में सभी नाम निर्देशन पत्र सही पाए गए हैं।

कल तक चली नामांकन प्रक्रिया के दौरान विभिन्न दलीय प्रत्याशियों सहित अन्य उम्मीदवारों ने एक से अधिक सेटों में नाम निर्देशन पत्र जमा किए थे। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से घोषित चुनाव कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्टाफ सहित प्राप्त नामांकन पत्रों की जांच की। इस दौरान कुछ प्रत्याशियों ने जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की मांग पर जरूरी कागजात उपलब्ध कराते हुए नामांकन पत्रों की स्वयं या अपने प्रतिनिधि की मौजूदगी में जांच कराई। नामांकन पत्रों की जांच पूरी होने के बाद जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से जारी सूची में आठ प्रत्याशियों के चुनावी दंगल में आमने-सामने होने की जानकारी दी गई है। निर्वाचन कार्यालय की सूची में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल की सपा प्रत्याशी अन्नू टंडन, बसपा के अशोक कुमार व भाजपा के स्वामी सच्चिदानंद हरि साक्षी का नाम शामिल है। इसके अलावा रजिस्ट्रीकृत राजनैतिक दलों के प्रत्याशियों के तौर पर परचम पार्टी आफ इंडिया के सैफ खान व भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के हिमांशु शर्मा का नाम भी शामिल है। इसी तरह अन्य अभ्यर्थियों में उमेश, शिव प्रकाश सिंह व सैय्यद सरफराज गांधी निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर शामिल किए गए हैं।


नामांकन पत्रों की जांच करते जिला निर्वाचन अधिकारी। अमृत विचार

### समय लेने पर होगी प्रेक्षक से मुलाकात

**उन्नाव।** लोकसभा चुनाव के प्रत्याशी, जनप्रतिनिधि व सामान्य नागरिक कोई शिकायत या सुझाव देने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के सामान्य प्रेक्षक बाबू ए से पहले से समय तय कर नवाबगंज पक्षी विहार स्थित पर्यटक आवास में मुलाकात कर सकते है। सामान्य प्रेक्षक से स्थानीय प्रवास के दौरान मोबाइल नंबर 8887577114 पर संपर्क किया जा सकता है। प्रेक्षक से मिलने के लिए डीपीओ राकेश कुमार मिश्र से 9838560229 पर संपर्क किया जा सकता है।


बटुकों का कराया जाता यज्ञोपवीत संस्कार। अमृत विचार

# 101 बटुकों ने ली दीक्षा कराया गया यज्ञोपवित

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

- बांगरमऊ स्थित बाबा बोधेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में किया गया आयोजन

**अमृत विचार।** नगर के पश्चिम क्षेत्र में बिल्हौर-बाईपास मार्ग स्थित ऐतिहासिक बाबा बोधेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में शुक्रवार को संस्कृत विद्यालय के पूर्व प्राचार्य पं. शशिनाथ अवस्थी के नेतृत्व में एक दर्जन आचार्यों ने वेद मंत्रोच्चार के साथ विभिन्न क्षेत्रों के कुल 101 बटुकों का यज्ञोपवित संस्कार कराया। इस दौरान मंदिर के मुख्य पुजारी श्री सेवा चैतन्य ब्रह्मचारी सहित तमाम गणमान्य नागरिकों ने बटुकों को आशीर्वाद दिया।

श्री सुंदरेश्वरी सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार में शुक्रवार को क्षेत्र व जिले के अलावा हरदोई, कानपुर देहात, कानपुर नगर, लखनऊ व कन्नौज आदि जिलों से अभिभावकों ने अपने बच्चों का यज्ञोपवित संस्कार संपन्न कराया। संस्कार में सभी बटुकों का मुंडन हुआ। बटुकों ने स्नान कर यज्ञ में आहुतियां दीं। पं. रामदेव शास्त्री, पं. सुरेंद्र जी, पं. सतीश चंद्र त्रिपाठी, प्रवीण जी, रमेश जी, रघुवर प्रसाद तिवारी व श्याम तिवारी आदि आचार्यों ने उन्हें दीक्षा दी। अंत में बटुकों के परिवार की माताओं-बहनों ने उनके भिक्षापात्र में भीखी डाली। विधायक श्रीकांत कटियार, प्रमेश सिंह गुड्डू, नगर पालिका अध्यक्ष रामजी गुप्ता, राहुल शुक्ला, हरिओम तिवारी सभासद, देवेश सिंह, आशीष सिंह गोलू, गिरीश वर्मा, संतोष गुप्ता, जगदीश नारायण श्रीवास्तव, उपेंद्र अवस्थी, अमरेंद्र अवस्थी व अवनीश अवस्थी रहे।

# महिला ने कुएं में कूद कर दी जान

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** बीघापुर कोतवाली अंतर्गत मायके में रह रही कैंसर पीड़ित महिला ने बीमारी से ऊब कर कुएं में छलांग लगा दी। परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से उसे बाहर निकालने का प्रयास किया लेकिन, सफलता नहीं मिली। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने उसे बहार निकाला। लेकिन, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस शव कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई कर रही है।

बेहटा भवानी गांव निवासी सूर्यप्रकाश अवस्थी की विवाहित बेटी सोनी (40) कैंसर की बीमारी से ग्रसित थी। बीते पांच माह से वह मायके में थी। पति राजकुमार व पिता मिलकर उसका इलाज करा रहे थे। काफी रुपये खर्च होने के बाद भी उसकी हालत में सुधार न होने से वह मानसिक परेशान रहती थी। शुक्रवार सुबह 10 बजे सोनी ने घर के सामने स्थित कुएं में छलांग लगा दी। वहां मौजूद लोगों के शोर मचाने पर परिजन पहुंचे। कुआं काफी गहरा होने से ग्रामीण उसे बहार निकालने में सफल नहीं हुए। सूचना पर पुलिस व अग्निशमन विभाग के जवान पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद शव कुएं से निकाला। पिता सूर्यकुमार ने बताया कि बेटी की शादी नरवल निवासी राजकुमार से की थी। उसकी मौत से भाई अमित, शरद, संदीप व विवाहित बहन मोनी बेहाल हैं। एसओ राजपाल ने बताया कि परिजनों की सूचना पर शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।


सोनी। अमृत विचार

## अश्लील फोटो भेजने पर शिकायत

**पुरवा।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी फरवरी-2024 में बिहार क्षेत्र के एक गांव में हुई थी। 21 अप्रैल को क्षेत्र के ही एक गांव निवासी युवक मैसेंजर पर अश्लील फोटो भेजकर उसे परेशान करता है। जब इसकी जानकारी पति को दी तो पति ने उसके नंबर पर फोन किया तो युवक ने पति को जान से मारने की धमकी दी है। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच की जा रही है।

# मतदान कार्मिकों के लिए रहेंगे सुविधा केंद्र

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन कार्यालय मतदान कर्मियों को एक से आठ मई के बीच डाक मतपत्र व निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र उपलब्ध कराएगा। इसके लिए शहर के संतपूरन दास नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर कालेज में विधानसभावार अलग-अलग मतदाता सुविधा केंद्र स्थापित किए जाएंगे। यह जानकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी नरेंद्र सिंह ने दी। बताया कि उक्त अवधि के अलावा 10 से 12 मई तक कलक्ट्रेट स्थित न्यायालय कक्ष अतिरिक्त मजिस्ट्रेट-द्वितीय के कक्ष से भी यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

कालेज परिसर में विभन्न काउंटरों से 162-बांगरमऊ, 163-सफीपुर, 164 मोहान, 165 उन्नाव, 166 भगवंतनगर व 167-पुरवा विधानसभा क्षेत्र के मतदान कार्मिकों को सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

## महिला ने देवर पर लगाया मारपीट का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**नवाबगंज उन्नाव।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव दरियापुर निवासी महिला ने अपने देवर पर घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगा रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव दरियापुर निवासी शबीना ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी शादी सफीपुर के मुस्तफाबाद कोरारा में हुई थी। उसका पति दिल्ली में रहकर काम करता है। उसका देवर महफूज अली अक्सर उससे मारपीट करता था। जिससे वह दो दिन पहले अपने मायके आई थी। उसका देवर वहां आया औऱ उसे जमकर मारा पीटा।

**इंतजार** उन्नाव स्टेशन पर प्लेटफार्म चार-पांच पर नहीं हैं पर्याप्त टीन शेड, लोग धूप से बच नहीं पा रहे

# अमृत स्टेशन का सपना अभी दूर, यात्री झेल रहे तेज धूप

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** कानपुर से जम्मूतवी जाने वाली साप्ताहिक एक्सप्रेस करीब चार घंटे लेट हो गई। इससे इस ट्रेन पर यहां से बैठने वाले यात्रियों को प्लेटफार्म नंबर चार-पांच पर धूप से बचाव के लिए छाया तलाशना टेढ़ी खीर बना रहा। इस प्लेटफार्म पर छाया के नाकाफी इंतजाम होने से यात्री पेड़ की छांव तलाशने को मजबूर रहे। स्टेशन अधीक्षक ने अमृत स्टेशन का निर्माण कार्य शुरू होने पर शेड के विस्तार की संभावना जताई है।


ट्रेन लेट होने पर पेड़ के नीचे धूप से बचाव को बैठे यात्री। अमृत विचार

यह एक्सप्रेस ट्रेन हर शुक्रवार कानपुर से चलकर दोपहर करीब दो बजे उन्नाव पहुंचती है। वैष्णों देवी जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए जिले से जम्मू तक यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने वाली यह एकमात्र ट्रेन है। इस ट्रेन से न सिर्फ शहर सहित जिले के श्रद्धालु सवार होते हैं बल्कि, सीमा से लगे कानपुर महानगर के यात्री भी यहां से ट्रेन पकड़ने को तवज्जो देते हैं। पूर्व में यहां तैनात अधिकारियों खासकर स्टेशन अधीक्षकों द्वारा उच्चाधिकारियों को टीन शेड का विस्तार कराने के लिए पत्र लिखे जाते रहे हैं। लेकिन, अब तक कोई नतीजा नहीं निकल सका है। शुक्रवार को इस ट्रेन से आरक्षित व अनारक्षित टिकट पर यात्रा करने के लिए स्टेशन पर हमेशा की तरह काफी भीड़ रही। ट्रेन करीब चार घंटे लेट होने की उद्घोषणा होती रही। पहले पहुंचने वाले यात्री तो टीन शेड के नीचे खड़े होकर ट्रेन का इंतजार करते रहे लेकिन, यहां जगह न बचने पर लोगों को छाया तलाशना मुश्किल बना रहा। यात्रियों को प्लेटफार्म नंबर चार-पांच पर खड़े पेड़ के नीचे जगह न रहने पर रेलवे ट्रैक पार कर प्लेटफार्म नंबर-छह पर लगे पेड़ों व दीवार की छाया में बैठकर ट्रेन का इंतजार करने को मजबूर होना पड़ा।

स्टेशन अधीक्षक टीपी जोशी ने बताया कि जल्द ही अमृत स्टेशन का निर्माण शुरू होना प्रस्तावित है। निर्माण शुरू होने पर टीन शेड के विस्तार की संभावना है।

# सरैयां क्रॉसिंग पर लगा भीषण जाम रोकनी पड़ गई शताब्दी एक्सप्रेस

## सुबह से शाम तक दो बार लगा जाम, फंसी रहीं एंबुलेंस, बसें और वीआईपी वाहन


नवीन पुल के रास्ते पर लगा जाम। अमृत विचार


सरैयां जाम में फंसी एम्बुलेंस। अमृत विचार

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** नवीन पुल पर शुक्रवार सुबह वाहनों का भार बढ़ने के कारण सुबह से दोपहर तक जाम लगा रहा। तेज धूप होने से जाम में फंसे वाहन सवार बिलबिला उठे। वहीं जाम हटवाने में पुलिस भी हांफ गई। इसी तरह बैराज मार्ग स्थित सरैयां रेलवे क्रासिंग पर भी जाम की स्थिति बनी रही। जिससे शताब्दी एक्सप्रेस को रोकना पड़ा। वहीं शाम से देररात तक पुल पर एक बार फिर भीषण जाम लगा रहा। इसमें एम्बुलेंस से लेकर कई वीआईपी तक फंसे रहे।

सुबह करीब नौ बजे नवीन पुल पर संकरे मार्ग के कारण जाम लगना शुरू हो गया। कुछ देर में नवीन पुल से फोरलेन गांधी नगर मोड़ तक वाहन सवार कतारों में खड़े हो गये। वहीं जाम में दोपहिया, चौपहिया, टेंपो, ई-रिक्शा, साइकिल व अन्य वाहन सवार भी फंसे रहे। इसी बीच कानपुर व शुक्लागंज की ओर से ई-बसें आ गईं। जिससे जाम और पेचीदा हो गया। जाम देख पुलिस पहुंची और आड़े तिरछे वाहनों को सीधा कराया। इसके बाद वाहन रेंगना शुरू हुये। इस दौरान दोपहर साढ़े 12 बजे तक जाम लगा रहा। तेज धूप होने से जाम में फंसे वाहन सवार बिलबिला उठे। वहीं शाम के समय सहालग और नवीन पुल के फुटपॉथ पर सब्जी मंडी लगने के कारण एक बार फिर जाम लग गया। जिससे कानपुर आने जाने वाले लोग खासे परेशान रहे।

### आउटर पर खड़ी रही शताब्दी

बैराज मार्ग स्थित सरैयां रेलवे क्रासिंग का मार्ग संकरा होने से वाहन सवार जल्दी में निकलने लगे। जिससे वाहनों का भार बढ़ गया। वाहनों के अधिक होने से क्रासिंग नहीं बंद हो सकी। इसी बीच कानपुर से लखनऊ जा रही शताब्दी एक्सप्रेस आउटर पर 11:42 बजे रुक गई। तीन मिनट तक शताब्दी खड़ी रही। गेटमैन ने किसी तरह क्रासिंग बंद की। जिसके बाद 11:45 बजे ट्रेन लखनऊ रवाना हो सकी।

# क्विज-शो के लिए विद्यालय में होंगे प्रमोशनल कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** पीपुल्स विजन फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले इंडियाज फर्स्ट वन मिलिनीयर क्विज-शो की शुरुआत होगी। इसके लिए शहर सहित जिले के विद्यालयों में प्रमोशनल कार्यक्रम आयोजित होंगे। प्रोडक्शन टीम ने बाईपास स्थित एक होटल में शो के प्रमोशन के दौरान यह बात साझा की।

प्रोडक्शन हाउस के शो निर्देशक एसके जायसवाल, ओमप्रकाश, अंशिका सिंह, श्वेतांक प्रकाश चतुर्वेदी व रेडक्रास के वाईस चेयरमैन डा. मनीष सिंह सेंगर ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को ज्ञान रूपी प्रतिभा निखारने के लिए यह शो तैयार किया जा रहा है। शो के माध्यम से प्रतिभागी न सिर्फ शोहरत, बल्कि आर्थिक मजबूती भी प्राप्त कर सकेंगे। उन्हें स्वयं को साबित करने का अवसर मिलेगा। क्विज में शहरी व ग्रामीण प्रतिस्पर्धी शामिल हो सकेंगे। इसमें 11 से 65 वर्ष का कोई भा भारतीय वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू.इफोमशो.काम पर जाकर कोई भी अपना पंजीयन करा सकता है। इसमें किसी भी पेशे में जुड़े लोगों को शामिल होने का मौका मिलेगा। पहले चरण में तीन राउंड का आनलाइन आडिशन होगा। अंतिम चरण में तीन प्रतियोगियों के बीच महा मुकाबला होगा। तीसरे स्थान के विजेता को पांच, दूसरे को 10 लाख और फाइनल विजेता को एक करोड़ रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। स्कूल-कालेज में इंडियन इवेंट सोल्यूशन्स की देखरेख में प्रमोशनल शो होंगे।


प्रमोशन के दौरान विवज प्रतियोगिता की जानकारी देते प्रोडक्शन हाउस के लोग।

## सार-संक्षेप

### 29 अप्रैल से एक बजे तक संचालित होंगे स्कूल

**उन्नाव।** बेसिक शिक्षा विभाग के नियंत्रण में संचालित सभी परिषदीय व मान्यता प्राप्त विद्यालयों को 29 अप्रैल से सुबह साढ़े सात से एक बजे तक संचालित किया जाएगा। वहीं 27 व 28 अप्रैल को दिन में 11:30 बजे ही अवकाश कर दिया जाएगा। शिक्षा निदेशक बेसिक प्रताप सिंह द्वारा जारी आदेश को बीएसए संगीता सिंह ने तत्काल प्रभाव से सभी बीईओ को जारी करते हुए अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। निदेशक के पत्र में कहा गया है कि 24 अप्रैल को जारी शासनादेश में कक्षा एक से आठ तक सभी विद्यालयों को सुबह साढ़े सात से दोपहर एक बजे तक संचालित कराने के निर्देश हैं। जिस पर 29 अप्रैल से अमल होना है। इससे पहले 28 अप्रैल तक विद्यालय संचालन साढ़े सात से 11:30 बजे तक कराया जाए। बीएसए ने आदेश प्राप्त होते ही अनुपालन सुनिश्चित कराने के सभी बीईओ को निर्देश जारी कर दिए हैं।

### रिश्वत लेते हुए पालिका के बाबू का वीडियो वायरल

**शुक्लागंज उन्नाव।** शुक्रवार को सोशल साइट पर एक वीडियो वॉयरल हुआ। जिसमें नगर पालिका गंगाघाट में कार्यरत पालिका का एक बाबू मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर आवेदक से रुपये लेते हुये दिखाई पड़ रहा है। वीडियो वॉयरल होने पर अधिकारियों ने संज्ञान में लिया है। वॉयरल वीडियो पर लोगों ने अपनी प्रतिक्रियाएं भी दी। हालांकि ऐसे किसी भी वॉयरल वीडियो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है। सोशल मीडिया पर शुक्रवार को एक 22 सेकेंड का वीडियो वॉयरल हुआ। जिसमें कार्यालय के बाहर बने जन्म और मृत्यु पंजीकरण कक्ष के बाहर बनी खिड़की से एक शख्स अंदर बैठे बाबू को कुछ रुपये देता हुआ नजर आया। इस दौरान बाबू अंदर से सौ रुपये मांग रहा था, जिस पर खिड़की पर खड़े आवेदक न कहा कि पचास रुपये ले लो, बेचारे ड्यूटी करते हैं। जिस पर उसने रुपये दिये और पूछा कि कब तक बनेगा प्रमाण पत्र तो उसे एक सप्ताह में प्रमाण पत्र बनने की बात कही। जिसका वीडियो किसी ने बना लिया और सोशल मीडिया पर वॉयरल कर दिया। बताया जाता है कि जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने में लगाये गये कर्मचारी वैरीफिकेशन से लेकर प्रमाणपत्र जारी होने तक आवेदकों को फोन कर बुलाते हैं और उनसे चाय पानी के नाम पर पैसों की उगाही करते हैं। बाबू के रिश्वत लेने के वीडियो की पुष्टि आपका अपना अमृत विचार अखबार नहीं करता है। वहीं वीडियो वॉयरल होने पर अधिकारियों ने संज्ञान में लिया है।

### आरक्षी ने सपा नेता व पत्नी को पीटा, एएसपी ने दिए जांच के निर्देश

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली के शक्ति नगर मोहल्ले में मंगलवार रात पति पत्नी के बीच विवाद हो गया। जिस पर सपा नेता और उनकी पत्नी बीच बचाव करने पहुंची, तभी आरोप है कि पीआरवी के आरक्षी ने पिटाई कर दी। मारपीट की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। पीड़ित ने एसपी से गुहार लगाई। जिस पर एएसपी ने जांच के निर्देश दिये हैं। शक्ति नगर निवासी राजन कनौजिया सपा नेता हैं। उन्होंने पुलिस अधीक्षक और गंगाघाट कोतवाली प्रभारी को प्रार्थना पत्र देते हुये बताया कि मंगलवार रात करीब दो बजे उनके घर के सामने पति पत्नी में झगड़ा हो रहा था, जिस पर पत्नी ने डायल पुलिस को फोन कर बुला लिया। इस दौरान आरोप है कि पहुंचे पीआरपी के आरक्षी ने उनके साथ बदसलूकी करते हुये मार पीट की। बचाव करने आई पत्नी को भी पीटा। मारपीट की घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई। पीड़ित ने एसपी और कोतवाली प्रभारी को भी मारपीट के वीडियो दिखाये। जिस पर एसपी ने कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है। वहीं एएसपी ने जांच के निर्देश देते हुये कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

### आईटीआई की बाउंड्रीवाल तक पहुंची आग, बचा बड़ा नुकसान

**फतेहपुर चौरासी।** क्षेत्र में स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान काली मिट्टी के प्रांगण में अज्ञात कारणों से लगी आग से वहां लगे पेड़-पौधे व घासफूस जल गया। वहां तैनात गार्ड की सूझबूझ से अधिक नुकसान होने से बच गया। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। काली मिट्टी स्थित आईटीआई की बाउंड्री वाल के बाहर अज्ञात कारणों से झाड़ियों में लगी आग जल उठी। तेज हवा के कारण चिंगारी बाउंड्री वाल के अंदर पहुंच गई। जिससे वहां लगे पेड़-पौधे व घासफूस जल उठी। जिसे देख फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। दमकल ने आग पर काबू पाया। जिससे आग मुख्य भवन तक नहीं पहुंच सकी और बड़ा नुकसान होने से बच गया।

### फांसी पर लटका मिला युवक का शव

**उन्नाव।** दही थानांतर्गत खंभार खेड़ा गांव में जामुन के पेड़ में एक युवक का शव लटका देख ग्रामीण एकत्र हो गए। जानकारी पर परिजन पहुंचे और शव देख बेहाल हो गए। सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच के बाद शव मोर्चरी भेजा है। ओरहर गांव के मजरा खंभार खेड़ा निवासी भानू सविता (25) पुत्र कल्लू ने घर से करीब एक किमी दूर निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस-वे के पास लगे जामुन के पेड़ पर रस्सी के फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली।

# कार्यक्रम में सपाई-भाजपाई भिड़े पुलिस के सामने जड़े थप्पड़

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- पुलिस द्वारा दोनों दलों के कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेने की रही चर्चा

**अमृत विचार।** शुक्रवार को शहर के जीआईसी मैदान में हो रहे एक चुनावी कार्यक्रम के दौरान भाजपा व सपा कार्यकर्ता आमने-सामने आ गये। जहां नारेबाजी के साथ उनमें मारपीट हो गई। इस दौरान दोनों दलों के कार्यकर्ताओं ने पुलिस के सामने हाथापाई शुरू कर दी। इसके बाद वहां पुलिसकर्मियों ने किसी तरह दोनों दलों के कार्यकर्ताओं को अलग किया। पुलिस द्वारा कुछ लोगों को हिरासत में लिये जाने की बात सामने आई है। पुलिस ने हिरासत में लेने की बात नहीं स्वीकारी है।

उन्नाव शहर के जीआईसी मैदान में एक चुनावी कार्यक्रम चल रहा था। जिसमें भाजपा व सपा समर्थक भी पहुंचे थे।

इस दौरान हार-जीत को लेकर सवाल पूछे जाने गए। जिस पर दोनों दलों के कार्यकर्ताओं में तीखी नोकझोंक होने लगी। मामला बढ़ने पर पुलिस ने बीचबचाव किया, लेकिन दोनों दलों के कार्यकर्ता आपस में मारपीट करने लगे। पुलिस के सामने ही उनमें लात-घूंसे व थप्पड़ चल गए। इस दौरान जमकर हंगामा काटते हुये कार्यकर्ता अपनी-अपनी पार्टियों के जिंदाबाद के नारे लगाने लगे।

# बीएसए को निरीक्षण में अनुपस्थित मिले शिक्षण स्टाफ का रोका वेतन

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- बसंतखेड़ा विद्यालय के प्रधान, सहायक शिक्षक सहित शिक्षामित्र थे अनुपस्थित

**अमृत विचार।** बीएसए के निर्देश पर विभिन्न ब्लाक क्षेत्रों के बीईओ को निरीक्षण के दौरान अलग-अलग विद्यालयों का शिक्षण स्टाफ अनुपस्थित मिला था। इसमें एक प्रधान शिक्षक, दो सहायक शिक्षक समेत स्टाफ के 10 लोग शामिल हैं। खास बात यह है औरास ब्लाक के बसंतखेड़ा स्थित विद्यालय में तैनात प्रधान शिक्षक, सहायक शिक्षक व अनुदेशक तीनों गायब मिले थे। बीएसए ने सभी का अनुपस्थित दिवस का वेतन अग्रिम आदेश तक रोकने का आदेश दिया है।

शिक्षा सत्र के शुरू में विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने पर शासन का जोर रहता है। इसलिए मातहतों को विद्यालयों का निरीक्षण कर शिक्षकों की उपस्थिति जांचने के अधिकारियों को निर्देश हैं। इसीलिए बीएसए संगीता सिंह ने बीते गुरुवार विभिन्न ब्लाकों के बीईओ से विद्यालयों का औचक निरीक्षण कराया था। उन्होंने निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित मिले शिक्षक-शिक्षिकाओं, शिक्षामित्र व अनुदेशक की रिपोर्ट बनाकर बीएसए को उपलब्ध कराई। बीएसए ने औरास ब्लाक के बसंतखेड़ा स्थित परिषदीय विद्यालय के प्रधान शिक्षक रइसुल इस्लाम, सहायक शिक्षिका प्रीति वंदना व शिक्षामित्र दृगपाल, सिकंदरपुर सरोसी ब्लाक के रायसिंह खेड़ा परिषदीय विद्यालय की शिक्षामित्र रीना सिंह, मनभौना विद्यालय की निशा देवी व चिलौला विद्यालय के सहायक शिक्षक सतेंद्र सिंह सेंगर, बिछिया ब्लाक क्षेत्र कटरा कुमेदानखेड़ा परिषदीय विद्यालय की शिक्षामित्र ज्योति साहू व जगवा के सुनील कुमार, फतेहपुर चौरासी ब्लाक के शिक्षामित्र अनुज तिवारी व बीघापुर ब्लाके के गंगानगर परिषदीय विद्यालय में कार्यरत अनुदेशक सुशीला देवी का एक दिन का वेतन रोका है।

# अधेड़ महिला की संदिग्ध हालात में मौत

**फतेहपुर चौरासी उन्नाव।** थानाक्षेत्र के गांव तालिबपुर रहली निवासी एक अधेड़ विधवा की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया। बेटे ने तीन दिन पहले पड़ोसियों द्वारा मां पिटाई के बाद मौत होने का आरोप लगाया है।

तालिबपुर रहली गांव निवासी अजय ने पुलिस को सूचना दी कि बुधवार उसने मां कलावती की जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई थी। बेटे ने बताया कि मंगलवार को गांव में नाली का पानी निकालने को लेकर पड़ोसियों से मां का विवाद हुआ था। इसमें उससे हुई मारपीट में वह गंभीर घायल हो गई थी।

# छात्र-छात्राओं को दिए गए पुरस्कार

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** स्थानीय इंदिरा गांधी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को प्राचार्य प्रो. सदानंद राय के संयोजन में वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि भारतीय स्टेट बैंक शाखा प्रबंधक द्वारिका प्रसाद ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर समारोह की शुरूआत की। इसके बाद इंडोर गेम्स के पुरस्कार वितरित किये गए।

समारोह में प्राचार्य ने कहा कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने पद पर रहते हुए उन्होंने खासकर गरीबों और किसानों को सशक्त बनाया है। समारोह में मिशन शक्ति अंतर्गत बाल दिवस पर रस्सी कूद, पतंगबाजी, निबंध प्रतियोगिता के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस व युवा दिवस के पुरस्कार भी दिये गए। इसके अलावा महाविद्यालय स्तर पर मेंहदी प्रतियोगिता के पुरस्कार भी दिये गए। पुरस्कार वितरण के बाद बीएससी की छात्रा विजया ने लोकगीत प्रस्तुत किया। इसके बाद रोवर रेंजर्स के पुरस्कार बांटे गए। साथ ही सर्वोच्च अंक पाने वाले छात्र-छात्राओं में अकांक्षा, अंजली, सुकन्या, विवेक, अंकित, कीर्ति, अमानी, मन्तशा बेग, पारुल, शिवम आदि को चेक देकर पुरस्कृत किया गया। अंत में वार्षिक समारोह में विशेष योगदान देने पर स्नेहा, अंशू, आंचल सिंह, सलोनी, आंचल शुक्ला, रागिनी, मुस्कान, सरोजनी व विजया को प्रमाण-पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया।


छात्रा को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

# ध्रुव व राजा बलि की कथा सुन भक्तिभाव में डूबे श्रोता

**पुरवा उन्नाव।** क्षेत्र के त्रिपुरारपुर गांव स्थित ठाकुरद्वारा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन व्यास गोपाल शास्त्री जी महाराज ने ध्रुव महाराज की कथा से शुरुआत करते हुए बताया कि 5 साल की उम्र में ध्रुव महाराज सशरीर आकाश में चले गए। इसलिये आज भी लोग उन्हें ध्रुव तारा के नाम से जानते हैं।

वहीं दूसरी कहानी में बताया कि राजा बलि दुनिया के सबसे बड़ी दानी थे। वामन भगवान विष्णु के पांचवें तथा त्रेता युग के पहले ऐसे अवतार थे जो मानव शरीर में बैनी ब्राह्मण के रूप में प्रकट हुए और राजा बलि के द्वार पर पहुंचे। प्रभु ने राजा से तीन पग भूमि दान की याचना की तो राजा राजी हो गए।

# 70 बटुकों का उपनयन व 6 जोड़ों का सामूहिक विवाह

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- उपनयन संस्कार के दौरान बटुकों ने मांगी भिक्षा, लिया गुरु मंत्र

**अमृत विचार।** शुक्लागंज ब्रह्मसभा की ओर से शुक्रवार को निशुल्क उपनयन संस्कार एवं सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां ब्रह्म सभा की ओर से बटुकों को वस्त्र से लेकर पूजा की पूरी सामग्री मुहैया कराई गई। जिसके बाद आचार्यों ने विधि विधान से सभी का उपनयन संस्कार कराया। इसके साथ ही रात में छह जोड़ों का विवाह कराया गया। जहां उन्हें दहेज भी दिया गया।

ब्रह्म सभा की ओर से गोपीनाथपुरम स्थित गोपीनाथ चंद्रावती स्कूल में 70 बटुकों को का उपनयन संस्कार कराया गया। जहां आचार्यों ने बटुको को मंत्रोच्चार के साथ यज्ञोपवीत धारण करवाया। जिसके बाद सभी बटुक राजधानी मार्ग होते हुये नारदानंद ऋषि आश्रम पहुंचे। जहां सभी ने मां से आशीर्वाद लिया उनके वापस आने के बाद उनके माता-पिता और परिजनों ने सभी का स्वागत किया। जिसके बाद बटुकों ने भिक्षा मांगी। जिस पर उन्हें नए वस्त्र शगुन की राशि सहित अनेकों उपहार दिए गए। वहीं शाम के समय स्कूल प्रांगण में छह जोड़ों का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विवाह संपन्न कराया गया। जहां ऋषि आश्रम से नौ दूल्हे बारात लेकर कार्यक्रम स्थल पहुंचे।

इस दौरान जमकर आतिशबाजी हुई। जोड़ों को आशीर्वाद देने के लिये आशुतोष शुक्ला, गुरू प्रसाद त्रिपाठी, संपूर्णानंद शास्त्री, अंकुर शुक्ला, प्रमोद त्रिवेदी, अंजनी अग्निहोत्री, आशुतोष शुक्ला, अवनीश शुक्ला, पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे, संदीप पांडे, श्रीकांत पांडे, जय शंकर मिश्र, दिनेश अवस्थी, के डी त्रिवेदी, अंजनी मिश्रा, लालाराम शुक्ला, अनुज तिवारी, बी डी त्रिवेदी पहुंचे।


गोपीनाथ चंद्रावती स्कूल में होता उपनयन संस्कार। अमृत विचार

### इन जोड़ों ने थामा एक-दूसरे का हाथ

सामूहिक विवाह में प्रियंका द्विवेदी संग हरिओम बाजपेई, काजल संग आशीष, गंगादेवी संग कपिल, स्तुति संग जीतेन्द्र, सोनी संग सुरेश, लक्ष्मी देवी संग राज ने एक दूसरे का हाथ थाम कर सात फेरे लिये।

लोकसभा चुनाव | हर हाल में शुचितापूर्ण मतदान कराने के दिए निर्देश

# प्रेक्षक ने लिया मतदान की तैयारियों का जायजा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ सुचितापूर्ण सकुशल लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 संपन कराने के लिए सामान्य प्रेक्षक बाबू ए व पुलिस प्रेक्षक डीके चौधरी ने स्थानीय अफसरों के साथ कलक्ट्रेट स्थित पन्नालाल हाल में समीक्षा बैठक की। उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी गौरांग राठी से चुनावी तैयारियों की विस्तार से जानकारी लेते हुए जरूरी निर्देश दिए।

सामान्य प्रेक्षक ने सबसे पहले जिला स्तरीय नोडल अधिकारियों के साथ समीक्षा करते हुए वेब कास्टिंग, कार्मिक प्रशिक्षण, वाहन व्यवस्था, पोलिंग पार्टियों की रवानगी, कंट्रोल रूम, खान-पान की व्यवस्था, पोलिंग प्रतिशत, सुरक्षा व्यवस्था, स्ट्रांग रूम, रवानगी स्थल की व्यवस्थाएं, स्वीप कार्यक्रम, सामग्री व पोस्टल बैलेट व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदान केंद्र के बाहर बीएलओ की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। कहा निर्वाचन ड्यूटी के दौरान अधिकारियों सहित मतदान कार्मिकों को अनिवार्य रूप से पहचान पत्र उपलब्ध कराया जाए। साथ ही आवश्यकता पर सभी को सक्षम अधिकारियों को पहचान पत्र दिखाना भी चाहिए। सफलता पूर्वक निर्वाचन संपंन कराने के लिए सभी कार्मिकों को टीम भावना से एक-दूसरे का सहयोग करते हुए दायित्व निर्वहन करना चाहिए। निर्वाचन कार्य में लगाए जाने पर पुलिस कमियों को लगातार कंट्रोल रूम के सम्पर्क में रहना चाहिए।

उन्होंने अधिक से अधिक मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर भी जोर दिया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन संपंन कराने के लिए अब तक हुई तैयारियों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

बैठक में एसपी सिद्वार्थ शंकर मीना, कार्मिक प्रभारी सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी नरेंद्र सिंह, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विकास कुमार सिंह, एएसपी अखिलेश सिंह, प्रभारी अधिकारी वाहन नगर मजिस्ट्रेट राजीव राज सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



अधिकारियों के साथ चुनावी तैयारियों की समीक्षा करते प्रेक्षक। अमृत विचार

# चिकनपॉक्स ने पसारे पैर, कई बच्चे चपेट में

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट के मझरा पीपर खेड़ा गैर एहतमाली के गजिया खेड़ा गांव में गंदगी होने के कारण चिकनपॉक्स ने पैर पसार दिये हैं। जिस कारण अधिकांश घरों में बच्चों को चिकनपॉक्स हो गया है। इसकी जानकारी सीएमओ को दी गई है।

गजिया खेड़ा गांव में साफ सफाई न होने के कारण नालियां बजबजा रही हैं। इसके साथ ही पूरे क्षेत्र में गंदगी का अंबार है। जिस कारण क्षेत्र में चिकनपॉक्स तेजी से फैल रहा है। गांव के रामखिलावन ने बताया कि गांव के गौरव, काजल, नंदनी, मुनीम, राशि, आशीष, अनीता समेत तमाम बच्चे चिकनपॉक्स की चपेट में हैं। कई बार स्वास्थ्य विभाग को अवगत कराया गया लेकिन डेढ़ सप्ताह से अधिक का समय हो गया है। विभाग का कोई भी जिम्मेदार दवाइयां बांटने तक नहीं आया है। वहीं पूर्व विधायक रामकुमार ने बताया कि सीएमओ को अवगत कराया है, उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की टीम भेजने की बात कही है।

# अधेड़ को गोली मार लूटने का आरोप

संवाददाता गंजमुरादाबाद उन्नाव

- सीसीटीवी, फील्ड यूनिट व फोरेंसिक जांच में नहीं मिली फायर इंजरी

**अमृत विचार।** बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत कस्बा गंजमुरादाबाद में गुरुवार देररात फायरिंग की आवाज सुन मोहल्ला वासियों में सनसनी फैल गई। परिजनों के मुताबिक बदमाश गोली मारकर एक अधेड़ को घायल करने के बाद लाखों की नगदी व जेवर लूट ले गए। सूचना पर सीओ ने फील्ड यूनिट व फोरेंसिक टीम से जांच कराई। जिसमे परिजनों द्वारा लगाए गए आरोप की पुष्टि नहीं हो सकी। हालांकि अभी घायल अधेड़ का लखनऊ में इलाज चल रहा है।

गंजमुरादाबाद कस्बा के मोहल्ला तालाब में गुरुवार देररात अचानक गोलियां चलने की आवाज सुन मोहल्ले के लोगों में दहशत फैल गई। इसमें अनवरुद्दीन (50) गोली लगने से गंभीर घायल हो गया। परिजन उसे लेकर बांगरमऊ सीएचसी पहुंचे। जहां से डाक्टर ने उसे गंभीर देख ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। जहां उसका इलाज चल रहा है। परिजनों के अनुसार, बदमाशों की फायरिंग से अनवरुद्दीन को गोली लगी और इसके बाद बदमाश घर में रखे 80 लाख रुपए व 10 तोला सोना लूट ले गए। सूचना पर सीओ अरविंद कुमार, एसएचओ, इंस्पेक्टर क्राइम व अन्य पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच के साथ घटना के बाबत पड़ोसियों से भी पूछताछ की। शुक्रवार सुबह पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाले। डाग स्क्वाएड भी घटनास्थल पर पहुंचा। फिलहाल पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है। पुलिस के अनुसार, घटना को लेकर अभी तक कोई तहरीर भी नहीं मिली है। सीओ अरविंद चौरसिया ने बताया कि प्रथम दृष्टया घटना संदिग्ध लग रही है। लेकिन सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। इलाज के दौरान डाक्टरों को भी गोली लगने के लक्षण नहीं मिले हैं।


घटनास्थल पर जांच करती पुलिस। अमृत विचार

## एक नजर

### प्रेक्षक प्रतिदिन करेंगे आम जनता से मुलाकात

**हरदोई, अमृत विचार।** 31-लोक सभा सामान्य निर्वाचन क्षेत्र हरदोई के लाईजिनिंग आफिसर/अधिशासी अभियंता जल निगम एके त्रिपाठी ने बताया है कि लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र हरदोई के प्रेक्षक एम. सुन्दरेश बाबू का आगमन 24 अप्रैल हो चुका है। श्री त्रिपाठी ने अवगत कराया कि प्रेक्षक आम जनता से प्रतिदिन प्रात: 10 से 11 बजे तक लोक निर्माण विभाग के डाक बंगले पर मुलाकात करेगें और प्रेक्षक का मोबाइल नम्बर- 9453756109 है।

### गेहूं की फसल काटने पर तीन पर मुकदमा

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** ग्राम गोसवा निवासी वीरेंद्र कुमार ने कोतवाली में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसके खेत में गेहूं की फसल खड़ी है। जिसमें दो बिस्वा फसल को गांव के कन्हैया लाल, उनके लड़के मानसिंह, कपिल दो बिस्वा फसल को कंबाइंड मशीन से 23 अप्रैल को कटवा लिया। जब कहा तो लाठी डंडों व सरिया से मारा पीटा और जान माल की धमकी दी। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

### दो लोगों पर मारपीट करने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार। ग्राम फुलई निवासी राजू ने कोतवाली में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 23 अप्रैल को बिना किसी बातचीत के अजोद्धी व महेंद्र ने लात घूसों डंडों से मारा पीटा, जिससे चोटे आई हैं। पुलिस ने दोनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। मल्लावां (हरदोई) कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने कोतवाली में दिए प्रार्थना पत्र बताया कि मेरी 17 वर्षीया पुत्री को थाना बेनीगंज अंतर्गत एक कस्बे के मोहल्ला का निवासी युवक 22 अप्रैल को सुबह 4 बजे बहला फुसलाकर भगा ले गया। साथ में मेरी पुत्री 40 हजार रुपए के जेवर, 5800 रुपया जो नगद रखे थे। वह भी ले गई। पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर युवक के खिलाफ बहला फुसलाकर कर भाग ले जाने का मुकदमा दर्ज किया है।

# खामोशी से गुजर रहे दिन, नजदीक आ रही है चुनाव की तारीख

शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** हरदोई सुरक्षित लोकसभा क्षेत्र में चुनावी सरगर्मी इस बार पूरी तरह से अदृश्य है। खामोशी से दिन गुजरते जा रहे हैं और चुनाव की तारीख धीरे-धीरे नजदीक आ रही है। हां इतना जरूर है कि प्रत्याशी मतदाताओं से अपना संपर्क बनाए हुए हैं।

हरदोई सुरक्षित लोकसभा सीट से वर्तमान में भाजपा जयप्रकाश रावत सांसद हैं। पार्टी ने उन्हें दूसरी बार भी अपना प्रत्याशी बनाकर चुनाव मैदान में उतारा है। ठीक इसी तरह से सपा ने भी अपनी प्रत्याशी और पूर्व सांसद तथा पूर्व मंत्री ऊषा वर्मा को तथा बसपा ने एमएलसी रह चुके भीमराव अंबेडकर को अपना प्रत्याशी बनाया है। भाजपा और सपा प्रत्याशी पहले से ही घोषित प्रत्याशी हैं और क्षेत्र में अपना संपर्क बनाए हुए हैं। बसपा ने देर से लेकिन जनपद के बाहर का प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारा है। भाजपा और सपा का चुनाव कार्यालय भी शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र में खुल चुका है, जबकि बसपा का अभी शाहबाद विधानसभा क्षेत्र में कार्यालय तक नहीं खुल पाया है। भाजपा के प्रत्याशी एवं सांसद जयप्रकाश रावत हालांकि चुनाव जीतने के बाद से क्षेत्र से गायब रहे, लेकिन जब से दोबारा प्रत्याशी बनाए गए हैं तब से उन्होंने क्षेत्र में आवाजाही बढ़ा दी है। इसके ठीक इतर सपा की प्रत्याशी और पूर्व सांसद लगातार क्षेत्र में मांगलिक और पार्टीगत कार्यक्रमों में शामिल होती रही, लोगों से संपर्क बनाए रहीं। बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी एकदम नए हैं और जनपद से बाहर के हैं इसलिए शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र में उनके लिए सभी कार्यकर्ता नए होंगे।


जयप्रकाश रावत


ऊषा वर्मा


भीमराव अंबेडकर

भाजपा और सपा प्रत्याशियों का संपर्क अभियान चल रहा है, लेकिन इस बार चुनाव में दिन पूरी तरह से खामोशी के साथ कट रहे हैं कहीं भी चुनावी चर्चा नहीं हो रही है। वैसे चाय, पान की दुकानों, होटलों, तिराहों, चौराहों पर चुनावों को लेकर खूब चर्चा होती थी, लेकिन इस बार ऐसा नहीं है। दिन पूरी तरह से खामोशी के साथ गुजर रहे हैं। चुनाव की तिथि 13 मई नजदीक आती जा रही है। राम मंदिर निर्माण और भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा की लहर भी इस बार देखने को नहीं मिल रही है। मोदी लहर का प्रभाव भी क्षेत्र में कहीं नहीं दिखा। ग्रामीण क्षेत्र का किसान इस वक्त गेहूं की कटाई और गहाई में व्यस्त है। लेकिन चुनाव के प्रति उसका कोई लगाव नहीं दिखाई दे रहा है। इसका मुख्य कारण है बढ़ती हुई महंगाई, खाद बीज और डीजल के बढ़ते हुए दाम उसे चुनावी चर्चा से दूर बानाये हुए हैं। कुल मिलाकर लोकसभा का चुनाव इस बार पूरी खामोशी के साथ हो रहा है। न पहले जैसी गाड़ियों का काफिला है, न ही जनसभाएं हो रही हैं और न ही पत्रकारों को बुलाकर पत्रकार वार्ताएं हो रही हैं। खामोशी के साथ दिन गुजर रहे हैं। गाड़ियां लेकर फर्राटा भरते छुटभैया नेता भी इस बार कम देखे जा रहे हैं। पार्टी के कार्यालय पर भी भीड़भाड़ कम देखने को मिल रही है। कुल मिलाकर यह लोकसभा चुनाव पूरी खामोशी के साथ संपन्न होने जा रहा है।

### इस बार न मोदी लहर न ही राम मंदिर की कहीं चर्चा

पिछले चुनाव में मोदी लहर और राम मंदिर का मुद्दा दिखाई पड़ रहा था लेकिन इस बार ऐसा नहीं है। इस चुनाव में कोई लहर न होने की वजह से चुनाव भी पूरी तरह से बंद दिखाई दे रहा है। मतदाता पहले से ज्यादा जागरूक हुए हैं। तिराहों, चौराहों एवं गांव की चौपालों पर जिस तरह से खुलकर चर्चाएं होती थी, इस बार ऐसा नहीं है।

### हर पार्टी के पास जीत के लिए हैं वजहें व उम्मीदें

भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी लगातार पांच साल क्षेत्र से गायब रहने के बाद भी मोदी के नाम से जीतने की उम्मीद लगाए बैठे हैं। अक्सर छोटी-छोटी सभा में भी उन्होंने यह बातें कही हैं। ठीक इसके विपरीत सपा और बसपा, भाजपा से नाराज मतदाताओं, महंगाई बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के नाम पर अपनी जीत की उम्मीद लगाए बैठे हैं। बहुजन समाज पार्टी को अपने कैडर बोर्ड पर कुछ ज्यादा ही भरोसा है।

## उप मुख्यमंत्री ने गिनाईं सरकार की उपलब्धियां

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** इटवा में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने तहसील मुख्यालय के माता प्रसाद जायसवाल इंटर कॉलेज परिसर में शुक्रवार को आयोजित सोशल मीडिया कार्यक्रम को संबोधित किया। भाजपा के हजारों सोशल मीडिया वर्क्स के साथ जिले के सभी पदाधिकारी और जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। सम्मेलन में सिद्धार्थनगर जिले के विभिन्न पार्टियों के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस, सपा, बसपा छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। उपमुख्यमंत्री ने सभी का स्वागत किया। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने पिछले 10 सालों में मोदी सरकार की उपलब्धियों का बखान करते हुए पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों की विफलताएं गिनाईं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पूरे विश्व में भारत का डंका बज रहा है।

# झोलाछाप के इलाज से पिता और पुत्र की मौत

## तेज बुखार में इंजेक्शन लगाने से हुई बच्चे की मौत, हालत बिगड़ने पर पिता को भी दिया इंजेक्शन

हरदोई

**अमृत विचार।** झोलाछाप ने तेज बुखार से तप रहे बच्चे को इंजेक्शन लगा दिया। इंजेक्शन लगते ही बच्चे की हालत और ज्यादा बिगड़ गई और कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। बच्चे की मौत से परिजनों में मातम मच गया। उसी बीच बच्चे के पिता की भी तबियत बिगड़ गई, उसे भी उसी झोलाछाप के पास ले जाया गया और उसने मृत बच्चे के पिता को भी इंजेक्शन दे दिया। कुछ देर बाद उसकी भी मौत हो गई। कुछ ही समय के अंदर बेटे और पिता की मौत से गांव व क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची लेकिन उससे पहले ही झोलाछाप अपनी दुकान बंद कर भाग गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए दोनों शवों को अपने कब्ज़े में लेते हुए आगे की जांच शुरू कर दी।


झोलाछाप के बारे में पूछताछ करती टीम। अमृत विचार

जानकारी के अनुसार बिलग्राम कोतवाली के भिक्खापुरवा मजरा जरसेनामऊ निवासी मान सिंह (38) के बेटे बेटे गोलू (7) को तेज बुखार और निमोनिया की शिकायत थी। बीते गुरुवार को मान सिंह अपने बीमार बेटे को लेकर पहले उसी झोलाछाप के पास पहुंचा जहां उसने इंजेक्शन लगाया। हालत बिगड़ने पर सीएचसी भेज दिया। वहां ड्यूटी पर तैनात ईएमओ डा. एसके गौतम ने उसे मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। जहां रात के 11:58 बजे गोलू की मौत हो गई। बच्चे की मौत से घर में कोहराम मच गया। इसी बीच शुक्रवार सुबह मान सिंह की भी हालत बिगड़ गई और कुछ ही देर में उसकी भी मौत हो गई। बेटे और फिर उसके बाप की मौत की खबर सुनकर क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

मान सिंह के भाई राजेश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि तेज बुखार में तप रहे उसके भतीजे को कन्नौज जिले के दनईपुरवा कटरी छिबरामऊ निवासी सौरभ ने इंजेक्शन लगाया था। सौरभ कटरी छिबरामऊ में मेडिकल स्टोर की आड़ में दवाखाना चलाता है। जिससे उसकी मौत हुई। मान सिंह का भी उसी से इलाज चल रहा था। राजेश का आरोप है कि सौरभ की लापरवाही और गलत इंजेक्शन से उसके भाई और भतीजे की मौत हुई।

सीएचसी प्रभारी डा.राजेन्द्र कुमार व नोडल अधिकारी डा.मनोज सिंह एसडीएम बिलग्राम के आदेश पर जांच करने कटरी छिबरामऊ पहुंचे। लेकिन उनके पहुंचने से पहले ही आरोपी झोलाछाप सौरभ वहां से भाग निकला। जांच टीम ने एसडीएम बिलग्राम को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। बिलग्राम पुलिस ने दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं।

## परिषदीय स्कूलों के समय में फिर किया गया बदलाव

हरदोई

- केवल दो दिन 27 व 28 अप्रैल को 11:30 बजे होगी बच्चों की छुट्टी
- 29 अप्रैल से सुबह 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक खुलेंगे स्कूल

**अमृत विचार।** सरकार ने परिषदीय स्कूलों के समय में एक बार बदलाव किया है। शिक्षा निदेशक (बेसिक) प्रताप सिंह बघेल ने बताया है कि सिर्फ दो दिन (27 व 28 अप्रैल) के लिए छुट्टी का समय 11:30 बजे किया गया है। वैसे 27 अप्रैल को शनिवार है और 28 अप्रैल को रविवार की छुट्टी पड़ रही है। सिर्फ एक दिन के लिए बदलाव किया गया है। सोमवार 29 अप्रैल से परिषदीय स्कूलों का समय सुबह 7:30 से दोपहर 1 बजे तक रहेगा।

शिक्षा निदेशक (बेसिक) प्रताप सिंह बघेल ने पत्रांक-शि. नि.(बे.)/4867-5133/2024-25 दिनांक-26 अप्रैल में कहा है कि शासन ने परिषदीय स्कूलों के समय में सुबह 7:30 बजे से दोपहर 1 बजे तक का बदलाव किया था। उसके बाद 27 और 28 अप्रैल को सिर्फ दो दिनों के लिए स्कूलों मे 11:30 छुट्टी होने का आदेश जारी किया है। शनिवार 27 अप्रैल को एक दिन के लिए समय में बदलाव किया गया है, जबकि 28 अप्रैल को तो रविवार की छुट्टी है। सोमवार से परिषदीय स्कूलों का सुबह 7:30 से दोपहर एक बजे का समय रहेगा।

# फ्लोर मिल पर बिकने जा रहा गेहूं जब्त

हरदोई

**अमृत विचार।** नवीन गल्ला मंडी में बने क्रय केंद्रों पर गेहूं की खरीद बढ़ाने को लेकर जिला प्रशासन लगातार प्रयास कर रहा है। जिला प्रशासन के तमाम प्रयास के बाद भी नवीन गल्ला मंडी में गेहूं की खरीद नहीं बढ़ पा रही है, जिसका कारण है पंजीयन समय से न होना और दलालों द्वारा सीधे फ्लोर मिल में गेहूं की बिक्री करवाना।

जनपद के ज्यादातर किसान बीना मंडी में आये सीधे फ्लोर मिल पर अपना गेहूं बेच रहे हैं, जिससे क्रय केंद्रों पर लगभग सन्नाटा पसरा हुआ हैं। जिसको देखते हुए प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है। प्रशासन ने कहा कि यदि कोई भी किसान सीधा फ्लोर मिल में गेहूं बेचते पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी। आदेश के पहले ही दिन मंडी सचिव द्वारा फ्लोर मिल में बिकने जा रहे गेहूं की दो ट्रैक्टर ट्रालियो को जप्त किया है और जुर्माना लगाया हैं। पहले दिन हुई इस कार्यवाही से किसानों में हड़कंप मचा हुआ है।



जब्त की गई गेहूं लदी ट्रैक्टर-ट्राली। अमृत विचार

### जुर्माना भरे बिना नहीं छोड़ी जाएंगी गाड़ियां : मंडी सचिव

जिला प्रशासन ने किसानों के सीधे फ्लोर मिल पर गेहूं बेचने पर रोक लगा दी है। नवीन गल्ला मंडी सचिव अजय प्रताप सिंह ने दो ट्रैक्टर ट्रालियों पर लदा गेहूं जब्त कर लिया है। दोनों ट्रैक्टर ट्रालियों को जप्त कर लिया है और 50-50 हज़ार का जुर्माना लगाया है। मंडी सचिव ने कहा कि दो ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी गई है जिन पर 100 कुंतल से अधिक माल है। यह दोनों गाड़ियां गलत तरीके से फ्लोर मिल को जा रही थी जिनको विभाग द्वारा पकड़ के लाया गया है। जब तक जुर्माना नहीं जमा किया जाता है तब तक यह गाड़ियां मंडी नहीं खड़ी रहेंगी। जुर्माना भरने के बाद इन्हें मंडी से अवमुक्त किया जाएगा।

## बच्चे के हाथ में हुआ विस्फोट अस्पताल में चल रहा इलाज

हरदोई

- जमीन पर पड़ा था पटाखा खेलते समय बच्चे के हाथ में दगा

**अमृत विचार।** शादी के दौरान हुई आतिशबाज़ी में एक पटाखा ज़मीन पर पड़ा रह गया। जिसे एक बच्चा उठा कर खेलने लगा, तभी उसमें विस्फोट हो गया, नतीजतन बच्चे के हाथ की उंगलियां उड़ गई और वह बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया। जिसे सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

बताया गया है कि गुरुवार को बिलग्राम कोतवाली के कलेनापुर गांव में पड़ोसी के घर हुई शादी में आतिशबाज़ी हो रही थी। उसी बीच एक पटाखा ज़मीन पर पड़ा रह गया। उसी बीच गांव निवासी खुशीराम का 9 वर्षीय पुत्र दुर्गेश वहां खेलते-खेलते पहुंच गया, ज़मीन पर पड़ा पटाखा उठा कर वह उससे खेलने लगा। तभी एका-एक उसमें विस्फोट हो गया। विस्फोट के साथ दुर्गेश के चीखने की आवाज़ सुन कर पहुंचें लोगों ने देखा कि झुलसे हुए दुर्गेश के हाथ की उंगलियों से खून बह रहा था। इसका पता होते ही वहां हड़कंप मच गया।

गंभीर रूप से घायल दुर्गेश को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज हो रहा है।

## सार-संक्षेप

### 40 लाख हड़पने के मामले पांच पर दर्ज हुआ केस




**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** युवक ने पांच लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी कर धन हड़पने तथा वापस मांगने पर धमकी देने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। कस्बे के मोहल्ला नसरत नगर निवासी मोहम्मद बिलाल अंसारी ने कोतवाली मल्लावा में दर्ज कराये मुकदमे में आरोप लगाया है कि मोहल्ले के रहने वाले सुमित वंशराज अपने आप को भारत सरकार एक्ससाइज में बड़ा अधिकारी बताता है। उसके छोटे भाई अर्पित ने कस्बे में लोगों को बताया कि दिल्ली में उसके भाई के मित्रों की एक ऐसी संस्था है जो की 3 से 6 माह में कंपनी 30 प्रतिशत का लाभ देती है। अर्पित पर विश्वास कर मोहम्मद बिलाल ने 40 लाख 77 हजार 212 रुपए अलग-अलग तारीखों में अर्पित को नगद व बैंक ट्रांजैक्शन दिए गए हैं। अर्पित ने कुछ लोगों को 30 प्रतिशत के हिसाब से पैसा भी दिया। ताकि लोगों का विश्वास और बढ़ सके। इसी तरह अर्पित ने कस्बे के अन्य तमाम लोगों का पैसा लिया गया है। जब अर्पित से फोन पर बात करनी चाही तो फोन बंद मिला। शंका होने पर अर्पित के घर गए। अर्पित के पिता अखिलेश मिले तो हम लोगों को धमकाने लगे। इस प्रकार अखिलेश वंशराज, अर्पित वंशराज, पूर्ति देवी, हिमेश कुमार, लक्ष्मी देवी सर्व निवासी का नसरत नगर बड़ा दरवाजा व थाना मल्लावां द्वारा एक गिरोह बनाकर आर्थिक लाभ लेते रहते हैं। पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर पांच लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी व धमकी दिए जाने का मुकदमा दर्ज किया है। शुक्रवार को क्षेत्राधिकार सुनील कुमार शर्मा ने इस मामले की जांच के लिए उसके घर भी गए।

### बहन के घर पहुंचे भाई की हालत बिगड़ने से हुई मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** कन्नौज का रहने वाला युवक फर्रुखाबाद में एक बारात में शामिल होने के बाद अपनी बहन के घर आया हुआ था, जहां उसकी हालत बिगड़ गई। आनन-फानन में उसे इलाज के लिए मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। इसे ले कर तरह-तरह की बातें हो रही है। पुलिस सारे मामले की जांच कर रही है। बताया गया है कि कन्नौज ज़िले के चियासर थाना गुरसहायगंज निवासी 28 वर्षीय विक्रम शुक्रवार को फर्रुखाबाद में एक बारात में शामिल होने गया हुआ था। उसकी बहन सुधा अरवल थाने के दहेलिया गांव में ब्याही है। जैसा कि बताया गया बहन के घर पहुंचने से पहले विक्रम ने रास्ते में ठेके पर रुक कर शराब पी और फिर बहन के घर पहुंचा। बहन के घर पहुंचने के कुछ देर बाद उसे उल्टी शुरू हो गई। हालत बिगड़ने लगी। जिस पर बहन के ससुराल वाले उसे लेकर मेडिकल कालेज के लिए दौड़ पड़े। लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई।

### हज जायरीनों का होगा टीकाकरण

**हरदोई, अमृत विचार।** 30 अप्रैल दिन मंगलवार को मदरसा अशरफुल मदारिस, सिनेमा रोड, हरदोई में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों का चिकित्सकीय परीक्षण एवं टीकाकरण किया जाएगा। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. आरके सिंह ने बताया कि प्रात: नौ बजे से कार्य पूर्ण होने तक दो चिकित्सकीय टीमें हज यात्रियों का चिकित्सकीय परीक्षण करेंगी तथा टीकाकरण करेंगी। आपने बताया कि प्रत्येक टीम में दो चिकित्सक एवं आवश्यक चिकित्सकीय स्टाफ हज यात्रियों का चिकित्सकीय परीक्षण करेंगे एवं आवश्यक परामर्श देंगे।

### उधारी के पैसे मांगने पर पिटाई, दी गई तहरीर

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के खेड़ा बीबीजई में उधारी के पैसे मांगने पर एक युवक को दबंगों ने पीट कर घायल कर दिया। घटना की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खेड़ा बीबीजई निवासी युसूफ के अनुसार राना एवं अच्छे मियां पर उसके उधारी के पैसे थे। बकौल युसूफ जब अपने उधारी के पैसे मांगे तो उपरोक्त दोनों ने उधारी के पैसे देने से मना कर दिया और गाली गलौज करते हुए उसे मारापीटा, जिससे उसे काफी चोटें आई हैं। घटना की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई। घायल का डाक्टरी परीक्षण कराया गया। प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा ने बताया मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### गमछे से लटक कर बुज़ुर्ग ने की आत्महत्या

**हरदोई, अमृत विचार।** शराब पीने के लती बुजुर्ग राजमिस्त्री ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। टड़ियावां थाने के सढ़लि एकघरा निवासी गिरजा (60) राजगीरी करता था। पांच भाइयों में तीन की काफी पहले मौत हो चुकी थी। भाई जयराम ने बताया कि गिरजा शराब पीने का ऐसा लती हुआ कि उसकी शादी भी नहीं हुई थी। गुरुवार की शाम को उसने घर के बाहर पड़े छप्पर में गमछे से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। उसी बीच उसका लटकता हुआ शव देखकर समूचे गांव में हड़कंप मच गया। गिरिजा के घरवाले उसके आत्महत्या करने की वजह नहीं बता पा रहें हैं। इसका पता होते ही वहां पहुंची पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते हुए शुक्रवार को उसका पोस्टमार्टम कराया।

### आग से आधा दर्जन से अधिक घरों का सामान जला

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। लोटन कोतवाली क्षेत्र क्षेत्र के बड़हरा टोला लोधपुरवा में शुक्रवार को डंठल से लगी आग से छह से अधिक घर जलकर राख हो गए। ग्रामीणों के घंटों कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

## प्रेक्षकों की मौजूदगी में हुआ ईवीएम का रेंडमाइजेशन

हरदोई

**अमृत विचार।** एनआईसी कक्ष में हरदोई व मिश्रिख लोकसभा के प्रेक्षकों की उपस्थिति में माइक्रोऑब्ज़र्वरों का द्वितीय रैण्डमाइजेशन कार्य संपन्न हुआ।

माइक्रोऑब्जर्वरों की विधानसभा वार ड्यूटी लगी। प्रथम रेण्डमाइजेशन के द्वारा माइक्रोऑब्जर्वर के रूप में ड्यूटी लगी थी। तृतीय रैण्डमाइजेशन के माध्यम से बूथों का आवंटन होगा। सभी क्रिटिकल व 3 या 3 से अधिक बूथों वाले मतदान केन्द्रों पर इन माइक्रो ऑब्जर्वरों को मतदान के दिन लगाया जायेगा। समस्त तकनीकी प्रक्रिया जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अमित मिश्रा ने संपन्न करायी। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने कहा कि सभी नियंत्रण अधिकारी दो दिन के अंदर ड्यूटी सम्बंधित अधिकारियों को प्राप्त कराना सुनिश्चित करें। कार्मिकों का पहचान पत्र भी प्राप्त कराएं।

## बेटी के विवाह के बाद पिता ने की आत्महत्या

**हरदोई, अमृत विचार।** बेटी को हंसी-खुशी विदा करने के चौथे दिन पिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामला सुरसा थाने के कराही गांव का बताया गया है। कराही निवासी 46 वर्षीय अनिल मेहनत-मज़दूरी कर पत्नी चमेली, तीन बेटों अमरपाल, अरविंद व छोटू और चार बेटियों का पेट पाल रहा था। 21 अप्रैल को अनिल की बड़ी बेटी अजूबी की शादी थी। अगले दिन सोमवार को उसने अपनी बेटी को हंसी-खुशी विदा किया। शुक्रवार की सुबह अनिल ने घर के बाहर फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली।

# कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण

हरदोई

**अमृत विचार।** हरदोई व मिश्रिख लोकसभा के प्रेक्षकों ने जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह के साथ एमसीएमसी कक्ष, कंट्रोल रूम, सिंगल विंडो कक्ष का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने प्रेक्षकों को बताया कि एमसीएमसी कक्ष में 24 घंटे राजनीतिक विज्ञापनों व पेड न्यूज की इलेक्ट्रानिक व प्रिंट मीडिया में निगरानी की जा रही है। उन्होंने कंट्रोल रूम पहुंचकर शिकायतों की जानकारी ली। सिंगल विंडो कक्ष में वहां की कार्यप्रणाली की जानकारी ली। नामांकन के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर की साज सज्जा की उन्होंने सराहना की।



कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते प्रेक्षक। अमृत विचार

**आयोजन** | कार्यकर्ता सम्मेलन में बोले पूर्व सांसद नरेश अग्रवाल

# कांग्रेस पार्टी ने दिया भ्रष्टाचार को जन्म : नरेश

हरदोई

**अमृत विचार।** भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व सांसद नरेश अग्रवाल ने शुक्रवार को कार्यकर्ता सम्मेलन में सपा और कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला। कहा कि कांग्रेस ने भ्रष्टाचार को जन्म दिया, जबकि सपा ने गुण्डों और माफिया को पैदा किया। मोदी ने न केवल भ्रष्टाचार खत्म किया, बल्कि गुण्डों और माफियाओं पर भी नकेल कसी है, इसीलिए आज भी समूचा विपक्ष मिलकर मोदी हटाओ अभियान चला रहा है।


कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते पूर्व सांसद नरेश अग्रवाल।

पूर्व सांसद ने यहां गांधी मैदान में हरदोई से भाजपा प्रत्याशी जयप्रकाश रावत के समर्थन में कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित किया। विपक्षी दलों को तुष्टीकरण का पोषक बताते हुए कहा कि सभी दलों को अयोध्या में श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा में आमंत्रित किया गया, लेकिन विपक्षी नेताओं ने वहां जाना मुनासिब नहीं समझा। कहा कि भाजपा भ्रष्टाचार, जातिवाद और गरीबी उन्मूलन की पक्षधर है।

उत्तर प्रदेश सरकार के आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि भाजपा के 10 वर्ष के शासन काल में भ्रष्टाचार का एक भी मामला प्रकाश में नहीं आया, जबकि कांग्रेस शासन में हर दिन भ्रष्टाचार का कोई न कोई मामला निकलकर सामने आता था। उन्होंने सपा पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि सपा ने अतीत जैसे माफिया पैदा किये उन्हें एमपी, एएलए बनाया, जबकि भाजपा ने गुण्डों और माफियाओं को मिट्टी में मिलाने का काम किया है। भाजपा प्रत्याशी जयप्रकाश रावत ने हर वर्ग के समाज को आगे बढ़ाने की बात कही। जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने भाजपा सरकार की योजनाओं का बखान करके पूर्ववर्ती सरकारों की नाकामियों का ब्यौरा रखा। सम्मेलन का संचालन अरविन्द कुमार इटोरिया ने किया। इस मौके पर मुख्य रूप से ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बावन धर्मेंद्र सिंह, नाजिम खां निजामपुर, एडवोकेट शिवेंद्र शुक्ला "छुन्ना", मण्डल अध्यक्ष देशदीपक दीक्षित, प्रियम मिश्रा, हमीद अहमद पप्पू, अनीस पांडेय, सुधांशू सिंह, संदीप वर्मा, श्रीराम वर्मा, रामनाथ फौजी, रतीराम वर्मा, सुरेश नाहर, महेश वर्मा, रामगोपाल, श्यामलाल, हरसिंगपुर, विजयपाल, प्रेम कुमार बरखेरा, उमाकांत पाठक, हेमंत सिंह सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्रत्याशियों को निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत करने का निर्देश

हरदोई

**अमृत विचार।** वरिष्ठ कोषाधिकारी/नोडल अधिकारी निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण हरदोई ने लोक सभा सामान्य निर्वाचन में चुनाव लड़ने वाले समस्त अभ्यर्थियों से कहा है कि उनके व्यय लेखा का निरीक्षण 3 मई तथा 7 मई व 10 मई को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक तथा लेखा समाधान बैठक निर्वाचन परिणाम की घोषणा के 26वें दिन जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता मे 30 जून को प्रातः 10 बजे से सायं 05 बजे तक विकास भवन सभागार में प्रस्तावित है।

बताया कि समस्त अभ्यर्थी जो लोकसभा सामान्य निर्वाचन के निर्वाचन प्रत्याशी है, उपरोक्त तिथियों में स्वयं अथवा उनके निर्वाचन व्यय अभिकर्ता निर्धारित तिथि/समय पर विकास भवन सभागार में उपस्थित होकर अपना व्यय लेखा प्रस्तुत करें। निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत करने हेतु दैनिक व्यय लेखा पंजिका, बैंक पंजिका, वाउचर, बैंक स्टेटमेंट की छाया प्रतियाँ तीन सेट में प्रस्तुत करना आवश्यक है। लेखा प्रस्तुत करने की तिथि को, एक दिन पूर्व तक का लेखा प्रस्तुत करना होगा। निर्धारित तिथियों में व्यय लेखा प्रस्तुत न करने की स्थिति में सम्बन्धित अभ्यर्थी के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

# जन औषधि केंद्र पर की गई छापेमारी

## ब्रांडेड कंपनी की दवा और वेटनरी ड्रग बरामद, जांच के लिए भेजा सैंपल

हरदोई

**अमृत विचार।** एक प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र पर औषधि निरीक्षक ने छापेमारी की। इस दौरान निरीक्षक ने पीएम औषधि केंद्र से ब्रांडेड कंपनी की दवाएं और वेटनरी ड्रग्स बरामद कर उसको सीज कर दिया है। इस दौरान एक सस्पेक्टेड सैंपल भी भरा गया है जिसको टेस्ट के लिए लैब भेजा गया है। प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र से ब्रांडेड दवा बेचना प्रतिबंधित है, जिसको लेकर ये कार्रवाई की गई है। फिलहाल औषधि केंद्र को नियमों का अनुपालन का करने की वजह से नोटिस दी गई है, टेस्ट का रिज़ल्ट आने के बाद कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

मल्लावां संडीला रोड स्थित गौसगंज में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र पर खाद्य निरीक्षक स्वगतिका घोष ने अपनी टीम के साथ छापेमारी की है। इस औषधि केंद्र की शिकायत खाद्य निरीक्षक को मिल रही थी। छापेमारी के दौरान खाद्य निरीक्षक ने औषधि केंद्र से वेटनरी ड्रग्स और ब्रांडेड कंपनी की दवाएं यहां से बरामद की है। जो कि प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र पर बेचना पूर्णतः प्रतिबंधित है। बरामद की गई दवाओं में कई बड़े ब्रांड शामिल है, साथ ही कुछ वेटनरी ड्रग्स भी शामिल है, जो कि धड़ल्ले से यहां से बेचे जा रहे थे। सारी ब्रांडेड कंपनी की दवाएं सीज कर दी गई है। औषधि केंद्र संचालक उमेश कुमार से सेल पर्चेज रिकार्ड मांगा गया है। इस दौरान एक सस्पेक्टेड सैंपल भी भरा गया है। जिसके परीक्षण के लिए उसको लैब भेज दिया गया है। नियमों की अवेहलना के चलते औषधि केंद्र संचालक को नोटिस जारी किया गया है। औषधि निरीक्षक स्वगतिका घोष ने बताया कि सैंपल का रिज़ल्ट आने के बाद अग्रिम विधिक कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।


प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र पर जांच करतीं ड्रग इंस्पेक्टर स्वगतिका घोष। अमृत विचार



## नवीन फल व सब्जी मण्डी में कदम-कदम पर बिखरी पड़ी है गंदगी

**हरदोई, अमृत विचार।** शहर की नवीन फल/सब्ज़ी मण्डी में कदम-कदम पर लगे गंदगी के ढेर इस बात की तरफ इशारा कर रहें है कि अगर ऐसा ही रहा तो वहां कभी भी बीमारी फैल सकती है। गंदगी से आने वाली बदबू से नाक तक देना दुश्वार हो रहा है। वैसे अगर व्यापारियों की बात माने तो ऐसे हालात बनने के लिए मण्डी प्रशासन ही ज़िम्मेदार है। शहर में लखनऊ रोड पर फल/सब्जी.मण्डी की पहले अपनी अलग पहचान थी। वहां सुबह बाद मे.होती थी, पहले सब कुछ चकाचक हो जाता था, लेकिन दिन जाते रहे और बिगड़े हालात उसके हिस्से में आते रहे। आज मण्डी की तस्वीर बदसूरत सी होती जा रही है। वहां 15 दिनों से झाड़ू तक नहीं लगी है। नालियां गंदगी से बजबजा रही हैं, जिसकी वजह से वहां हर तरफ से बदबू ही बदबू फैली हुई है, वहीं बजबजाती नालियों में मच्छरों की भरमार है। गर्मी के समय में तमाम संक्रामक रोग फैलने का खतरा होता है जिस व्यापारी दहशत में है। वहां के मोहम्मद अहमद बताया कई बार मण्डी प्रशासन को इसकी जानकारी दी गई, लेकिन उसके बावजूद भी ठेकेदार ने सफाई के लिए कोई आदमी नहीं भेजें। बता दें कि व्यापारियों के अलावा बड़ी संख्या में लोग खरीदारी करने आते हैं और उनको भी मच्छर जनित बीमारियों का खतरा है, लेकिन मण्डी प्रशासन प्रशासन आंख बंद किए हुए बैठा है। व्यापारियों ने डीएम से मांग की है कि जल्द से जल्द मण्डी की सफाई व्यवस्था ठीक करवाई जाए, वरना बीमारियां फैलने का खतरा है।

## एक नजर

### सड़क हादसे में घायल युवक की तीसरे दिन मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** बहन के घर रह रहा उसका इकलौता भाई बुधवार को हुए एक सड़क हादसे में बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया था। जिसे सीएचसी से मेडिकल कालेज के लिए रिफर कर दिया गया, जहां शुक्रवार को उसकी तीसरे दिन मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। माधौगंज थाने के सती प्रसाद का 30 वर्षीय इकलौता साला राकेश पुत्र दूबर शुरु से उसी के घर में रहता था। बुधवार को राकेश मल्लावां कोतवाली इलाके के बिल्हौर-कटरा हाई-वे पर हुए सड़क हादसे में बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया था। राकेश का मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा था, उसी बीच शुक्रवार की सुबह उसकी वहीं मौत हो गई। कोतवाली शहर पुलिस ने उसके शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए पोस्टमार्टम कराया है।

### पति की संदिग्ध हालात में मौत, पत्नी पर आरोप

**हरदोई, अमृत विचार।** मज़दूरी करने वाले युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। मृतक की बहन ने पत्नी पर ही भाई को जहरीला पदार्थ खिलाकर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। साण्डी थाने के खुटेहना निवासी कन्हैया लाल की शादी करीब पांच साल पहले सुरसा थाने के होशियापुर के साधु की पुत्री पिंकी के साथ हुई थी। उसके कोई बच्चे नहीं थे। कन्हैया लाल की बहन सुनीता ने बताया कि गुरुवार को उसके भाई को उसकी पत्नी पिंकी अपने मायके जाना चाह रही थी, जबकि कन्हैयालाल उसे जाने से मना कर रहा था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। जिससे कन्हैया लाल नाराज़ हो गया। उसी दिन शाम को कन्हैया लाल खाना खाने के लिए घर पहुंचा। पत्नी ने उसे खाना दिया। खाना खाने के बाद कन्हैयालाल को उल्टी होने लगी और उसकी हालत बिगड़ गई। घर वाले उसे मेडिकल कालेज लेकर पहुंचे। जहां उसकी मौत हो गई। बहन सुनीता का आरोप है कि उसकी भाभी पिंकी ने भाई कन्हैयालाल को खाने में ज़हर दे कर उसकी हत्या कर दी। हालांकि पुलिस को अभी कोई तहरीर नहीं दी गई है। उसका कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है, उसकी रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



# भाई की बरात में जा रहे बाइक सवार युवक की हादसे में मौत

हरदोई

**अमृत विचार।** चचेरे भाई की बरात में जा रहे बाइक सवार दो युवक हादसे के शिकार हो गए। एक ही मौत हो गई जबकि दूसरे की हालत गंभीर है। जानकारी के अनुसार गुरुवार की शाम को बेहटा गोकुल थाने के चन्द्रपुर खैराई निवासी राकेश (38) के चचेरे भाई मंजेश की बरात महमदापुर के लिए जा रही थी। राकेश बरात में अपने चचेरे भाई सोनू (32) के साथ बाइक से रवाना हुआ। रास्ते में बेहटा गोकुल थाने के शिरोमणि नगर के पास तेज़ रफ्तार बोलेरो ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे दोनों बुरी तरह से घायल हो गए। हादसे में राकेश की मौत हो गई। जबकि सोनू को सीएचसी शाहाबाद से मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। वहां के डाक्टरों ने उसे लखनऊ के लिए रेफर कर दिया। खेती-किसानी करने वाले राकेश से एक बड़ा और दो उससे भाई है। उसके परिवार में पत्नी धनेश्वरी के अलावा तीन बेटियां है। हादसे से घर में कोहराम मच गया।

### बोलेरो की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** साढ़ू के घर जा रहा साइकिल सवार जैसे ही गांव के बाहर पहुंचा, उसी बीच बोलेरो ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया। उसे मेडिकल कालेज पहुंचाया जाता, लेकिन उससे पहले ही उसकी मौत हो गई। बेहटा गोकुल थाने के बेहटा धीरा निवासी संतराम (40) खेती-किसानी करता था। परिवार में पत्नी के अलावा तीन बेटे और एक बेटी है। संतराम शुक्रवार की सुबह अपने साढ़ू के घर पलिया कोतवाली देहात जाने की बात कह कर साइकिल से निकला था। गांव के बाहर पहुंचते ही ईंट-भट्ठे के पास तेज़ रफ्तार बोलेरो ने उसकी साइकिल में टक्कर मार दी। मेडिकल कॉलेज में उसे मृत घोषित कर दिया गया।

### नौकरी करने दिल्ली गए युवक की मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** रोज़ी-रोटी की तलाश में दिल्ली गया युवक वहां नारियल पानी बेंच कर गुज़र कर रहा था, गुरुवार को उसकी वहीं हालत बिगड़ी, कोई कुछ समझ पाता, उससे पहले उसकी मौत हो गई। मौत की खबर से उसके गांव में मातम बरपा हो गया। हरपालपुर थाने के महितापुर निवासी 28 वर्षीय दानिश पुत्र मुजाहिद कुछ दिन पहले रोज़ी-रोटी की तलाश में दिल्ली गया था। काफी भटकने के बाद उसने नारियल पानी बेंचना शुरु कर दिया। गुरुवार की रात में अचानक उसकी तबियत बिगड़ गई। कोई कुछ समझता, लेकिन उससे पहले ही दानिश की मौत हो गई। जैसा कि बताया गया है कि दानिश के चेहरे पर चोंट के निशान होने से उसके साथ कोई अनहोनी होने से इंकार नहीं किया जा सकता था। दिल्ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। दानिश की मौत की खबर सुनते ही महितापुर गांव में मातम बरपा हो गया। उसके घरवालों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# कार ने ऑटो में मारी टक्कर, दो लोगों की मौत

माधौगंज, हरदोई

**अमृत विचार।** बिल्हौर-कटरा हाईवे पर आटो और कार की जोरदार टक्कर हुई। जिसमें आटो पर सवार एक महिला और दूसरे युवक की मौत हो गई। हादसा होने की खबर से लोगों में हड़कंप मच गया। जबकि इस हादसे में सात लोग बुरी तरह जख्मी हो गए, जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। पुलिस ने दो शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

शुक्रवार को शेखवापुर स्थित बिल्हौर-कटरा हाइवे मार्ग पर हादसा हो गया। बिलग्राम की ओर से सवारी भरे ऑटो व कस्बे से जा रही कार की सीधी टक्कर लगने से सांडी थाने के परसापुर की रहने वाली रामकुमारी की मौत हो गई। वहीं युवक बिलग्राम कोतवाली के हैबतपुर निवासी अनुराग की इलाज के दौरान मौत हो गई है। ऑटो में सवार अखिलेश कुमार, वन्दना, अवनीश कुमार, अनुराग व चुलियापुर बिलग्राम का ऑटो चालक जाने आलम जख्मी हो गया, जबकि कार सवार अयोध्या के हैदरगंज निवासी विंध्याचल सिंह, मीनाक्षी सिंह कैन्ट लखनऊ निवासी दीपक सिंह व उसका पुत्र दक्ष सिंह जख्मी हो गए। सीएचसी पर तैनात डॉ. लोकेश ने गम्भीर रूप से घायल वन्दना, गीता व जाने आलम को मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। हादसे के बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिए हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक ध्रुव कुमार ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


हादसे के बाद सीएचसी पर मृतकों के परिजनों से पूछताछ करती पुलिस। अमृत विचार

### शादी में शामिल होने जा रहे थे ऑटो सवार लोग

महिला व युवक की मौत होने की सूचना पर सीएचसी पहुंचे परिजनों ने बताया कि ऑटो बुक करके कुरसठ चौकी क्षेत्र के ग्राम पहुंतेरा स्थित शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे अचानक हादसा हो गया। वहीं कार में घायल हुए लोगों ने बताया कि वह लोग उधमपुर नगर से शादी समारोह में शामिल होने के बाद वापस जा रहे थे।

### ट्रैक्टर की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक घायल

**बिलग्राम, हरदोई।** कन्नौज मार्ग छिबरामऊ गांव के पास तेज गति से आ रहे ट्रैक्टर-ट्राली ने बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक सवार नेम सिंह (25) पुत्र मांगू लाल निवासी ग्राम पैंदापुर जिला कन्नौज अपने गांव से बिलग्राम क्षेत्र के नाऊ पुरवा गांव में रिश्तेदारी में आ रहा था। हादसे के बाद घायल युवक को सीएचसी बिलग्राम लाया गया जहां से जिला अस्पताल भेज दिया गया।




## मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर बढ़ाया गया हौसला

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** बिल्किस कॉलेज मुजागढ़ में प्रबंधक शाहिद खान ने विद्यालय की 10 छात्र-छात्राओं को माल्यार्पण कर और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। सपा के अल्पसंख्यक इकाई के प्रदेश सचिव मुजीब खान ने इंटरमीडिएट की तृप्ति रस्तोगी, हुजैफा, मोहित, सकीना सिद्दीकी तथा कक्षा 10 की छात्रा कोमल गुप्ता, जारा मलिक, हैदर अली खान, सल्तनत, सिंबुल एवं उन्जिला को माल्यार्पण कर एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि मुजीब खां ने सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रबंधक शाहिद खान और प्रधानाचार्य अजरा नईम ने भी छात्र-छात्राओं से और भी परीक्षाओं में मेहनत और लगन से पढ़ने की अपील की। कहा आप सभी ने सफलता प्राप्त कर हमें, हमारे स्कूल और अभिभावकों को गौरवान्वित किया है।

## पति सहित पांच ससुरालीजनों पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के कनकापुर मजरा सिकंदरपुर नरकतरा निवासी परिवार पर दहेज के लिए बहू को प्रताड़ित करने का आरोप लगा है। विवाहिता ने पति सहित पांच ससुरालली जनों पर केस दर्ज कराया है। मंझिला थाना क्षेत्र के ग्राम पारा की रहने वाली विकलांग सुनीता पुत्री वालिस्टर के अनुसार एक साल पूर्व उसका विवाह क्षेत्र के ग्राम कनकापुर मजरा सिकंदरपुर नरकतरा निवासी बटेश्वर के साथ हुआ था। मायके वालों ने अपनी हैसियत से ज्यादा दान दहेज भी दिया। लेकिन ससुराल पहुंचते ही उसे दहेज में बाइक और सोने की चेन और लाने के लिए परेशान किया जाने लगा। शादी के तीन माह बाद 5 जुलाई 2023 को पति बटेश्वर देवर रामासारे, देवरानी केसकली, सास खुशवती एवं ससुर मन्नीलाल ने डंडों से मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। सुनीता के अनुसार वह रोते हुए अपने मायके चली आई। तब से अपने मायके में ही गुजर बसर कर रही है। प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा ने बताया तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर जांच की जा रही है।

**खुश खबरी** | यात्रियों की मांग पर रेलवे ने हरदोई को दी राहत

# एक और समर स्पेशल ट्रेन का ठहराव

हरदोई

**अमृत विचार।** रेल प्रशासन ने हरदोई में एक समर स्पेशल ट्रेन का ठहराव किया है। हालांकि रेल प्रशासन द्वारा एक फेर लेने वाली ट्रेन का ठहराव हरदोई में दिया है। रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दर्जनों समर स्पेशल ट्रेनों का संचालन कर रहा है। हरदोई से भी प्रतिदिन यात्रियों की संख्या बढ़ती आ रही है, ऐसे में रेल यात्रियों के लिए बनारस से दिल्ली के बीच एक फेरे के लिए समर स्पेशल ट्रेन का ठहराव कर दिया है।

रेल प्रशासन द्वारा 27 अप्रैल को वाराणसी से दिल्ली के बीच 04221 समर स्पेशल ट्रेन का संचालन करेगी। यह ट्रेन केवल एक फेरे के लिए संचालित होगी। वाराणसी से शाम 7:20 पर समर स्पेशल ट्रेन चलेगी जो मां बेला देवी प्रतापगढ़ अमेठी रायबरेली लखनऊ होते हुए 27-28 अप्रैल की रात 3:31 पर हरदोई रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। इस ट्रेन के दिल्ली पहुंचने का समय सुबह 10:55 बजे निर्धारित है। वाराणसी से दिल्ली के बीच एक पहले के लिए चली समर स्पेशल ट्रेन से यात्रियों को थोड़ी राहत जरूर मिलेगी, लेकिन हरदोई के रेल यात्रियों की मांग है कि हरदोई रेलवे स्टेशन पर प्रतिदिन संचालित होने वाली ट्रेनों का नियमित रूप से ठहराव हो इसके साथ ही समर स्पेशल ट्रेन जो कई फेरे ले रही हैं उनका ठहराव किया जाए। मंडल के रेल अधिकारियों ने बताया कि अभी और भी समर स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाएगा।


हरदोई स्टेशन के प्लेटफार्म पर ट्रेन का इंतजार करते यात्री। अमृत विचार

VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL
VAMCRH
SHAHJAHANPUR
Excellence towards profession

वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज एवं रोहिलखंड हास्पिटल
एन.-एच. 24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर फोन : 05842-276501, 7521001988, 7521001989




**मेडिसिन विभाग :-** सामान्य रोग के समस्त गंभीर रोगियों का इलाज व भर्ती सुविधा विशेषज्ञ डाक्टरों की देख-रेख में की जाती है। टी.एम.टी. (TMT), ईको (ECHO), होल्टर (HOLTER), की जाँच, एम.आई.सी.यू. (MICU) की सुविधा 24 घंटे विशेषज्ञ द्वारा उचित दरों में उपलब्ध है।

**सर्जरी विभाग :-** पित्त की पथरी, हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, भगन्दर, आँत का फटना, अपेन्डिक्स आदि रोगों का समुचित उपचार व ऑपरेशन की सुविधा। पेशाब में रूकावट, खून आना, दूधिया पेशाब आना, गुर्दे एवं पेशाब संबंधित रोगों का परामर्श इलाज एवं दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। आंतो के ऊपरी भाग व निचला भाग, बड़ी आंत व गुदा की जाँच दूरबीन द्वारा व ICU की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग :-** बच्चे दानी में गांठ, बच्चेदानी का बाहर आना, माहवारी की समस्या, बार-बार गर्भपात होना तथा महिलाओं में बांझपन के इलाज की सुविधा, पेप स्मेयर की जाँच, कैंसर की जाँच, दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन व सीजेरियन एवं नार्मल डिलीवरी की सुविधा एवं आई.सी.यू. (ICU) की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**बाल रोग विभाग :-** बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं PICU की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध। नियोनेटल वेंटीलेटर की सुविधा, फोटो थैरेपी, एक्सचेंज, ट्रान्सफ्युजन, सरफेक्टेंट थैरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध हैं। बच्चों में खून की कमी, मिर्गी पीलिया, वजन कम होना, खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा। बच्चों के लिए निःशुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है, बच्चों के ऑपरेशन की सुविधा।

**कैंसर विभाग :-** स्तन कैंसर का ऑपरेशन Breast Conservation एवं Sentinel Node तकनीक के द्वारा। मुंह का कैंसर, जीभ का कैंसर, थायरॉइड कैंसर, गले का कैंसर, पेट का कैंसर, आंतों का कैंसर, लिंग का कैंसर, किडनी का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, पित्ताशय का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, पैनक्रियाज का कैंसर, चमड़ी का कैंसर, हड्डी का कैंसर का इलाज की सुविधा।

**नेत्र रोग विभाग :-** काला मोतिया की जाँच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आँख के पर्दे की जाँच व इलाज, मोतियाबिन्द के ऑपरेशन MSICS तथा फेको विधि द्वारा, भैगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज व ऑपरेशन की सुविधा, कम्प्यूटर (Auto Refraction) द्वारा चश्में के नम्बर व प्रमाणीकरण व जाँच की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। आप्थेल्मोस्कोप द्वारा आँख के पर्दे की जाँच, जर्मन माईक्रोस्कोप द्वारा आँख के आपरेशन की सुविधा। आँख में किसी भी प्रकार की चोट का इलाज और बच्चों की आँखो की बीमारियों का सभी प्रकार का इलाज। मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाना मुफ्त।

**हड्डी रोग विभाग :-** स्पाइन सर्जरी, ट्रामा सर्जरी, घुटने के जोड़ का प्रत्यारोपण, पोलियों का ऑपरेशन, बच्चों के पैरों के टेढ़ापन का ऑपरेशन, आर्थोस्कोपी, गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द आदि रोगों का इलाज सस्ते दामों पर, फिजियोथैरेपी की सुविधा।

**मानसिक रोग विभाग :-** उत्तर प्रदेश में पहली बार Portable TDCS (Transcranial direct current stimulation) थैरेपी की सुविधा। ई.ई.जी (E.E.G.), ई.एम.जी. (E.M.G.) एवं ई.सी.टी. (ECT) की सुविधा साइकोथैरेपी की सुविधा, साइकोलोजिकल टेस्टिंग, IQ टेस्ट, की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। याददाश्त कम होना, भूख न लगना, नींद न आना, डर लगना, बेचैनी, घबराहट, मानसिक दौरे पड़ना, सिर में दर्द एवं तनाव आदि का समुचित उपचार।

**चर्म रोग विभाग :-** सफेद दाग, सोराइसिस का इलाज फोटोथैरेपी (PUVA Chamber) के द्वारा व अधिक पसीना आने का इलाज, Megasurg-gold द्वारा मस्से व तिल का इलाज एवं Microdermabrasion के द्वारा झुर्रियों एवं त्वचा के गड्ढों का इलाज, दाद खाज खुजली, मुहाँसे, कुष्ठ रोग, स्किन एलर्जी, हाथ पैर फटना, बालों का झड़ना, रूसी व डैंड्रफ आदि के इलाज की सुविधा विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा सस्ते दरों पर उपलब्ध।

**नाक कान एवं गला रोग विभाग :-** कान के पर्दे में छेद होना, कम सुनाई देना, नाक की हड्डी बढ़ना, नाखूना, घेंघा, नाक की हड्डी का टेढ़ा होना, टांसिल बढ़ना आदि रोगों का उपचार व आपरेशन सुविधा दूरबीन द्वारा गले के अन्दर की जाँच, इंपीडेंस आडियोमेट्री, प्योरटोन आडियोमेट्री, सुनने की जाँच व मशीन लगाने की सुविधा उपलब्ध है।

**छाती व श्वास रोग :-** छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, बलगम आना, बलगम में खून आना, फेंफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. (PFT), बाई-पैप (BIPAP), सी-पैप (CPAP), सी.बी-नैट (CBNAAT) की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**डायलिसिस विभाग :-** डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**ब्लड बैंक :-** ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है।

**डेंटल विभाग :-** समस्त प्रकार के दांतों के रोगों का इलाज।

**न्यूरो सर्जरी विभाग -** सर व दिमाग की चोट, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन टयूमर, स्ट्रोक, लकवा, माइग्रेन, दिमागी टी.बी., मिर्गी के दौरे, रीढ़ की हड्डी में दर्द अथवा टी.बी., स्लिप डिस्क, सियाटिका, दिमाग में पानी या खून का थक्का जमना, कमर व गर्दन में दर्द, चलने में लड़खड़ाहट कमर की नस दबना, इत्यादि रोगों का समुचित परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध व इमरजेंसी न्यूरोसर्जरी (सर/दिमाग की चोटें) आई सी यू की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध।

**प्लास्टिक सर्जरी विभाग -** जन्मजात कटे-फटे होठ, तालू, मुँह व पैदाइशी निशान, जबड़े की हड्डियों के फ्रैक्चर व चेहरे की फटी चमड़ी, जन्मजात विकृत जननांग व विकृत सिर, जन्मजात कान, नाक का टेढ़ापन या विकृत, हाथों व पैरों की चिपकी उंगुलियां, जलने या दुर्घटना में कटे फटे निशान, चेहरे के दाग धब्बों आदि की कास्मेटिक सर्जरी आदि।

**स्किन विभाग -** लेजर द्वारा अनचाहे बालों को हटाना।

**उपलब्ध सुविधायें:-**

★ अत्याधुनिक 1.5 Tesla MRI मशीन द्वारा MRI Brain, MRI Knee Joint, MRI Spine आदि ★ 32 Slice-CT स्कैन मशीन द्वारा CT Head, सी.टी. स्कैन स्पाइन एवं सीटी चैस्ट। आदि ★ डायलेसिस की सुविधा ★ डिजीटल एक्सरे ★ Mammography ★ कान की जाँच (Audiometry), बैरा (BERA), इंपीडेंस (Impedance) ★ हृदय की जाँच, ECHO, TMT ★ पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (PFT) ★ अल्ट्रासाउण्ड ★ आँख की जाँच पेरीमेट्री, टोनोमेट्री/रिफरेक्शन। ★ दुरबिन विधी द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

**परिवार स्वाथ्य कार्ड की सुविधा 200/- रु में एक साल के लिए उपलब्ध**

**मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाने के साथ मुफ्त।**

## एक नजर

### प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर निकाली शोभायात्रा

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** क्षेत्र के ग्राम मकनपुर में नवनिर्मित बालाजी मंदिर में बाला जी भगवान की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर चल रहे धार्मिक अनुष्ठान के तहत शुक्रवार को क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों तक एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग किया, शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालु अबीर गुलाल उड़ाते, भजन कीर्तन करते हुए जय श्री राम व बजरंगबली की जय के जयकारों से वातावरण को गुंजायमान कर रहे थे। इस मौके पर पंडित राजकरन अवस्थी ने बताया कि शोभायात्रा में क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना कर बालाजी महाराजकी मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कर उसे विधि विधानसे पूजा अर्चना के उपरांत मंदिर में स्थापित करदिया गया है। श्री बालाजी महाराज की मूर्ति स्थापना के उपरांत एक विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग कर प्रसाद ग्रहण किया।

### शस्त्र के साथ गिरफ्तार

**पहला, सीतापुर, अमृत विचार।** क्षेत्राधिकारी महमूदाबाद के निकट पर्यवेक्षण में थाना सदरपुर पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान आरोपी अकील पुत्र मुस्तफा निवासी ग्राम नदिया थाना सदरपुर को एक अदद अवैध तमंचा मय एक अदद जिंदा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामद अवैध शस्त्र के संबंध में आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर आरोपी उपरोक्त का चालान किया गया।

### साईकिल से टकराई बाइक दो घायल

**लहरपुर।** शुक्रवार की दोपहर लहरपुर-तंबौर मार्ग पर कोतवाली क्षेत्र ग्राम रंगवा के पास साइकिल व मोटरसाइकिल की जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें मोटरसाइकिल सवार रामसेवक पुत्र रामेसुर उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम लाल बहादुरपुरवा थाना सकरन, यज्ञ दत्त पुत्र छेददू उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम धनपुरिया थाना सकरन दोनो बिना हेलमेट लगाए लहरपुर से अपने घर वापस जा रहे थे। तभी सामने से आ रही साइकिल से टकरा गए जिससे दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। साइकिल चालक व स्थानीय लोगों की मदद से ई-रिक्शा में लादकर नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लहरपुर में इलाज के लिए भर्ती कराया। जहां पर दोनों का इलाज जारी है।

### दो शातिर अपराधी गिरफ्तार

**नैमिषारण्य।** नैमिषारण्य पुलिस टीम ने दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया और उनके विरूद्ध सबंधित धाराओं में मुलाकात की। गिरफ्तार किये गये अपराधी अकील पुत्र सकूर निवासी डेंगरा, संदना व मोनिस पुत्र अनीश निवासी संतनगर पश्चिमी रेलवे क्रासिंग कस्बा व थाना सिधौली को ग्राम डेंगरा जाने वाले मोड़ से गिरफ्तार कर लिया गया और अग्रिम कार्यवाही के लिए भेजा गया। थाना प्रभारी पंकज तिवारी ने बताया कि दोनों गिरफ्तार अपराधियों का पुराना आपराधिक इतिहास है।

### कार ने बाइकसवार को मारी टक्कर, युवक गंभीर

**भदफर।** लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के भदफर मार्ग पर ग्राम चनिया के निकट एक कार ने बाइकसवार को टक्कर मार दी। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। शुक्रवार दोपहर लहरपुर-भदफर मार्ग पर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चनिया के निकट कार व मोटरसाइकिल की जोरदार टक्कर हो गई। लहरपुर की तरफ से बिना हेलमेट लगाए मनोज पुत्र मिश्री लाल 28 वर्ष निवासी ग्राम नवीनगर अपनी ससुराल ग्राम तिलाहारी जा रहा था, जिसे कार ने चनिया पेट्रोल पंप की निकट टक्कर मार दी, टक्कर लगने से वह बुरी तरह से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने सूचना 108 एंबुलेंस को दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। स्थानीय लोगों ने टक्कर मारने वाली कार को पकड़ लिया है, जबकि चालक मौके से फरार हो गया।

# नौ नामांकन पत्र खारिज, अब मैदान में 8 प्रत्याशी

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

- निर्दलीय प्रत्याशियों सहित 9 नामांकन पत्रों को रिटर्निंग अफसर ने जांच के बाद किया खारिज
- शनिवार को नाम वापसी के बाद सोमवार को प्रत्याशियों को मिलेगा चुनाव चिन्ह

**अमृत विचार।** लोकसभा निर्वाचन के चौथे चरण को लेकर शुक्रवार को नामांकन पत्रों की जांच के बाद रिटर्निंग अफसर ने आठ प्रत्याशियों के नामांकन प्रपत्रों को वैध करार दिया। नामांकन प्रपत्रों की जांच के बाद रिटर्निंग अफसर ने नौ प्रत्याशियों के नामांकन प्रपत्रों को प्रपत्रों की कमी पाते हुए खारिज कर दिया है। लोकसभा चुनाव को लेकर गुरुवार को नामांकन प्रक्रिया के अंतिन दिन तक कुल 17 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किये थे। वैध नामांकन पत्रों में एक निर्दलीय प्रत्याशी समेत सात राजनैतिक दलों के प्रत्याशी शामिल है।

बताते चलें कि 30 लोकसभा क्षेत्र सीतापुर की संसदीय सीट पर चैथे चरण में 13 मई को मतदान होना सुनिश्चित है। कड़ी सुरक्षा के बीच हुए नामांकन पत्रों के भरने के दौरान 7 राजनैतिक दलों सहित कुल 17 प्रत्याशियों ने अंतिम दिन तक नामांकन प्रपत्र दाखिल किये थे। शुक्रवार को जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय में प्रप्रत्रों की जांच के बाद भाजपा से राजेश वर्मा, बसपा से महेंद्र सिंह, कांग्रेस से राकेश राठौर, अपना दल से कासिफ अंसारी, राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी से चंद्रशेखर वर्मा, सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी से राम आधार वर्मा, आजाद समाज पार्टी से लेखराज लोधी सहित निर्दलीय प्रत्याशी विद्यावती गौतम के प्रपत्रों को वैध करार दिया है। रिटर्निंग अफसर ने प्रपत्रों की जांच के बाद निर्दलीय प्रत्याशी तुराब अली, रामनरेश, गीता देवी, सोने श्री, सीमा सहित कुल 9 प्रत्याशियों को खारिज कर दिया।


नामांकन पत्रों की जांच करते रिटर्निंग अधिकारी/डीएम अनुज सिंह। अमृत विचार

### सोमवार को होगा चुनाव चिन्हों का आवंटन

रिटर्निंग अफसर कार्यालय में प्रपत्रों की जांच के बाद शनिवार से सोमवार दोपहर तक नामांकन प्रपत्रों की नाम वापसी का समय घोषित प्रत्याशियों को होगा। नाम वापसी प्रक्रिया के बाद सोमवार दोपहर 2 बजे के बाद घोषित प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह का आवंटन रिटर्निंग अफसर के कार्यालय में होगा।

# कबाड़ मंडी में कटिंग के दौरान लगी आग

## आधा सैकड़ा से अधिक वाहन और स्पेयर पार्ट्स जलकर हुए बर्बाद, लाखों का नुकसान

**हादसा**

- कुछ लाइसेंस धारी दुकानदारों की आड़ में चल रही मंडी
- तीन स्थानों से पहुंची गाड़ियों ने बुझाई आग

**सीतापुर, अमृत विचार।** बिसवां कोतवाली इलाके में अवैध रूप से चल रही वाहनों की कबाड़ मंडी में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। तेज हवाओं के बीच लगी आग ने देखते ही देखते कबाड़ मंडी में खड़े करीब आधा सैकड़ा वाहनों को चपेट में ले लिया। भीषण आग से मंडी में मौजूद चार पाहिया वाहनों सहित लाखों रुपयों की कीमत का सामान जलकर खाक हो गया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने घंटों कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने की वजह अभी तक साफ नहीं हो सकी है। सूत्रों की माने तो स्कैब की गाड़ियों की कटिंग के दौरान निकली चिंगारी ने भीषण आग का रूप ले लिया।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्राम सरैया माफी में पिछले काफी समय से स्क्रैब वाहनों की अवैध कबाड़ मंडी संचालित होती है। शुक्रवार की दोपहर अचानक लहरपुर के मोहल्ला बहलोलपुर निवासी तारिक पुत्र तौकीर खान की कबाड़ मंडी में दुकान संचालित है। बताया जाता है कि दुकान के बाहर स्क्रैब वाहनों की कटिंग का काम चल रहा था। कटिंग के दौरान निकली चिंगारी से दुकान में रखे प्लास्टिक आइटम में अचानक आग लग गई। तेज हवाओं के बीच लगी चिंगारी से आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया।

कबाड़ मंडी में स्थित दूकानदार कुछ समझ पाते जब तक आग ने वहां खड़े आधा सैकड़ा से अधिक चार पहिया वाहनों सहित सामान को आगोश में ले लिया। आग लगने से धुएं का काला गुब्बार कई किलोमीटर तक उठता देखकर इलाके वासी सहम गये। दुकानदारों ने आग लगने की सूचना स्थानीय पुलिस और फायरब्रिगेड को दी। सूचना प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह पुलिस दल के साथ मौके पर पहुंचे। फायरकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद टायर और वाहनों में लगी आग पर काबू पाया। पुलिस और फायरकर्मी आग लगने की वजह साफ नहीं सकें है।


कबाड़ मंडी में लगी आग के बाद आसमान में उठता धुएं का गुब्बार। अमृत विचार

### लहरपुर से बिसवां शिफ्ट हुई है कबाड़ मंडी

स्कैब वाहनों के लिए संचालित कबाड़ मंडी बिसवां से पहले 30 किलोमीटर दूर लहरपुर इलाके में संचालित होती थी। कुछ समय पहले लहरपुर कबाड़ मंडी में बाहर से चोरी कर लाये गये वाहनों के कटिंग पार्ट बरामद होने के बाद तत्कालीन जिला पुलिस प्रशासन ने अभियान चलाकर कबाड़ मंडी को लहरपुर से खत्म करा दिया था। कुछ समय तक मामला शांत होने के बाद कबाड़ियों ने लहरपुर छोड़कर बिसवां को अपना ठिकाना बना लिया है।

### 50 से अधिक जले चार पहिया वाहन

कबाड़ मंडी में लगी अचानक आग से करीब आधा सैकड़ा से अधिक चार पहिया वाहन जलकर बर्बाद हो गये। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि आग से वाहनों सहित अलग अलग जगहों पर रखा वाहनों के प्लास्टिक और गत्ते का सामान जलकर खाक हो गया। आग से करीब चार से पांच लाख रूपये की संपत्ति की नुकसान का आंकलन लगाया जा रहा है। हालांकि सूत्रों की माने तो कबाड़ मंडी में अधिकस्तर दुकाने अवैध रूप से स्थानीय पुलिस और प्रशासन की सांठ गांठ से संचालित है।


पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास करते दुकानदार सहित खड़े जले हुए वाहन।

### ढाई घंटे तक बुझाते रहे आग

कबाड़ मंडी के दुकानों के अंदर खड़े वाहनों में लगी आग इस कदर विकराल थी कि उसे बुझाने के लिए बिसवां फायर स्टेशन के आलावा महमूदाबाद और मुख्यालय से गाड़ियों को बुलाना पड़ा। तीन सेंटरों से पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने करीब ढाई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। कबाड़ मंडी में लगी आग को कवरेज करने पहुंचे कुछ पत्रकारों को स्थानीय ठेकेदार वीडियो और खबर बनाने को लेकर मैनेज करने में लगे रहे।

# भाजपा ने पूरा नहीं किया एक भी वादा : आनंद

- सपा प्रत्याशी ने की नुक्कड़ सभाएं कर जनता से मांगा आशीर्वाद

**हरगांव, सीतापुर, अमृत विचार।** धौरहरा संसदीय सीट पर इस बार विजय पाने के लिए समाजवादी पार्टी ने पूरी ताकत झोंक रखी है। पार्टी प्रत्याशी, वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता लगातार जन संपर्क कर लोगों को सपा की नीतियों और भावी योजनाओं से लुभावने वादे भी कर रहे हैं। सपा प्रत्याशी भी लगातार नुक्कड़ नाटक एवं जनसंपर्क कर पार्टी की रीति और नीति से लोगों को अवगत कराते हुए अपनी बात जनता के बीच जाकर रख रहे हैं।

शुक्रवार को हरगांव विधानसभा क्षेत्र के रीछिन, भदेंवा, मल्लापुर, जोशीटोला, मुद्रासन, कोरैया, अटरा, सुल्तानपुर, बिलरिया, बिजैसेपुर आदि गांवों में सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने नुक्कड़ सभाएं की। इस मौके पर उन्होंने भाजपा के घोषणा पत्र को जुमला पत्र बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में दो करोड़ नौकरियां लोगों को नौकरी देने का वादा किया था। इसके साथ ही भाजपा ने किसानों की आय दोगुनी करने, विदेशों से काला धन लाकर जनता के खातों में 15-15 लाख डालने और महंगाई को खत्म करने की घोषणाएं की थी जिसमें से एक भी वादा भाजपा ने पूरा नहीं किया। जिससे लोगों को बड़ा निराश किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने लोगों के खातों में लाखों रुपये डालने का दावा किया उसकी मोदी सरकार ने नोटबंदी के नाम पर महिलाओं के पास जमा बचत की धनराशि भी हड़प ली। मोदी की गारंटी केवल दबाव की राजनीति से भ्रष्टाचारियों को भाजपा में शामिल करने तक सीमित है। नुक्कड़ सभा के दौरान सपा विधायक अनिल वर्मा ने भी केंद्र की मोदी सरकार को निशाने पर रखते हुए कहा कि भाजपा के शासनकाल में बड़े-बड़े उद्योगपतियों के हजारों-करोड़ों रुपये के कर्ज माफ हो रहे। जबकि किसानों के 10 हजार रुपये तक के भी कर्ज माफ नहीं किए जा रहे हैं। इससे किसान आत्महत्या कर रहा है। भाजपा जनता को केवल बहकाने का काम कर रही हैं। उन्होंने केंद्र सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि जीएसटी से व्यापारी परेशान है। सरकार जीएसटी के नाम पर छोटे व्यापारियों को लूट रही है। भाजपा के 10 साल के शासनकाल में देश का युवा बेरोजगार है। जनसभाओं में विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष फुरकान खां, विजय वर्मा, नफीस खां, कपिल मिश्रा, नजीर अहमद, राजवीर सिंह, संजीव गुप्ता, सौरभ सिंह, वारिस मंसूरी, दानिश नकवी, लतीफ कुरैशी, अंकुर जोशी, निरंकार जोशी, अमृत यादव, केके जोशी, रिजवान, सुरेश यादव सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।


नुक्कड़ सभा के दौरान महिलाओं से आशीर्वाद लेते सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया।

## पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**लहरपुर, अमृत विचार।** आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के मद्देनजर शुक्रवार को क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर एसएसटी टीम ने व्यापक वाहन चेकिंग अभियान चलाया। स्टेटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) प्रभारी राजेश सिंह गौर ने बताया कि चुनाव में अवैध शराब, मतदाताओं को रिश्वत की वस्तुओं, नकदी, हथियार, गोला-बारूद की आवाजाही और क्षेत्र में असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार क्षेत्र के लहरपुर गेट, केसरीगंज चौराहा, मेंहदीपुरवा सहित विभिन्न स्थानों पर चेकिंग की गई। जिसमें आरक्षी शिवम तोमर व रवींद्र कुमार ने वाहनों को रोककर पूछताछ कर गाड़ी की चेकिंग की। चेकिंग के दौरान अफरा-तफरी का माहौल रहा और बहुत से वाहन चेकिंग से बचने के लिए मुख्य मार्गों को छोड़कर संपर्क मार्गो से निकल गए।

## सार-संक्षेप

### नर हो या नारी मतदान सब की जिम्मेवारी


मतदान जागरूकता पोस्टर के साथ किशोर-किशोरी। अमृत विचार

**सिधौली, सीतापुर, अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के ग्राम सतनापुर में मिलान फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे उन्मुक्त प्रोग्राम के तहत किशोर किशोरियों ने ग्राम प्रधान के साथ मिलकर मतदाता जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान फाउंडेशन के किशोर किशोरियों ने हाथों में वोट देने की अपील की। तख्तियां में पहले मतदान फिर जलपान, चाहे नर हो या नारी मतदान सब की जिम्मेवारी, वोट पहले जाना वोट डालना वापस आकर गेहूं काटना। उन्मुक्त प्रोग्राम के माध्यम से लोगों में मतदाता जागरूकता की ये पहल गांव के लोगों को काफी प्रभावित की। ब्लॉक कोर्डिनेटर शैलजा शुक्ला ने कहा कि मतदान से भारत का नव निर्माण होगा, इसलिए भारत के उज्जवल भविष्य के लिए वोट जरुरी है इसीलिए शत प्रतिशत मतदान करें। फैसिलिटेटर अमित कुमार प्रजापति ने कहा कि चुनाव लोकतंत्र की बुनियाद है इसलिए इसे मजबूत करने के लिए इसमें प्रतिभाग करना चहिए। ग्राम प्रधान राम प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है इसमें बढ़चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। फैसिलिटेटर रूचि सिंह ने कहा लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मत प्रयोग जरुर करें।

### धूमधाम से मनी शंकरपुर में बालाजी व श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा


प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर नाचते गाते श्रद्धालु। अमृत विचार

**पहला सीतापुर, अमृत विचार।** थाना रामपुर कलां विकासखंड बिसवां के अंतर्गत ग्राम शंकरपुर में तीन दिवसीय बालाजी तथा श्रीराम की सपरिवार का प्राण प्रतिष्ठा आयोजन धूमधाम से संपन्न हुआ। जिसमें ग्रामवासी समेत क्षेत्रीय जनता ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत ग्राम शंकरपुर में प्राचीन बालाजी मंदिर का जीर्णोद्वार करवाकर ग्राम निवासी पूर्व अध्यापक श्री जगदीश सिंह ने तीन दिवसीय भगवान श्रीराम का सपरिवार बालाजी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमे वैदिक आचार्य द्वारा विधि विधान से मूर्तियों का जलाधिवास अन्नाधिवास पुष्पाधिवास समेत समस्त कार्यक्रम करवाये गये। भगवान राम की बारात पहले ईश्वरवारा मंदिर फिर चाहरपुर मंदिर तत्पश्चात तुलापुरवा मंदिर लाई गई जहां उनका पूजन आदि करवाया गया। फिर शंकरपुर मंदिर पर लाकर विधि-विधान से मूर्तियों को अपने-अपने स्थान पर स्थापित करवाकर हवन आदि के साथ कार्यक्रम का पूर्णाहुति कर समापन हो गया। यजमान जगदीश सिंह ने बताया कि कल शनिवार को सुबह से भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में सैकड़ों पुरुष महिला तथा बच्चो ने भाग लिया।

### सुभासपा के स्टार प्रचारक का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत


जिला सचिव के आवास पर बैठक करते स्टार प्रचारक इजहार अली। अमृत विचार

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** सुहैल देव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व लोकसभा चुनाव के उत्तर प्रदेश के स्टार प्रचारक इजहार अली का लहरपुर पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। आगामी लोकसभा चुनाव के चलते सुहैल देव भारतीय समाज पार्टी के जिला सचिव वजाहत मालिक के आवास पर उन्होंने बैठक कर एनडीए प्रत्याशी को विजयी बनाने की अपील की। सुभासपा के स्टार प्रचारक इजहार अली अल्पसंख्यक समाज को सुभासपा व एनडीए गठबंधन के साथ जोड़ने के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने अल्पसंख्यक समाज को जागरूक करते हुए एनडीए के प्रत्याशी को विजयी बनाने की अपील की।

### बिना इंडिकेटर दिये वाहन न मोड़ें, नियमों का करें पालन

**सीतापुर, अमृत विचार।** शुक्रवार को सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अन्तर्गत सिधौली स्थित बस स्टॉप पर परिवहन चालक, परिचालक एवं उपस्थित यात्रियों को पीटीओ शैहपर किदवई ने यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि नशा, नींद व तेज रफ्तार सड़क हादसों की प्रमुख वजह है। वाहन चलाते समय परिवहन निगम के चालकों की जिम्मेदारी कई गुना बढ़ जाती है। बसों में सवार यात्रियों को उनके गन्तव्य तक सुरक्षित पहुँचाना चालक का परम कर्तव्य है। वाहन चलाते समय अतिउत्साह से बचना चाहिए वाहन में उपस्थित सभी सुरक्षा उपकरणों का इस्तेमाल आवश्यक रूप से करें। बिना इण्डिकेटर दिये वाहन को न मोडें, वाहन बीच सड़क पर न रोंके, वाहन नियन्त्रित गति में चलायें, वाहन में उपस्थित महिलाओं का विशेष ध्यान रखें, बुर्जुगों व महिलाओं के बसों पर बैठते/उतरते समय निगरानी रखें। इसलिये यातायात के नियमों का पालन कर सफर को सुरक्षित बनायें। उन्होंने कहा कि सड़क हादसों को रोकना शासन की मंशा है। इसके लिये समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाकर लोगो को जागरूक किया जा रहा है। यातायात के नियम सुरक्षा का कवच हैं जो कि हादसे के समय सवारों की जान बचाते हैं। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान उपसिथत लोगो को यात्रीकर अधिकारी द्वारा यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलाते हुए यातायात चिन्हयुक्त पम्फलेट भी वितरित किये।

**कार्यक्रम** | इमलिया कोठी में एक धार्मिक कार्यक्रम में मौजूद रहे सांसद

# सीतापुर में पास हो गई है गैस पाइप लाइन की योजना : राजेश

**सीतापुर, अमृत विचार।** सदर विधानसभा में सांसद राजेश वर्मा इमलिया कोठी में हुए एक धार्मिक कार्यक्रम में मौजूद रहे। जिसमें क्षत्रिय समाज ने लोकसभा चुनाव में इस बार पुनः विजय दिलाने की बात कहीं। कार्यक्रम संयोजक पवन सिंह शिल्पी, देवेंद्र सिंह भदौरिया, धीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ धीरू ने कार्यक्रम को आयोजित किया। कार्यक्रम का संचालन अशोक सिंह राष्ट्रीय महासचिव कोटेदार संघ ने किया। कार्यक्रम में पूर्व उपाध्यक्ष जिला पंचायत मुनीन्द्र अवस्थी गीता सिंह, भंवर सिंह मौजूद रहे।

खैराबाद के समाजसेवी पुनीत सिंह ने कहा कि इस बार भाजपा सीतापुर में इतिहास रचने जा रही है। राजेश वर्मा सीतापुर के न सिर्फ पांचवी बार सांसद बन के लोक सभा में सीतापुर की आवाज उठाएंगे बल्कि राजेश वर्मा को कैबिनेट में भी जाकर सीतापुर का गौरव बढ़ाएंगे। इस मौके पर सांसद राजेश वर्मा ने कहा कि इस बार राजेश वर्मा नहीं, सीतापुर की पूरी जनता राजेश वर्मा बन चुनाव लड़ रही है। सीतापुर के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ने की पूरी कोशिश करूंगा।

सीतापुर के रेलवे स्टेशन को एक धरोहर के रूप में बनने की जो कोशिश की थी वो आज दिखती हैं। मुंबई तक आज सीतापुर से सीधी ट्रेन मिलती है। रेल मंत्री से आश्वासन मिला है की सीतापुर को जल्द वंदे भारत ट्रेन मिले। सीतापुर में गैस पाइप लाइन की योजना पास हो गई है अब सिलेंडर की जरूरत सीतापुर में नहीं रहेगी। शहर में सीवर लाइन की भी व्यवस्था की जा रही है। सीतापुर को इस बार मोदी कुछ खास उपहार देंगे। कार्यक्रम में अजयपाल सिंह नेरी, मिथलेश सिंह काका, पूर्व प्रमुख महोली संजय सिंह, पूर्व प्रमुख परसेंडी बबलू सिंह, संतोष सिंह समरदहा, पूर्व प्रमुख प्रवीन सिंह, आशु सिंह, अमित राज सिंह, श्यामपाल सिंह, अनिल सिंह पाताबोझ, अवनीश सिंह पूर्व सदस्य जिला पंचायत, मोनू सिंह पूर्व सदस्य जिला पंचायत, संजय सिंह सिंघौड़ा, बबलू सिंह बर्मी, पवन सिंह रमुवापुर, प्रणीत सिंह, राणा प्रताप सिंह, आशीष सिंह, अवनेंद्र विक्रम सिंह, मनीष सिंह, प्रशांत सिंह गोलू, मनोज सिंह बबुआ, कुसुम सिंह, इंदु सिंह चैहान, वर्षा सिंह व हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।


कार्यक्रम में मौजूद लोकसभा प्रत्याशी राजेश वर्मा, गीता सिंह व अन्य। अमृत विचार

# छात्रवृत्ति परीक्षा में 23 बच्चों का चयन

**सिधौली, अमृत विचार।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में वि.ख. सिधौली से 23 बच्चे चयनित हुए। सर्वाधिक 6 बच्चे उ.प्रा.वि. कोड़रिया से चयनित हुए। जिसमें महेश ने तीसरा, ओमकार ने 35वां, गुड़िया ने 37वां स्थान हासिल किया। उ.प्रा.वि. कोड़रिया से ही अश्वनी, संध्या तथा अंशिका का भी चयन हुआ। उ.प्रा.वि. दक्खिनगांव से 5 बच्चे दिलशाद, अनुष्का, पूजा, निर्भय तथा अभिषेक चयनित हुए। उ.प्रा. वि. बनियानी से 3 बच्चे लकी, अनुपम तथा मनीषा चयनित हुए। उ.प्रा.वि. जल्लाबाद से 2 बच्चे अंकिता तथा सेजल चयनित हुए। उ.प्रा.वि. गनेरा से नैनसी ने 47 वीं रैंक हासिल की। उ.प्रा.वि. कोड़रिया के छात्र महेश ने जनपद में तीसरा स्थान प्राप्त कर वि.ख. का नाम रोशन किया। आज उ.प्रा.वि. कोड़रिया के चयनित छात्रों एवं अभिभावकों को विद्यालय ने खण्ड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में पुरस्कृत किया। एआरपी आलोक शुक्ला, अंजू शुक्ला, सभी शिक्षक संकुल, विद्यालय के सभी शिक्षक, अभिभावक, ग्राम सभा के सम्मानित नागरिक गण उपस्थित रहे। इस परीक्षा में चयनित सभी बच्चों को अगले चार वर्षों तक 12 हजार रूपये प्रतिवर्ष स्कालरशिप के रूप में उनकी पढ़ाई के लिए मिलेंगे।


चयनित छात्रों के सम्मान कार्यक्रम में शिक्षकों व अभिभावकों को संबोधित करते बीईओ।

यस्य कृत्यं न विघ्नन्ति शीतमुष्णं भयं रतिः ।
समृद्धिरसमृद्धिर्वा स वै पण्डित उच्यते ॥

जो व्यक्ति सरदी-गरमी, अमीरी-गरीबी, प्रेम-धृणा इत्यादि विषय परिस्थितियों में भी विचलित नहीं होता और तटस्थ भाव से अपना राजधर्म निभाता है, वही सच्चा ज्ञानी है ।

## संपादकीय

# चीन पर दबाव

अमेरिका रूस की मदद रोकने के लिए लगातार चीन पर दबाव बना रहा है। इसके चलते दोनों देशों के बीच रिश्ते फिर से बिगड़ गए हैं। अमेरिका के विदेशमंत्री एंटनी ब्लिंकन ने शुक्रवार को चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग और अन्य वरिष्ठ चीनी अधिकारियों से मुलाकात की। दोनों नेताओं की यह मुलाकात अमेरिका और चीन के बीच विभिन्न द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विवादों को दूर करने की कोशिश के तहत हुई है। ब्लिंकन ने कहा कि उन्होंने चिनफिंग से चीन द्वारा रूस को की जा रही आपूर्ति को लेकर अपनी चिंताओं से अवगत कराया। चीन मशीन और माइक्रो इलेक्ट्रॉनिक की आपूर्ति कर रहा है जिसका इस्तेमाल यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस रक्षा पंक्ति को मजबूत करने में कर रहा है। चिनफिंग से मुलाकात के बाद ब्लिंकन ने संवाददाताओं से कहा अगर चीन मदद न करे तो रूस यूक्रेन में लड़ाई जारी रखने में मुश्किल का सामना करेगा। गौरतलब है कि हाल ही में चीन और रूस ने आर्थिक और व्यापार सहयोग को बढ़ाने का फैसला लिया है। इस पर अमेरिका ने एतराज जताते हुए कहा रूस के रक्षा उद्योग को आपूर्ति करना न केवल यूक्रेन की सुरक्षा को खतरा पैदा करता है बल्कि यूरोप की सुरक्षा को भी खतरे में डालता है। परंतु अमेरिका के एतराज को चीन ने सिरे से खारिज कर दिया। अमेरिका ने कहा था कि अगर रूस को यूक्रेन में बढ़त मिलती है तो वह चीन को जिम्मेदार ठहराएगा।

इस पर चीन ने कहा कि वह रूस के साथ अपने संबंधों पर आलोचना या दबाव स्वीकार नहीं करेगा। ऐसे में चीन के राष्ट्रपति व अमेरिका के विदेशमंत्री की मुलाकात खास अहमियत रखती है। दोनों देशों के बीच मतभेदों के बढ़ने के बावजूद हाल के महीनों में बातचीत के दौर में वृद्धि हुई है। फिर भी दोनों देशों के नेताओं की टिप्पणी मतभेदों की एक लंबी सूची का संकेत देती है जिसमें ताइवान और दक्षिण चीन सागर, व्यापार और मानवाधिकार, रूस के लिए चीन का समर्थन और 'सिंथेटिक ओपिओइड प्रीकर्सर' का उत्पादन और निर्यात शामिल है। उधर चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने कहा कि चीन की मांग सुसंगत है और वह हमेशा एक-दूसरे के मूल हितों का सम्मान करने की वकालत करता है। अमेरिका को चीन के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए, चीन के विकास को दबाना नहीं चाहिए, और जब चीन की संप्रभुता, सुरक्षा और विकास हितों की बात आती है तो चीन की लाल रेखाओं पर कदम नहीं उठाना चाहिए। यानि दोनों देशों के बीच मतभेद अधिक गंभीर होते जा रहे हैं और वैश्विक सुरक्षा को खतरा पैदा कर रहे हैं। चीन और अमेरिका को द्वेषपूर्ण प्रतिस्पर्धा में शामिल होने के बजाय साझा आधार तलाशना चाहिए।

# जनतंत्र में राजतंत्र के षड्गुणों की महिमा बरकरार



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

आधुनिक बुर्जुआ जनतंत्र (आगे से जनतंत्र) यूरोप में पैदा हुआ और राजतंत्र की कोख से पैदा हुआ। ब्रिटिश गृह युद्ध (1612-1660), ब्रिटेन की गौरवशाली क्रांति (1688), और फ्रांसीसी क्रांति (1789) इसके प्रसव के प्रमुख कालखंड बनाते हैं। उपनिवेशों के माध्यम से ही यह दुनिया के अन्य देशों में फैला।

हमारी महान संस्कृति की तरह हमारा जनतंत्र भी महान और उदार है। परंपरावादी, अतीतजीवी, भविष्यदर्शी, सर्व-समावेशी सब कुछ एक साथ है। कितने एहतियात से उसने राजतंत्र, सामंतवाद, पूंजीवाद, बुर्जुआ जनतंत्र और जनता के जनतंत्र सबको अपने सीने से लगा रखा है। मिलेगी कहीं ऐसी मिसाल?

आधुनिक बुर्जुआ जनतंत्र (आगे से जनतंत्र) यूरोप में पैदा हुआ और राजतंत्र की कोख से पैदा हुआ। ब्रिटिश गृह युद्ध (1612-1660), ब्रिटेन की गौरवशाली क्रांति (1688), और फ्रांसीसी क्रांति (1789) इसके प्रसव के प्रमुख कालखंड बनाते हैं। उपनिवेशों के माध्यम से ही यह दुनिया के अन्य देशों में फैला। यह अपने पूर्ववर्ती राजतंत्र के गुणों-अवगुणों से सर्वथा मुक्त नहीं हो सकता था, नहीं हुआ।

राजतंत्र में सत्ता पाने और सत्ता में बने रहने के लिए इस देश में षड्गुणों की अहम भूमिका होती थी-संधि, विग्रह (नुक़सान पहुंचाना), यान (आक्रमण करना), आसन (उपेक्षा करना), संश्रय (आत्म-समर्पण करना) और द्वैधीभाव (संधि और विग्रह के छद्म भाव में बने रहना)। जनतंत्र में लगभग सभी राजनीतिक दल चुनावों के पूर्व घोषणा-पत्र (एक बड़ा दल अंग्रेजी के मैनीफ़ेस्टो शब्द का 'राष्ट्रवादी' तरजुमा कर उसी को 'संकल्प-पत्र' कहता है) जारी करते हैं। उसमें बहुत उदात्त, कभी-कभी यथार्थ और संभाव्य के बंधनों से मुक्त लोक-लुभावन कार्यक्रमों का सुमधुर समावेश होता है। घोषणा-पत्र / संकल्पपत्र जारी करने की रिवायत है, इसलिए जारी किया जाता है। कोई भी चलते पुर्जे वाला दल उसके भरोसे नहीं बैठा रहता। वे तो सत्ता-प्राप्ति/ सत्ता-संरक्षण के उपरोक्त षड्गुणवादी उपायों में निरंतर, अहर्निश लीन रहते हैं। माने, जनतंत्र में राजतंत्र के षड्गुणों की महिमा बरकरार है।

जनतंत्र का जन्म उस समय हुआ जब उद्योग-व्यापार से अर्जित संपत्ति के चलते अस्तित्व में आया एक ऐसा 'मध्य वर्ग' (आज का मध्यवर्ग नहीं) विकसित हो गया था जो उच्च (सामंत) वर्ग से सत्ता छीनना चाहता था। इस बुर्जुआ मध्य वर्ग के वर्चस्व से भी जनतंत्र कभी मुक्त नहीं हो सका। होता क्या है कि राजनीतिक दल बुर्जुआ मध्यवर्ग से प्रकट या गुप्त चंदा वसूलते हैं और उसी के सहारे सामान्य जनता का वोट बटोरने की जुगत भिड़ाते हैं। यह समीकरण चल गया तो सरकारी ख़ज़ाने से चक्रवृद्धि ब्याज के साथ चंदे को काइंड में लौटा देते हैं। फिर सामान्य जनता के कल्याण लिए भी कुछ करना ही पड़ता है। इसके लिए वे काम करने का एक विकल्प निकाल लेते हैं। बातें करने की कला का नाम ही (बुर्जुआ) जनतंत्र है। कभी-कभी बाय डिफ़ॉल्ट कुछ काम भी हो जाता है, बाक़ी रिक्ति पूर्ति बातों से ही करनी पड़ती है। लिहाज़ा, व्यवहार में जनतंत्र के धनतंत्र में अंतरित होने की संभावना लगातार बनी रहती है।

> संसद में सत्ता पक्ष और विपक्ष का द्वंद्व, उनकी प्रतियोगिता हर चुनाव क्षेत्र की ज़मीनी समस्याओं के आलोक में हो, उनके नीतिगत समाधान और उसकी भिन्नता की दिशा परिलक्षित करे। सत्ता का संघर्ष महज़ वाग्जाल और स्टंट न होकर इन समस्याओं के समाधान के परिप्रेक्ष में हो। संसद चिल्लपों का अड्डा बनने के बजाय उसकी बहसें जनता की ठोस, ज़मीनी समस्याओं के निदान के, जनता के विकास के, उसके रास्ते की समस्याओं के परिप्रेक्ष्य में हो। संसद सांसदों की वाक्पटुता के प्रदर्शन के बजाय जनता की समस्याओं का, जनता का प्रतिबिंब बने। जनतंत्र को भीड़तंत्र और भेड़तंत्र में अंतरित होकर निकृष्ट शासन प्रणाली साबित होने से बचाने का शायद यही विकल्प है।

इसी के समाहार के लिए साम्यवादी व्यवस्था प्रकाश में आई जिसका लक्ष्य बुर्जुआ जनतंत्र की जगह जनता का जनतंत्र लागू करना था। किंतु दुरूह और अकाट्य मानव स्वभाव की सीमाओं से टकराकर वह चूर-चूर हो गई।

जैसे किसी धर्म या वाद को जिस तरह के अनुयायी मिलते हैं, व्यवहार में वह वैसे ही हो जाता है, उसी तरह किसी संविधान को अमल में लाने के लिए जिस तरह के लोग मिलते हैं, संविधान भी वैसा ही हो जाता है। भारतीय संविधान की प्रारूप-समिति के अध्यक्ष डॉ. आंबेडकर को संविधान-सभा की समापन बहस में इस रहस्य का खुलासा करना पड़ा था। तो जनतंत्र के विचलन के विरुद्ध संविधानवाद भी बहुत असरदार कवच साबित नहीं होता, मानव-स्वभाव की बाध्यकारी सीमाओं के सामने वह भी हाथ जोड़ लेता है।

गांधी के नेतृत्व में देश के आजादी की जो लड़ाई लड़ी गई थी, उसके बाद आजाद भारत संसदीय लोकतंत्र की आवश्यकता भारतीय समाज और अर्थव्यवस्था में मौलिक परिवर्तन लाने के लिए एक सशक्त विकल्प के रूप में महसूस की गई थी। आजादी के रजत जयंती वर्ष तक आते आते जनसामान्य यह स्पष्टतः महसूस करने लगा था कि जिस व्यवस्था में वह जीने के उपक्रम में है, क्या वह लोकतांत्रिक है? क्या संसद और विधानसभा लोकतंत्र के वाहक रह गए हैं? आम आदमी की रोटी और आजादी राजनीती की शिकार होती चली गई। जो राजनीति आम आदमी की भाषा हो सकती थी वह मात्र एक तरकीब बन कर रह गई। इस व्यवस्था के बदलाव के लिए एक नायक की तलाश थी।

जनतंत्र के संचालन में पुराने यूनान के प्रत्यक्ष जनतांत्रिक युग की परंपरा-सॉफ़िज़्म-का भी कुछ तत्व हमेशा बना रहा। सॉफ़िस्ट्स का एक दार्शनिक स्कूल था। बाद में वह दर्शन के उद्देश्य-ज्ञान से प्रेम-से फिसलकर सत्ता की युक्ति बन गया। सॉफ़िज़्म का प्रशिक्षण देने के स्कूल खुल गए। सॉफ़िज़्म का केंद्रीय तत्व वाक्चातुर्य से सही को ग़लत और ग़लत को सही की प्रतीति उत्पन्न करने की कला बन गया। यूनान के प्रत्यक्ष जनतंत्र में अपना करियर बनाने के इच्छुक नवयुवक इन स्कूलों में प्रशिक्षण प्राप्त करने लगे। राजनीतिक दलों के नेता आज भी उन स्कूलों में दी गई शिक्षा का समुचित पालन कर रहे हैं। बिना स्कूल का मुंह देखे। नेतागण सॉफ़िज़्म में जितने माहिर होते हैं चुनाव-प्रचार में उतना ही उनका सिक्का चलता है। बस उन्हें एक नई संज्ञा से सुशोभित कर दिया गया है-स्टार प्रचारक। राजनीतिक दलों में एक अजूबा देखने में आता है। वे अपनी गलतियों के लिए तो परिस्थितियों को ज़िम्मेदार बताते हैं और दूसरों की ग़लतियों के लिए उन्हें धूर्त, मक्कार और बदमाश कहते हैं। कोई भी पैमाना पहले अपने ऊपर लागू करना चाहिए न? यह तो सीधे-सीधे दोमुंहापन हुआ।

अरस्तू ने जनतंत्र को सबसे उत्तम शासन प्रणाली बताने के साथ उसके इस भीड़तंत्री या भेड़तंत्री संस्करण को सबसे निकृष्ट शासन प्रणाली बताया था। भ्रष्ट व निरंकुश राजतंत्र और भ्रष्ट व निरंकुश कुलीनतंत्र से भी निकृष्ट। इस भेड़तंत्र से हम आम को इमली और इमली को आम सिद्ध करने का चमत्कार कर सकते हैं। निर्दोष को अपराधी और अपराधी को निर्दोष सिद्ध कर देना तो बाएं हाथ का खेल है। विकल्प क्या है? है भी या नहीं? हर सांसद संसद-सत्र के समय को छोड़कर अपने अपने क्षेत्र में रहे। घर पर दरबार लगाने या डाक बंगले में आराम करने नहीं, लगातार भ्रमण करने। वहां के लोगों का काम करने-कराने के लिए।

संसद में सत्ता पक्ष और विपक्ष का द्वंद्व, उनकी प्रतियोगिता हर चुनाव क्षेत्र की ज़मीनी समस्याओं के आलोक में हो, उनके नीतिगत समाधान और उसकी भिन्नता की दिशा परिलक्षित करे। सत्ता का संघर्ष महज़ वाग्जाल और स्टंट न होकर इन समस्याओं के समाधान के परिप्रेक्ष में हो। संसद चिल्लपों का अड्डा बनने के बजाय उसकी बहसें जनता की ठोस, ज़मीनी समस्याओं के निदान के, जनता के विकास के, उसके रास्ते की समस्याओं के परिप्रेक्ष्य में हो। संसद सांसदों की वाक्पटुता के प्रदर्शन के बजाय जनता की समस्याओं का, जनता का प्रतिबिंब बने। जनतंत्र को भीड़तंत्र और भेड़तंत्र में अंतरित होकर निकृष्ट शासन प्रणाली साबित होने से बचाने का शायद यही विकल्प है।

## प्रसंगवश

# अद्वैत दर्शन के प्रणेता

आद्य शंकराचार्य सनातन धर्म की विश्व व्यापी महानता के उदार प्रवक्ता थे। उन्होंने वैदिक धर्म को अनंत युगों का स्थायित्व देकर उसे अत्यंत सुदृढ़ नींव प्रदान की। हिंदू धर्म का दर्शन चिरस्थायी है और सम्पूर्ण विश्व के लिए मंगलकारी है।

वैदिक सनातन धर्म की पुनर्स्थापना करने वाले महान दार्शनिक आदि शंकराचार्य आचार्य शंकर का आविर्भाव ऐसी विषम परिस्थिति में हुआ, जब सनातन हिंदू धर्म बलहीन, विध्वंश और विच्छिन्न हो गया था तथा विदेशी आक्रमण हो रहे थे। उन्होंने अपनी विद्वता एवं तप बल से बौद्ध विद्वानों को पराजित किया। श्री मंडन मिश्र जैसे विद्वानों को भी उन्होंने शास्त्रार्थ में पराजित कर शिष्य बनाया। उन्होंने 16 वर्ष की आयु में महान कार्यों को संपादित किया।



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

वे 32 वर्ष के संक्षिप्त जीवन काल में भारत वर्ष के सुदूर जनपदों का भ्रमण कर सुप्त प्राय समाज को जागृत किया। अपने जीवन काल में उन्होंने अनेक ग्रंथ लिखे तथा मंदिरों का जीर्णोद्वार कराया। धर्म की सत्ता निरंतर बनी रहे और आध्यात्मिक मूल्यों का उत्कर्ष होता रहे इस दृष्टि से महान भविष्य दृष्टा ने भारत वर्ष के चार धार्मिक केंद्रों में मठों की स्थापना की। अल्पायु में ही संपूर्ण भारतवर्ष का तीन बार पैदल भ्रमण कर बख़ूबी समझा और निरंतर साधना के बल पर प्रत्यक्ष अनुभव किया था। संभवतः यही कारण रहा कि वे राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के स्थाई, मान्य एवं व्यावहारिक सूत्र और सिद्धांत देने में सफल रहे। पूरब से पश्चिम तथा उत्तर से दक्षिण तक राष्ट्र को एकता एवं अखंडता के सुदृढ़ सूत्र में पिरोने में उन्हें सफलता मिली। सुदूर दक्षिण में जन्म लेकर भी वे संपूर्ण भारतवर्ष की रीति, नीति, प्रकृति एवं प्रवृत्ति को भली-भांति समझ पाए।

वेदों, उपनिषदों, पुराणों एवं महाकाव्यों में बताया गया है कि ईश्वर सृष्टि के कण-कण में विद्यमान हैं। भारतीय दर्शन के अनुसार आत्मा, परमात्मा एवं संपूर्ण ब्रह्मांड एक-दूसरे से गहरे जुड़े हैं। जड़-चेतन, चर-अचर सभी प्राणियों में एक ही परम तत्व को देखने और पाने की दृष्टि भारतवर्ष में सदा से रही है।

आद्य शंकराचार्य ने इसका प्रत्यक्ष अनुभव किया था। इस ज्ञान, अनुभव एवं साधना के बल पर ही वे समय की धारा में स्वाभाविक रूप से आए भ्रम एवं भटकाव तथा भेद एवं संघर्ष आदि को पहचानकर, उसे दूर कर पाए। उन्होंने उस समय प्रचलित विभिन्न मत, पंथ, जाति आदि के बीच समन्वय स्थापित कर अद्वैतवाद का दर्शन दिया। उनका अद्वैत दर्शन सब प्रकार के भेद, संघर्ष, अलगाव व दूरी को मिटाकर आत्मा को परमात्मा, जीव को ब्रह्म तथा व्यक्ति-व्यक्ति को प्रकृति और पर्यावरण से जोड़ने का माध्यम है।

उन्होंने मनुष्य को छोटे-छोटे स्वार्थों एवं संकीर्णताओं से ऊपर उठाया तथा उसकी संवेदना को विस्तार दिया। उन्होंने बताया और समझाया कि मनुष्य यदि स्वार्थ एवं संकीर्णताओं से ऊपर उठ जाए तो वह संपूर्ण सृष्टि के साथ गहरा आत्मिक संबंध स्थापित कर सकता है। उनके विचारों ने मनुष्य की चेतना को ऊपर उठाकर उसे उदार एवं श्रेष्ठ बनाने का कार्य किया। उनके अनुसार बाहरी संसार में जो भेद या अलगाव दिखाई देता है, वह अज्ञानता के कारण है। सत्य का साक्षात्कार हो जाने या सच्चा ज्ञान जान लेने पर यह भेद-बुद्धि अपने-आप समाप्त हो जाती है और सारा संसार उसी परम ब्रह्म का अभिव्यक्त स्वरूप जान पड़ता है, जिसे आध्यात्मिक भाषा में नाम रूपात्मक जगत कहते हैं। सही मायने में उनका अद्वैत दर्शन देश, काल, परिस्थिति आदि सब प्रकार की मानव निर्मित सीमाओं से परे एक विश्व-दर्शन है, जिसमें संपूर्ण धरती एवं मानवता के कल्याण का भाव निहित है।

आद्य शंकर के समन्वयकारी दर्शन ने उस समय प्रचलित भिन्न-भिन्न वैचारिक एवं धार्मिक धाराओं को भी सनातन धारा में सम्मिलित कर लिया। बौद्ध एवं जैन मतावलंबियों को भी वे सनातन के साथ लाने में लगभग सफल रहे। उन्होंने ऐसा राष्ट्रीय एवं सांस्कृतिक बोध दिया कि दक्षिण के कांची-कालड़ी-कन्याकुमारी-श्रृंगेरी आदि में पैदा हुआ व्यक्ति कम-से-कम एक बार अपने जीवन में उत्तर के काशी-केदार-प्रयाग-बद्रीनाथ की यात्रा करने की इच्छा रखता है तो वहीं पूरब के जगन्नाथपुरी का रहने वाला पश्चिम के द्वारकाधीश-सोमनाथ की यात्रा कर स्वयं को धन्य समझता है। देश के चार कोनों पर चार मठों एवं धामों की स्थापना कर उन्होंने एक ओर देश को एकता एवं अखंडता के मजबूत सूत्रों में पिरोया तो दूसरी ओर विघटनकारी शक्तियों एवं प्रवृत्तियों पर लगाम लगाया।

# जेल में मुलाकात का एक दिन



अमिता शरीन
प्रयागराज

> खुदा न खास्ता कोई दूसरी सरकार आ गई तो क्या जेल की ये निर्मम व्यवस्था इंसानों को इंसान समझने लगेगी? सरकारें बदलने से क्या ये निर्मम व्यवस्था बदलेगी?

आज एक बार फिर से जेल जाना हुआ। लखनऊ सेंट्रल जेल। बिंदा, अनिता, कृपा शंकर और बृजेश से मिलने। सुबह 8 बजे से लाइन में लगे लगे साढ़े 9 बजे मुलाकात की पर्ची कटी। जेल का सर्वर डाउन था। मोबाइल से कनेक्शन लेकर काम चल रहा था। खैर, पर्ची कटी किसी तरह। हमारे ठीक आगे एक महिला खड़ी थी। उन्होंने आधार को दोनो तरफ फोटोकॉपी नहीं कराया था। उसकी पर्ची नहीं कटी वह मिन्नतें करती रह गई कि वह बहुत दूर से आई है। लेकिन नहीं सुनना था तो नहीं सुना। क्या आधार नंबर से उसका वेरिफिकेशन नहीं किया जा सकता।

फिर शुरू हुआ अपनी बारी का इंतज़ार। मुलाकात की पहली पर्ची आई 11.30 पर। हमारा नाम उसमें नहीं था। विडंबना यह कि पर्ची में जो नाम पुकारे जा रहे थे उनमें बहुतायत मुस्लिमों का था। दलित ओबीसी भी थे। चंद नाम शुक्ला तिवारी के भी थे। इंतज़ार जारी रहा। पहली मुलाकात कर के लोग वापस आ गए। पर्ची फिर भी नहीं आई। 5 साल का एक बच्चा बार बार अपनी मां से पूछ रहा था कि पापा कब मिलेंगे? वहां एक तरफ ऑनलाइन पर्चियां कट रही थी वहीं मुलाकातियों से अंगूठा लगवाया जा रहा था। एक साथ सौ साल आगे और सौ साल पीछे। कन्फ्यूज्ड भारत का एक और नमूना। 42 डिग्री तापमान। गरमागरम लू के थपेड़े गाल, आंख और दिमाग तीनों को जला रहे थे। अपनों से पलभर मिलने का तनाव अलग से था।

आखिर इंतज़ार ख़त्म हुआ। तकरीबन 12.40 दोपहर में हमारी पर्ची आई। मुलाकात कक्ष में पहुंची तो अनिता और बिंदा आ चुकी थीं। उधर पुरुषों की गैलरी में कृपा और बृजेश भी थे। जब हम जेल में थे तो पहले मुलाकात कक्ष में जेल की भाषा में अडगड़े लगे थे। हम हाथ बढ़ा कर अपनों से हाथ मिला सकते थे। यह स्पर्श अगली मुलाकात तक बना रहता। हमारे रहने के दौरान ही उस पर एक जाली लगा दी गई। फिर भी हम एक उंगली निकाल कर अपनों को छूने की कोशिश करते और उंगलियों के पोरों पर स्पर्श ले कर जाते। अब जब इनसे मिलने आए तो देखा कि उस जाली के एक फीट बाद एक और जाली लगा दी जेल प्रशासन ने। आलम ये कि गला फाड़ कर चिल्ला चिल्ला कर बात करनी पड़ती है। पुरुषों की गैलरी में इतना शोर होता है कि सारी आवाज़ें आपस में टकरा कर वहीं फैल जाती। कोई बात करना संभव नहीं। जेल में सुधार का मतलब होता है बंदियों और उनके परिजनों की मुश्किलें और बढ़ा देना। ये स्टेट का सेडिस्ट एप्रोच है। अनिता और बिंदा की तकलीफें भी बढ़ गई हैं। पहले दोनों सहेलियां साथ में एक बैरक में थीं। अब उन्हें अलग-अलग हातों में डाल दिया गया है। और अब दोनों हातो के लोग एक दूसरे से नहीं मिल सकते। दोनो ही वहां स्वास्थ्य की परेशानियों से जूझ रही हैं। कृपा शंकर और बृजेश दोनो को अतिसंवेदनशील वार्ड में तन्हाई में रखा गया है। उन्हें किसी से मिलने की इजाज़त नहीं है। ऐसा क्यों है इसका जवाबदेह कोई नहीं। शायद एटीएस के निर्देश पर ऐसा किया गया होगा। कोर्ट कचहरी की अपनी तकलीफें अलग है। अव्वल तो वकील तय करना मुसीबत का काम है। वकील है तो डेट नहीं, डेट है तो सुनवाई नहीं, सुनवाई है तो भी हमारी कोई सुनवाई नहीं।

इसी बीच 15 मिनट बीत गए। न जी भर के देख पाए, न ही सुकून से बात हुई। चलो चलो का शोर मचने लगा। हम भारी मन से वहां से चल दिए। बाहर निकलते वक्त कुछ औरतें ज़ार ज़ार रो रही थीं। एक युवती की आंखें नम थी। गोद में बच्ची थी। मैंने उससे पूछा कौन है आपका जिससे आप मिलने आई थी तो कहा ' मानो तो बहुत कुछ है न मानो तो कुछ भी नहीं'। दुख की सियाही उसके चेहरे पर पुत गई। न जाने क्या बात हुई होगी दोनों में। मैंने आगे पूछना उचित नहीं समझा। हमारे ये चारों साथी इंसानियत को प्यार करने वाले राजनीतिक सामाजिक बंदे हैं, जेल में उन्हें महज एक बंदी में रिड्यूस कर दिया गया है, जिनके कोई अधिकार नहीं। फिर उनके सामानों का झोला जमा करने की एक और लाइन।

धधकती लू में फाइनली हम ढाई बजे बाहर निकले। 15 मिनट की मुख्तसर सी मुलाकात के लिए सुबह 8 बजे से 3 बजे तक जेल कैंपस में रहे। मन कसैला हो गया। पिछली बार बिंदा ने पोस्ट से किताब भेजने को कहा था। होली के दो तीन दिन पहले हमने 3 किताबें मय डिक्शनरी स्पीड पोस्ट की थी जो आज तक डिलीवर नहीं हुई। दूसरे राउंड की पोलिंग है हो चुकी है। खुदा न खास्ता कोई दूसरी सरकार आ गई तो क्या जेल की ये निर्मम व्यवस्था इंसानों को इंसान समझने लगेगी? सरकारें बदलने से क्या ये निर्मम व्यवस्था बदलेगी?

## सोशल फोरम

# बेचने की कला

बेचने की कला हो तो आप गाय का मूत्र बेच दें। बाबा बेच ही रहे हैं। पर सब इतने कलाकार नहीं होते। सब इतने चतुर होते तो दुनिया कैसे चलती। बाज़ारों में रौनक कहां से आती। दुकानदारी में दो पक्ष होते हैं। एक बेचने वाला एक खरीदने वाला। सौदा हो जाए इसलिए इनमें से एक का गधा होना ज़रूरी है और वो निश्चित रूप से ख़रीदार ही होता है। बेचने वाला लच्छेदार बाते बनाता है। यकीन दिलाता है खरीदने वाले को कि वो जो बेच रहा है वो उसके ज़िंदा रहने के लिए कितना ज़रूरी है। बेची जाने वाली चीज उसकी रूखी सूखी ज़िंदगी को कितना तर कर सकती है। वो जो बेच रहा है वो कितनी आरामदायक है और उसकी उपस्थिति ग्राहक की साख इज़्ज़त में कितना इज़ाफ़ा कर सकती है। जादूगर होता है बेचने वाला। सम्मोहन जानता है। ग्राहक जान ही नहीं पाता कि उसने अपना क्रेडिट कार्ड कब बेचने वाले के हाथ मे थमा दिया है। वो बस खरीदता है। खरीदी चीज को ढो कर लाता है घर और फिर यह सोचता है कि इसका क्या किया जाए। बाते बनाने में ,बेचने में उस्तादी हासिल हैं गुजरातियों को। अब बताइए, अहमदाबाद का एक चतुर आदमी गधी का दूध सात हज़ार रूपये लीटर बेच रहा है और लोग लाईन लगा कर खरीद भी रहे हैं। वही बातों की जलेबियां। बातें भी कैसी कैसी। गधी के दूध मे फलाने विटामिन है, एलर्जी दूर होती है इससे। बच्चों के लिए फायदेमंद है। मुमकिन है इनमें से कुछ बातें सही भी हों। यह भी पता है हमें कि क्लियोपेट्रा नहाती थी गधी के दूध से। पर गधी का दूध यदि गौ माता के दूध से महंगा बिकने लगे तो हम दुनिया को क्या मुंह दिखाएंगे। और फिर हमारे यहां कायदा यह कि जिसका दूध पिया जाता है वो हमारे लिए अम्मा जितनी सम्माननीय होती है। ऐसे मे हमें गधी और उसके सबसे नज़दीकी रिश्तेदार गधे को देखने का नज़रिया भी बदलना होगा। हालांकि मुश्किल वक्त में गधे को बाप बनाने का रिवाज है हमारे यहां, पर अब बाजार चाहता है कि हम यह बात सार्वजनिक रूप से भी मान लें। हमें जो बताना था बता चुके आपको। जहां तक हमारी बात है, राम राम कहिए।



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

-फेसबुक वॉल से

# विश्व के सबसे बड़े सांप का जीवाश्म

भारतीय सर्पविदों ने गुजरात के एक कोयले के खदान से ऐसे सांप का जीवाश्म खोज निकाला है जो विश्व में अब तक के सबसे बड़े सांप होने की दावेदारी में आ गया है। इसका वैज्ञानिक नाम भी पुराकथाओं के वासुकि सर्प पर रखा गया है जो शिव के गले का हार है और जिसके बारे में कहा गया है कि समुद्र मंथन के वक्त मंदराचल पर्वत को मथानी बनाने के लिए वासुकि को ही रस्सी के रुप में इस्तेमाल किया गया था। श्रीकृष्ण ने भी कहा है कि, "सर्पाणामस्मि वासुकिः।(श्रीमद्भगवद्गीता 10.28)। जाहिर है कि हमारी लोकस्मृति में ऐसे ही विशाल सांपों की छवि रची बसी हुई है जो कभी भारत भूमि पर विचरण करते थे। और इसलिए ही अनेक पुराकथाओं में उनका उल्लेख हुआ है। शोधकर्ताओं ने अभी पिछले हफ्ते ही पता लगाया कि भारत में यह प्राचीन बड़ा सांप एक टन वजन का रहा होगा जो एक स्कूल बस से भी लंबा रहा होगा। कोयला खदान के पास मिले जीवाश्मों के अनुसार इसकी लंबाई 36 फीट (11 मीटर) से लेकर 50 फीट (15 मीटर) तक है। यह सबसे बड़े ज्ञात उस सांप के समान है, जो मूल रूप से कोलंबिया में पाया गया था और लगभग 42 फीट (13 मीटर) लंबा था। यानि वासुकि से लंबाई में कम। कथित वासुकि भारतीय धरती पर यही कोई 4.7 करोड़ वर्ष पहले विचरता था। वैज्ञानिकों ने उचित ही इसका नामकरण वासुकि इंडिकस किया है। इसकी रीढ़ की हड्डी से पता चलता है कि यह 15 मीटर तक लंबा हो रहा होगा। हालांकि इसकी केवल कुछ रीढ़ की हड्डी ही बरामद की गई थी, लेकिन शोधकर्ताओं का अनुमान है कि यह निश्चय ही 15 मीटर तक लंबा रहा होगा।

वर्ष 2005 में, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की के सुनील बाजपेयी सहित जीवाश्म विज्ञानी पश्चिमी भारत के गुजरात में एक कोयला खदान में जीवाश्मों की खोज कर रहे थे। बाजपेयी कहते हैं, 'हम वास्तव में इस इलाके में शुरुआती व्हेल के जीवाश्मों की खोज कर रहे थे, लेकिन हमें न केवल व्हेल बल्कि सांपों सहित कई अन्य कशेरुकी जीवाश्म मिले।' खोजे गये जीवाश्मों में 27 कशेरुकाओं का एक संग्रह था, जिनकी लंबाई 6 सेंटीमीटर और चौड़ाई 11 सेंटीमीटर थी। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की के देबाजी दत्ता कहते हैं कि उनके बड़े आकार और इस तथ्य के कारण कि उनकी शारीरिक रचना कुछ हद तक खदान की तलछट से अस्पष्ट थी, पहले माना जाता था कि ये किसी प्रकार के विलुप्त मगरमच्छ के हैं। किंतु करीब से विश्लेषण करने के बाद, दत्ता और बाजपेयी अब मानते हैं कि कशेरुकाएं मैड्सोइडे नामक एक विलुप्त परिवार के एक बहुत बड़े सांप की ही है। अब विलुप्त हो गयी एक अन्य प्रजाति टाइटेनोबोआ सेरेजोनेंसिस से इसकी कशेरुकाएं थोड़ी बड़ी हैं। शोधकर्ताओं का कहना है कि यह संभवतः एक घात लगाने वाला शिकारी रहा होगा जो स्थलीय या अर्ध-जलीय वातावरण में रहता था, जैसे कि दलदलों में।



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

आज के कई बड़ी प्रजातियों के अजगरों की लंबाई भी 15 फीट पाई जाती है। आधुनिक समय के सांपों के डेटा का उपयोग करते हुए, जो उनके कशेरुकाओं के आकार की तुलना समग्र लंबाई से करते हैं, दत्ता और बाजपेयी का अनुमान है कि वासुकि इंडिकस 10.9 से 15.2 मीटर के बीच था। हालांकि यह संभावित रूप से टाइटेनोबोआ से अधिक लंबा है, लेकिन शोधकर्ता इस बात पर जोर देते हैं कि हमारे पास किसी भी मैड्सोईड सांप का पूरा कंकाल नहीं है, इसलिए यह जानना असंभव है कि उनकी लंबाई और कशेरुकाओं का आकार जीवित प्रजातियों के समान ही सहसंबंधित होगा या नहीं। न्यूयॉर्क के रोचेस्टर में नाज़रेथ विश्वविद्यालय में जैकब मैककार्टनी कहते हैं, 'जब भी आप उपलब्ध डेटा सेट से परे अनुमान लगा रहे हों, तो हमेशा सावधानी बरतनी चाहिए।' लेकिन इस नई प्रजाति की कशेरुकाएं अपेक्षाकृत बहुत बड़ी हैं। चलिए, भारत ने अब सांपों के मामले में भी अपना सिक्का दुनिया में जमा दिया है।

# मां की सीख

केन्या के सुप्रसिद्ध धावक अबेल मुताई ओलंपिक प्रतियोगिता के अंतिम राउंड मे दौड़ते वक्त अंतिम लाइन से एक मीटर ही दूर थे और उनके सभी प्रतिस्पर्धी पीछे थे। अबेल ने स्वर्ण पदक लगभग जीत ही लिया था, इतने में कुछ गलतफहमी के कारण वे अंतिम रेखा समझकर एक मीटर पहले ही रुक गए। उनके पीछे आने वाले स्पेन के इव्हान फर्नांडिस के ध्यान में आया कि अंतिम रेखा समझ नहीं आने की वजह से वह पहले ही रुक गए। उसने चिल्लाकर अबेल को आगे जाने के लिए कहा लेकिन स्पेनिश नहीं समझने की वजह से वह नहीं हिला। आखिर में इव्हान ने उसे धकेलकर अंतिम रेखा तक पहुंचा दिया। इस कारण अबेल का प्रथम तथा इव्हान का दूसरा स्थान आया। पत्रकारों ने इव्हान से पूछा "तुमने ऐसा क्यों किया? मौका मिलने के बावजूद तुमने प्रथम क्रमांक क्यों गंवाया?" इव्हान ने कहा "मेरा सपना है कि हम एक दिन ऐसी मानवजाति बनाएंगे जो एक दूसरे को मदद करेगी ना कि उसकी भूल से फायदा उठाएगी। और मैंने प्रथम स्थान नहीं गंवाया। पत्रकार ने फिर कहा "लेकिन तुमने केनियन प्रतिस्पर्धी को धकेलकर आगे लाया। इसपर इव्हान ने कहा "वह प्रथम था ही। यह प्रतियोगिता उसी की थी।"



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

पत्रकार ने फिर कहा, "लेकिन तुम स्वर्ण पदक जीत सकते थे।" इव्हान ने कहा, "उस जीतने का क्या अर्थ होता। मेरे पदक को सम्मान मिलता? मेरी मां ने मुझे क्या कहा होता?

संस्कार एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक आगे जाते रहते हैं। मैंने अगली पीढ़ी को क्या दिया होता? दूसरों की दुर्बलता या अज्ञान का फायदा न उठाते हुए उनको मदद करने की सीख मेरी मां ने मुझे दी है।"

# गौशाला में गौवंशों की मौत की जांच पूरी

## आस्था का कत्ल : मृत गोवंशों के अंग-भंग करने का मामला, दोषियों पर कार्रवाई का इंतजार

**फॉलोअप**

- सीडीओ से लेकर कई अधीनस्थों ने की जांच
- पिसावां ब्लॉक की चर्चित कपसा कलां गांव की गौशाला में नौ गौवंशों के किये गये थे अंग-भंग

**महोली/सीतापुर, अमृत विचार।** गोवंश महज जानवर ही नहीं बल्कि हिंदुओं की आस्था का केंद्र हैं। वह शुभता और देवत्व का प्रतीक हैं। वह वेदों और पुराणों में भी वर्णित हैं। उसकी महत्ता पुण्य से लेकर मोक्ष प्राप्ति तक मानी गई है। शायद इसीलिए योगी सरकार ने गांव-गांव गोशाला बनाकर उनके संरक्षण और भरण-पोषण का इंतजाम किया। लेकिन संवेदनहीन लोगों ने अपने फर्ज से हटकर आस्था का कत्ल करा दिया। गौशाला में मृत गोवंशों के अंग-भंग कराकर अपनी जेबें गरम कीं। जब खुलासा हुआ तो जिम्मेदारों ने अपना दामन बचाकर अपराध का अल्पीकरण कर प्रधान सहित पांच के विरुद्ध केस दर्ज कराया और आरोपितों के विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई की।

हैरत है कि अफसर का अभयदान प्राप्त प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी त्वरित कार्रवाई की जद से बाहर हो गए। केस कागजों पर दर्ज हुआ और कागजों पर ही खत्म हो जाएगा। लेकिन आस्था का कत्ल करने वालों पर सिस्टम की यह मेहरबानी शुभ संकेत नहीं है। लोगों को अब उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई का बेसब्री से इंतजार है। गांव में चर्चा है कि गोशाला में प्रधान और ग्राम पंचायत अधिकारी की मिलीभगत से मृत गोवंशों की खाल और हड्डी निकालकर बेची जाती थी। शुक्रवार को भी हरदोई जनपद के कुछ लोग यही कुकृत्य कर रहे थे तभी बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने छापामारी कर दो लोगों को दबोच लिया, जबकि अन्य चार मौके से भागने में सफल रहे। मौके से मिले धारदार चाकू और अंग-भंग गोवंशों के शव यह गवाही दे रहे थे कि माननीय संवेदनाओं और कानून के विरुद्ध उनका शव प्रताड़ित किया जा रहा था।

### बदली गई पहली तहरीर

बताया जाता है कि शासन की कार्रवाई से बचने के लिए पहली तहरीर को नजर अंदाज कर एक राय होकर प्रधान सहित पांच लोगों के विरुद्ध दूसरी तहरीर देकर एफआईआर दर्ज कराई गई। इसके उपरांत जन आक्रोश और गरम माहौल को ठंडा करने के लिए गौशाला में दिहाड़ी पर काम करने वाले चार लोगों को निकाल दिया गया। ताकि डैमेज कंट्रोल के लिए यह मैसेज दिया जा सके कि दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जा चुकी है। प्रशासनिक फजीहत के बाद पशुपालन विभाग की तीन सदस्यीय टीम और अगले दिन सीडीओ व डीडीओ ने गौशाला की गहन जांच-पड़ताल की, लेकिन गौशाला में कराए जा रहे कुकृत्य और उसके पीछे के असली दोषियों का खुलासा अब तक नहीं सका है।



गौशाला में गौवंशों की मौत के बाद जांच करतीं सीडीओ निधि बंसल व मौजूद अन्य अफसर (फाइल फोटो)। अमृत विचार

### ग्राम प्रधान सहित 5 के विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई

गौशाला में हुए कांड के बाद आरोपी ग्राम प्रधान सहित पांचों के विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई करने के बाद से मामला ठंडे बस्ते में है। सियासी हस्तक्षेप के चलते गौरक्षा से जुड़े एवं अन्य तमाम हिंदूवादी संगठन भी खामोश हैं। अब आम और खास सभी यह जरूर जानना चाहते हैं कि 9 गोवंशों की मौत का कारण और मौत के बाद उनके शव की खराबी कराने के पीछे कौन-कौन से चेहरे थे। जो अफसरों की स्थलीय और गहन जांच-पड़ताल में दोषी पाए गये हैं। उन दोषियों के विरुद्ध विभागीय और विधिक कार्रवाई क्या की जा रही है?

### अगर मजदूर दोषी तो एफआईआर में बढ़े नाम

गौशाला में हुए गौवंशों की मौत के बाद ग्रामीणों का तर्क है कि ब्लॉक प्रशासन ने खुद को पाक-साफ रखते हुए गौशाला में कार्यरत चार मजदूरों को दोषी मानते हुए काम से हटा दिया है। अगर वो दोषी हैं तो उनका भी नाम दर्ज हो चुकी प्रथम सूचना रिपोर्ट में बढ़ाया जाए। सभी दोषियों पर कार्रवाई की जाए।

> पिसावां ब्लॉक की कपसा कला गौशाला की गोपनीय जांच रिपोर्ट शासन को भेजी जा चुकी है। जांच टीम में तीन लोग शामिल थे। अफसरों के निर्देश पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।
> –डॉ. पीके सिंह, पशु प्रजनन मुख्यालय

# स्टार प्रचारकों के स्टेज बनाने के लिए पीडब्लूडी व फायर विभाग से लें परमीशन

**सीतापुर, अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेक्षक सामान्य व पुलिस प्रेक्षक ने राजनीतिक दलों के साथ बैठक सम्पन्न हुयी। जिसमें प्रेक्षकों ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की है कि वह सभी भारत निर्वाचन आयोग के दिये गये दिशा निर्देशों का पालन करे। उन्होंने कहा कि अगर किसी को किसी भी प्रकार की कोई समस्या आती है तो वह हमसे आकर मिल सकता है और हमको कॉल करके भी जानकारी ले व दे सकता है। प्रेक्षकों ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली।

अगर किसी भी राजनीतिक दलों द्वारा कोई भी अप्रिय घटना को अंजाम दिया जाता है तो उसके खिलाफ भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देश के अनुसार कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने कहा कि अगर राजनीतिक दलों का कोई भी स्टार प्रचारक आता है और उसके लिये अगर कोई स्टेज बनाया जाता है तो उसके लिये पीडब्लूडी विभाग और फायर विभाग से परमीशन ले ले, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो सके। निर्वाचन के दौरान जो भी एजेण्ट की नियुक्ति की जाये तो उसकी उपस्थिति सुनिश्चित की जाये। साथ ही उन्होंनें सभी राजनीतिक दलों से अपने नमूना हस्ताक्षर देने को कहा कि ताकि एजेण्टों के किसी भी प्रकार की कोई भी समस्या का समाना न कराना पड़े। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने कहा कि सभी राजनीतिक दल एमसीएमसी का उल्लंघन न करे अन्यथा उनके खिलाफ भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कार्यवाही की जायेगी। अगर कोई भी पार्टी का स्टार प्रचारक आता है तो उसकी सूचना भी हम लोगों को उपलब्ध करा दी जाये।



डीएम से जानकारी लेते प्रेषक। अमृत विचार

### प्रेक्षकों के मोबाइल नंबरों पर कर सकते हैं शिकायत

**सीतापुर, अमृत विचार।** लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 से संबंधित कोई भी व्यक्ति शिकायत अथवा मुलाकात करने के लिए सुबह नौ बजे से 10 बजे तक संपर्क किया जा सकता है। संसदीय क्षेत्र 30 के लिए सामान्य प्रेक्षक शिवाशंकर (आईएएस), मो.नं.-7020150970, 9450549949 बेसिक नम्बर-05862-298857, 11वीं वाहिनी पीएसी के 14 नम्बर क्लब में रूम नं.-2, जिनके लाइजन आफिसर राजीव त्रिपाठी उपनिबन्धक सदर हैं, जिनका मो.नं.-9415575612 हैं।

वहीं सामान्य प्रेक्षक सोनिया नैन (आईएएस), मो.नं.-9896533842, 9452201658, बेसिक नम्बर-05862-298856, रूम नं.-5, जिनके लाइजन आफिसर शालिनी कुमारी जिला खनन अधिकारी हैं, जिनका मो.नं.-8887534839 है। व्यय प्रेक्षक वीएस देशवरन (आईएएस), मो.नं.-8870014133, 9452028540 तथा बेसिक नम्बर-05862-298853, रूम नं.-4, जिनके लाइजन आफिसर सर्व सिंह चैहान सहायक आबकारी आयुक्त डालमिया डिस्टलरी रामकोट हैं, जिनका मो.नं.-9807077607 है। पुलिस प्रेक्षक डॉ. नीरजा गोटरू राव (आईपीएस), मो.नं.-9978405303, 7839394397 तथा बेसिक नम्बर-05862-298858, रूम नं.-3, जिनके लाइजन आफिसर सौरभ श्रीवास्तव जिला उद्यान अधिकारी हैं, जिनका मो.नं.-7800286736 है।

# जो छात्र-छात्राओं को योग्य बनाए वही सच्ची शिक्षा: उमाकांत

**उत्साहवर्धन**

- प्रभारी निरीक्षक ने मेधावी बच्चों को किया पुरस्कृत
- सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में हुआ अभिनंदन समारोह

**महोली/सीतापुर, अमृत विचार।** जो आदमी को योग्य न बनाए वह सच्ची शिक्षा नहीं है। सच्ची शिक्षा समाज में मानवता की रक्षा करती है। यह बात महोली कोतवाली प्रभारी उमाकांत शुक्ल ने टॉपर्स के सम्मान समारोह कही। शुक्रवार को वह कस्बे के वार्ड शक्तिनगर स्थित सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज में आयोजित अभिनंदन समारोह में बोर्ड परीक्षाओं में श्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि यह समय उनके जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वह अच्छे लोगों का साथ करें। अराजक तत्वों से दूर रहें। अपने माता-पिता और गुरुजनों का हमेशा आदर करें। कानून के पालन का स्वभाव बनाएं। अच्छी शिक्षा प्राप्त करके श्रेष्ठ नागरिक बनें और देश तथा समाज की सेवा करें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पंचायत के ईओ श्रीष मिश्र ने कहा कि श्रम कभी व्यर्थ नहीं जाता। परिश्रम से असम्भव को भी सम्भव किया जा सकता है। जिन छात्र-छात्राओं ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से आज पुरस्कार अर्जित किए हैं, मैं उन्हें बहुत-बहुत बधाई देते हुए कहना चाहूँगा कि वे इनसे प्रेरणा लेकर आगामी परीक्षाओं में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करें। पुरुष्कृत होने वाले छात्र-छात्राओं ने अतिथियों का माल्यार्पण कर व स्मृतिचिह्न देकर सम्मानित किया।

प्रधानाचार्य स्वामीनाथ द्विवेदी ने अतिथि परिचय व कार्यक्रम की भूमिका रखते बताया कि विद्यालय का बोर्ड परीक्षाफल बहुत ही उत्कृष्ट रहा। हाईस्कूल व इण्टर में सभी परीक्षार्थी श्रेष्ठ अंकों के साथ उत्तीर्ण रहे। शत प्रतिशत परीक्षाफल विद्यालय की परम्परा भी रही है। इसके लिए छात्रों की मेहनत, आचार्यों का सही मार्गदर्शन व अभिभावकों का अपेक्षित सहयोग मिला। सभी को बधाई है। इस अवसर पर विद्यालय के संरक्षक डॉ. चन्द्र शेखर गुप्ता, प्रबन्धक डॉ. रूपचन्द्र वर्मा, अध्यक्ष नरेन्द्र अग्निहोत्री, कोषाध्यक्ष बसन्त लाल त्रिवेदी तथा अभिभावक, अध्यापक, छात्र-छात्राएं व गणमान्य जन उपस्थित रहे।



टॉपर्स के सम्मान समारोह कार्यक्रम में मौजूद कोतवाली प्रभारी। अमृत विचार

### हाईस्कूल और इण्टर में यह रहे टॉपर

हाईस्कूल में आस्था वर्मा- 561 अंक, आयुष कुमार- 549, सूर्यांश मिश्र- 548, अभय दीक्षित- 541, करन पटेल- 541, आयुष वर्मा- 535 अंक पाकर टॉपर रहे। इसी तरह इण्टर के यश दीक्षित 462, दिपाली कश्यप 460, प्रिया त्रिपाठी 452, अंकुश अवस्थी 451, रितिका अवस्थी 443 अंक प्राप्त कर टॉपर बनीं।

## सार-संक्षेप

### मेधावियों को दत्तात्रेय एजूकेशनल सोसायटी ने किया सम्मानित



मेधावी छात्रा फातिमा को सम्मानित करते पदाधिकारी, शिक्षक व अतिथि।

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** हाईस्कूल एवं इण्टर की बोर्ड परीक्षा में अच्छे नंबरों से पास होने वाले छात्रों को सम्मानित करने करने का सिलसिला जारी है। दत्तात्रेय एजूकेशनल सोसायटी ने मोहल्ला बाजदारी टोला में मेधावी छात्र अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मास्टर इजहारूल हसन ने और संचालन जुबेर वारिस ने किया। इस मौके पर आधा दर्जन होनहार छात्रों को माला पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मौजूद अभिभावकों और छात्रों को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के अध्यक्ष मास्टर इजहारूल हसन ने कहा कि सच्ची लगन और मेहनत से जो भी कार्य किया जाएगा उसका नतीजा हमेशा बेहतर ही मिलेगा। मेहनत और लगन से पढ़ाई कर के हर लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। दत्तात्रेय एजूकेशनल सोसायटी की सचिव आरटी मिश्रा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बुलन्दियों पर पहुंचना निश्चित रूप से सराहनीय कार्य है लेकिन उस पर बने रहना उससे भी बड़ी चुनौती होती है। हम आशा करते हैं कि जिन छात्रों ने बेहतर प्रदर्शन किया है आगे और भी बेहतर स्थान प्राप्त करके देश और समाज की सेवा केलिए स्वयं को तैयार करेंगे। कार्यक्रम में शिक्षक मोहम्मद उस्मान अंसारी, अनवर अली अधिवक्ता जेड आर रहमानी आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। जुगुल किशोर गोविंद प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज लहरपुर की इण्टर की छात्रा फातिमा सिद्दीकी ने परीक्षा में 92.30 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। फातिमा सिद्दीकी के माता-पिता का निधन बचपन में ही हो गया था। भाई मोहम्मद इब्राहिम सिद्दीकी फातिमा की परवरिश कर रहे हैं। फातिमा का सपना डॉक्टर बन कर लोगों की सेवा करना है।

### फैंसी ड्रेस, भावनृत्य और ग्रुप डांस में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



सांस्कृतिक मंच पर सम्मानित किये गये प्रतियोगिता में विजयी विद्यार्थी।

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार।** मां संकटा देवी धाम के सांस्कृतिक मंच पर हजारों दर्शकों की मौजूदगी में अत्यन्त मनोहारी फैंसी ड्रेस, भावनृत्य व ग्रुप डांस प्रतियोगिताओं के साथ डेढ़ सौ से ऊपर बाल कलाकारों, दुकानदारों, मेले की व्यवस्थाओं में विशेष सहयोग करने वालों को धाम समिति की ओर से पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया। मां संकटा देवी धाम के सांस्कृतिक मंच पर दीप प्रज्ज्वलन, मां संकटा के चित्र पर माल्यार्पण और अतिथियों के स्वागत सम्मान के साथ शुरू हुए पुरस्कार वितरण में भावनृत्य प्रतियोगिता जूनियर वर्ग में स्थान पाने वाली सिद्धि गुप्ता, नविका मिश्रा, इशिका वर्मा, अधिरा चित्रांश, अभिनव अवस्थी, रोली गुप्ता व अतिशयनी बंशवार को सीनियर वर्ग में काव्या पोरवाल, शगुन रावत, तृषा पटेल, अर्पित वर्मा व लवी सिंह को, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में स्थान पाने वाली महिमा बाल्मीकी, महक बाल्मीकी, रविशेखर, अभिनव वर्मा, मौलिक दीक्षित, मान्या पाडेंय, आराध्या सिंह, रित्विक नाग, अभय वर्मा, अंशिका वर्मा, अनन्या वर्मा, कंचन कश्यप, गुरप डांस में आराध्या गुप्ता, सृष्टि वर्मा, आन्या अवस्थी, आरुषि यादव, पीहू, अविनाश, काव्या, आनंद, शांभवी, तेजस, शिवन्या पांडेय, सुब्रमण्यम, आकृति वर्मा, देवांश दीक्षित, नैहति चित्रांश, अनुरागिनी, जान्ह्वी, आकृति, काव्या निगम, परिधि गुप्ता, शगुन बैसवार, आराध्या गुप्ता, आस्था वर्मा, दृष्टि वर्मा, अक्षिता, परी, महिमा, दिव्या, अनुकृति बंशवार, वर्तिका गुप्ता, यशी सोनी सहित कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने वाले 150 बच्चों व निर्णायक मंडल की जया जैन, चांदनी गुप्ता व अर्पित शुक्ल, श्री नीलकंठ रामलीला अभिनय समिति भिटौरा के संचालक रमेश विश्वकर्मा, मेले में सजी दुकानों के प्रथम, द्वितीय विजेता दुकानदारों, धाम की व्यवस्थाओं में विशेष सहयोग देने वालों को आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। धाम समिति की संरक्षक डॉ. एमणि मिश्रा, अध्यक्ष आरके वाजपेयी, त्रिलोकीनाथ मौर्य, शिवदास पुरवार, राजेन्द्र वर्मा 'मुंशी', ज्ञानेश मिश्र, बच्चा सिंह, अशोक नाग, कृतार्थ मिश्र, शिवम गुप्त 'विक्रान्त', दक्ष पांडेय, उमेश वर्मा ने सभी को पुरस्कार वितरित किये।

### शूटिंग खिलाड़ी श्रीलंका में करेंगे प्रतिभाग

**अयोध्या।** रामनगरी के शूटिंग खिलाड़ी अब श्रीलंका अंतरराष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता में निशाना साधेंगे। भवदीय शूटिंग अकादमी की अयोध्या शूटिंग रेंज के चार खिलाड़ी श्रीलंका में 29 जून से होने वाली अंतरराष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। कोच शनि कुमार वर्मा ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों में जिले के डिप्टी एसपी डॉ. राजेश कुमार तिवारी, सहायक बेसिक शिक्षा निदेशक रामसागर पति त्रिपाठी, देवेश कुमार व डॉ. डीआर भुवन शामिल हैं।

# छात्रवृत्ति परीक्षा में सकरन के 28 छात्र चयनित

**सांडा, सीतापुर, अमृत विचार।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में जिले के सर्वाधिक 28 छात्र उत्तीर्ण होने पर सकरन ब्लॉक जनपद में प्रथम स्थान पर पहुच गया है। ब्लॉक को मिली इस उपलब्धि पर सकरन के खण्ड शिक्षा अधिकारी के साथ-साथ शिक्षकों ने संबंधित विद्यालयों और बच्चों को बधाई दी है।

सकरन के खण्ड शिक्षा अधिकारी ओंकार सिंह ने बताया जिले में एक हजार बच्चों ने प्रतिभाग किया था। जिसमें 353 बच्चों ने सफलता प्राप्त की है। जिसमें सकरन प्रथम है। सफल छात्र-छात्राओं को कक्षा नौ से 12 तक प्रतिमाह एक हजार रुपये या प्रतिवर्ष 12 हजार रुपए छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। कम्पोजिट विद्यालय किरतापुर के 12, गजनीपुर के 7, रत्नापुर के 3 व उच्च प्राथमिक विद्यालय अंदूपुर के 2 छात्रों के साथ साथ उच्च प्राथमिक विद्यालय पचदेवरा, बघेलिया, शेखवापुर, मोहारी व कंपोजिट विद्यालय दुगाना, उल्लहा से एक-एक छात्र के द्वारा परीक्षा को उत्तीर्ण कर सकरन को जनपद में प्रथम स्थान दिला कर हम सभी को गौरव के पल उपलब्ध कराए है। ब्लॉक को इस योजना अन्तर्गत प्रथम स्थान पाने से विद्यालय के शिक्षक ओमकार पाण्डेय, गजनीपुर के शिक्षक वीरेंद्र वर्मा के साथ साथ सभी सफल विद्यालय के शिक्षकों की सराहना करते हुए शुभकामनाएं दीं। सकरन के अधिकतम बच्चों का चयन होने पर शिक्षक नसीर अहमद, रविंद्र मिश्रा, धीरेंद्र पटेल, कृष्णकांत, शारदा प्रसाद, विनोद ने कुमार, मोहम्मद हारून, पतिराम, राधा कृष्ण दीक्षित, प्रवीण श्रीवास्तव आदि ने बच्चों व शिक्षकों को शुभकामनाएं दी हैं।

# डबल डेकर बस में मिले 97 बच्चे

- एनजीओ की बाल तस्करी की शिकायत पर संयुक्त टीम ने हाईवे पर पकड़ा
- अभिभावकों को सूचना देकर बुलाया, सभी बच्चों को संरक्षण गृह भेजने की तैयारी

अयोध्या, कार्यालय

**अमृत विचार :** दिल्ली के एक स्वयंसेवी संस्था की शिकायत पर राज्य बाल आयोग के निर्देश पर जिले की बाल कल्याण समिति, चाइल्ड हेल्पलाइन, डीपीओ, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग थाना व जिला पुलिस की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को डबल डेकर पकड़ी। बस में 97 बच्चे सवार मिले। टीम ने बस को लखनऊ-गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर अयोध्या कोतवाली क्षेत्र में देवकाली स्थित एक होटल के सामने से पकड़ा है। बस में अन्य सवारियां भी थीं। बच्चों की काउंसलिंग के बाद सभी का जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराने के बाद अब बाल संरक्षण गृह भेजवाने की तैयारी है।

दिल्ली की एनजीओ मुक्ति फाउंडेशन ने राज्य बाल आयोग से शिकायत की थी कि बिहार के अररिया जिले से काफी बच्चों को अरुणांचल प्रदेश में पंजीकृत बस एआर 16 बी 1551 से गोरखपुर और लखनऊ के रास्ते सहारनपुर ले जाया जा रहा है, जिसके बाद आयोग की सदस्य डॉ. शुचिता चतुर्वेदी ने जिले के बाल कल्याण समिति, चाइल्ड हेल्पलाइन, डीपीओ, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग थाना समेत जिला पुलिस को सूचना देकर कार्रवाई के लिए कहा।

इसके बाद सक्रिय हुई संयुक्त टीम ने अयोध्या कोतवाली क्षेत्र में देवकाली स्थित एक होटल के सामने संबंधित डबल डेकर बस को शुक्रवार दोपहर रोका लिया। बस में अन्य सवारियों के साथ चार साल से 12 साल उम्र के कुल 97 बच्चे सवार मिले। इनके साथ सहारनपुर जिला स्थित एक मदरसा के प्रबंधक और शिक्षक भी थे। सभी को पुलिस लाइंस लाकर काउंसिलग और पूछताछ की गई। छानबीन में संयुक्त टीम को केवल दो बच्चों के अभिभावक मौके पर मौजूद मिले हैं। अन्य बच्चों की ओर से काउंसलिंग में स्पष्ट बात न बता पाने और साथ मौजूद लोगों के पास बच्चों के अभिभावकों का सहमति पत्र न होने के चलते संयुक्त टीम की ओर से बच्चों के अभिभावकों को सूचना देकर बुलाया गया है। फ़िलहाल अभी तक की जाँच में बाल तस्करी की बात साबित नहीं हो पाई है। बच्चों के साथ मौजूद सहारनपुर के जामिया रफ़ीकिया तहफीजुल मदरसा के प्रबंधक तौसीफ अली का कहना है कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी वह मदरसे का नया सत्र शुरू होने के बाद बच्चों को उनके माता-पिता की मर्जी से लेकर मदरसे जा रहे थे।



पुलिस लाइन में खड़ी कराई गई बस। अमृत विचार

### कोई अधिकार पत्र नहीं दिखा पाए

बाल कल्याण समिति अध्यक्ष सर्वेश अवस्थी ने बताया कि 95 बच्चों के अभिभावक मौके पर मौजूद नहीं मिले। इनके साथ मौजूद लोग बच्चों को अपने साथ ले जाने का कोई अधिकार पत्र नहीं दिखा पाए। जिसके चलते बच्चों का मेडिकल करवा देखेरख के लिए लखनऊ स्थित बाल संरक्षण गृह भेजवाया जा रहा है। अभिभावकों के आने और उनकी काउंसिलग के बाद स्वेच्छा से भेजे जाने की बात सामने आएगी तो बच्चों को उनके हवाले कर दिया जाएगा अथवा विधिक कार्रवाई कराई जाएगी।

**व्यवसाय** | अयोध्या में जनवरी में 1.28 करोड़ लीटर बिक्री, मार्च में हुई 1.63 करोड़ लीटर डीजल की खपत, डीजल बिक्री में हुआ 27 फीसदी का इजाफा

# श्रद्धालुओं के बढ़ने से पेट्रोलियम कंपनी की बल्ले-बल्ले

पुनीत श्रीवास्तव, अयोध्या

**अमृत विचार :** अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर में विराजमान होने के बाद मानो पेट्रोलियम कंपनियों को संजीवनी मिल गई है। डीजल की बिक्री में जबरदस्त उछाल आया है। जनवरी माह में 1.28 करोड़ लीटर डीजल की बिक्री करने वाला जिला मार्च में रिकॉर्ड 1.63 करोड़ लीटर डीजल की बिक्री की है। इससे पंप संचालकों के चेहरे खिले हुए हैं। एक अनुमान है कि अयोध्या जिले के शहरी क्षेत्र में संचालित पेट्रोल पंपों की आमदनी लखनऊ, वाराणसी जैसे महानगरों की तर्ज पर पहुंचने लगी है।

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत देश की तमाम नामचीन हस्तियां अयोध्या पहुंची थीं। इसके बाद दिव्य मंदिर में विराजमान रामलला के दर्शन शुरू हुए तो श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। फरवरी और मार्च महीने में रामपथ, जन्मभूमि पथ व धर्मपथ पर पैर रखने की जगह नहीं रही। देश के कोने-कोने से आने वाले रामभक्त कुछ तो अपने वाहनों से आ रहे थे कुछ ने बसों व अन्य साधनों का प्रयोग किया। आलम यह रहा कि डीजल की बिक्री में 27 प्रतिशत का इजाफा हो गया।

### 22 लाख से सीधा 31 लाख लीटर पहुंच गया पेट्रोल

जिला आपूर्ति विभाग से मिले आंकड़ों के अनुसार इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) के पेट्रोल की खपत भी बढ़ी है। जनवरी में 22.80 लाख लीटर, फरवरी में 28.34 लाख लीटर व मार्च में 31.27 लाख लीटर पेट्रोल की जिले में खपत हुई है। कुछ इसी तरह हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) व भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) में भी पेट्रोल की खपत रही।



रीडगंज ओवरब्रिज के बगल स्थित पेट्रोल पंप।

| शुक्रवार को डीजल व पेट्रोल के दाम | 95.03 रुपये लीटर पेट्रोल | 88.21 रुपये लीटर डीजल |
|---|---|---|

| कंपनी | माह जनवरी | मार्च |
|---|---|---|
| आईओसी | 5026000 | 6303000 |
| एचपीसीएल | 1631000 | 2131000 |
| बीपीसीएल | 6221000 | 7932000 |

नोट- आपूर्ति विभाग से मिले यह आंकड़े लीटर में हैं।



### तीन माह में आए 1.5 करोड़ श्रद्धालु

पर्यटन विभाग की रिपोर्ट के अनुसार 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के बाद से राम मंदिर में दर्शनार्थियों की संख्या बढ़ी है। तीन माह में लगभग डेढ़ करोड़ राम भक्तों ने अयोध्या में पहुंचकर दर्शन-पूजन किया है।

### 148 पंप, पेट्रोल पर तीन, डीजल पर दो रुपये 10 पैसा कमीशन

पेट्रोल पंपों पर मिलने वाली सुविधाएं या फिर घटतौली की शिकायत का आपूर्ति विभाग संज्ञान लेता है। जिले में कुल 148 पेट्रोल पंप संचालित हैं। संचालकों को पेट्रोल पर करीब तीन रुपये व डीजल पर दो रुपये 10 पैसे की बचत होती है। इसी बचत को लेकर पंप कर्मियों के चेहरे खिले हुए हैं।

> अयोध्या में दर्शनार्थियों की संख्या बढ़ने से डीजल की बिक्री में उछाल आया है। इससे न सिर्फ राजस्व बढ़ेगा बल्कि प्रदेश की इकोनॉमी में भी मजबूती आएगी। –बृजेश मिश्रा, जिला आपूर्ति अधिकारी

इलेक्शन बायस्कोप




मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए शासन-प्रशासन द्वारा हर तरह से प्रयास हो रहा है, इसी क्रम में राजधानी के काकोरी विकास खंड क्षेत्र में स्थित बाबू त्रिलोकी सिंह इंटर कॉलेज में महिलाओं ने हाथों में मेहंदी लगाकर मतदाताओं को जागरुक किया। अमृत विचार

## आचार संहिता के उल्लंघन पर कार्रवाई

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ।** आचार संहिता के तहत चल रही कार्रवाई में अब तक 1,21,70,187 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई। वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1275 मामलों में व लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2193 मामले में कार्रवाई की गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सार्वजनिक स्थानों से 74,24,648 व निजी स्थानों से 47,45,539 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 8,13,466, पोस्टर के 34,35,430, बैनर के 20,91,697 व अन्य 10,84,055 मामलों में कार्रवाई की गई। इसी प्रकार निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 6,43,341, पोस्टर के 21,82,652 बैनर के 11,72,845 व अन्य 7,46,701 मामलों में कार्रवाई की गई। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग व अन्य मामलों में 99 एफआईआर दर्ज कराई गई है।

# कांग्रेस को आज भी चुभती है वो हार

## रायबरेली ही नहीं, न्यायालय में भी इंदिरा को राजनारायण से मिली थी शिकस्त

दिलीप सिंह, रायबरेली

● 55, 202 मतों से हार गई थीं चुनाव

**अमृत विचार।** कांग्रेस के गढ़ रायबरेली को समझना इतना आसान नहीं है। यही वजह है कि अभी तक कांग्रेस की ओर से यहां पर प्रत्याशी नहीं घोषित किया जा सका है। इसकी वजह कहीं ना कहीं पूर्व में यहां पर हुए उठापटक और वर्तमान में सांसद बनने के बाद सोनिया गांधी की दूरी को भी देखा जा रहा है। इसके कारण पार्टी पूरी रणनीति के साथ मैदान में उतरना चाह रही है। कारण जो भी हो, लेकिन आज भी गांधी परिवार और कांग्रेस को 1977 में राजनारायण से मिली शिकस्त सालती है।

जी हां, हम बात कर रहे है उस चुनाव कि जब एक अप्रत्याशित परिणाम सामने आया था। 1977 वह साल था जब पहली बार कांग्रेस को सबसे बड़ा झटका लगा था। जीत का आश्वस्त हर किसी को जब पता चला कि लोकसभा चुनाव में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की रायबरेली में हार का सामना करना पड़ा तो दांतों तले अंगुलियां दबाने को मजबूर हो गए। उन्हें 55,202 मतों से हार का सामना करना पड़ा था।

इस चुनाव में इंदिरा गांधी को सिर्फ 1,22,517 मत मिले थे, जबकि विपक्ष में उतरे राजनारायण पर स्थानीय जनता ने विश्वास जताया। उन्होंने 1,77,719 मत हासिल किया। यही वजह रही कि अपने जीवन में इंदिरा गांधी ने लोकसभा चुनाव में सिर्फ एक बार हारीं वह भी अपने गढ़ से।

### राजनारायण ने लगाया था धांधली का आरोप

ऐसी बात नहीं है कि राजनारायण और इंदिरा गांधी का कोई पहली बार चुनाव में मुकाबला हुआ था। 1971 के चुनाव में इसी रायबरेली में इंदिरा गांधी ने राजनारायण को भारी मतों से हरा दिया था। तब संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ रहे राजनारायण को भरोसा था कि वे जीतेंगे, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। परिणाम देखकर उन्होंने कोर्ट का सहारा लिया। इसके बाद चुनाव में धांधली का आरोप लगाते हुए राजनारायण ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। यहां पर इंदिरा जी के खिलाफ निर्णय आया।

### 1980 के चुनाव में जीत के बाद जिले से बनाई दूरी

1977 लोकसभा चुनाव में राजनारायण से मिली शिकस्त ने इंदिरा गांधी को पूरी तरह से झकझोर दिया था। इस चुनाव में कांग्रेस को आजादी के बाद सबसे करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा था। उस हार के महज तीन साल बाद ही 1980 में हुए चुनाव में जनता ने एक बार फिर कांग्रेस पर विश्वास जताया। इस चुनाव में रायबरेली की जनता ने इंदिरा गांधी को भारी मतों से जीत दिलाई थी। उन्हें 58 .30 प्रतिशत वोट मिले थे। इसके बावजूद उन्होंने रायबरेली सीट से त्यागपत्र दे दिया था।



## इंडी गठबंधन को जनता ने शून्य पर बोल्ड कर दिया : स्वतंत्र देव

**अमृत विचार, लखनऊ :** जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने दावा किया है कि भ्रष्टाचारी और आतताई गठबंधन को इस चरण में भी जनता ने शून्य पर क्लीन बोल्ड कर दिया है। हाथी, हाथ और साइकिल चारों खाने चित हो चुके हैं। सपा और इंडी गठबंधन के झूठे प्रचार को जनता ने नकार दिया है।

शुक्रवार को उप्र. भाजपा मुख्यालय में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह एवं सहकारिता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर ने प्रेस वार्ता को संबोधित किया। यहां स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव में प्रथम चरण के मतदान के रुझानों से नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए के पक्ष में चली लहर दूसरे चरण में और भी पुष्ट हो गई है। वहीं, जेपीएस राठौर ने कहा कि 2014 और 2019 की तरह फिर से पश्चिम यूपी और ब्रज में कमल का फूल खिलेगा और आने वाले चरणों में भाजपा को जनसमर्थन और भी पुष्ट होता जाएगा। हम 80 की 80 सीटों को जीतने में सफल रहेंगे।

# इलाहाबाद में दो उत्तराधिकारियों के बीच मुकाबला

- पांच विधानसभाओं में चार सीटों पर भाजपा का है कब्जा
- अपनी जीत का दावा कर रहे हैं भाजपा और इंडी गठबंधन के प्रत्याशी
- 1984 में इसी लोकसभा सीट से संसद पहुंचे थे अमिताभ बच्चन

मिथलेश त्रिपाठी, प्रयागराज


नीरज त्रिपाठी


उज्जवल रमण सिंह

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश की लोकसभा की 80 सीटों में इलाहाबाद सीट का चुनाव काफी महत्वपूर्ण है। इस बार प्रदेश के दो दिग्गज नेताओं के पुत्रों के बीच चुनावी जंग की बिसात बिछी है। एक ओर भाजपा ने मौजूदा सांसद रीता बहुगुणा का टिकट काटकर पूर्व राज्यपाल व विधान सभा अध्यक्ष रहे भाजपा के कद्दावर नेता स्व. केशरी नाथ त्रिपाठी के पुत्र नीरज त्रिपाठी चुनावी मैदान में उतारा है। तो दूसरी ओर सपा के बड़े नेताओं में शुमार एवं पूर्व सांसद रेवती रमण सिंह के पुत्र उज्जवल रमण सिंह इंडी गठबंधन के तहत कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर मैदान में है। दो दिग्गज नेताओं के पुत्रों ने इस चुनाव को रोचक बना दिया है। भाजपा इस बार इस सीट से चुनावी सिक्सर मारने के लिए पिच पर तैयार दिख रही है। तो दूसरी ओर उज्ज्वल रमण भी मजबूत दावा पेश करते हुए कह रहे हैं कि इस बार लोगों का हाथ कांग्रेस के साथ है। ऐसे में इस सीट पर दो उत्तराधिकारियों के बीच सीधे युद्ध होता नजर आ रहा है।

प्रयागराज में वोटिंग छठें चरण में 25 मई को होनी है। सभी उम्मीदवार मतदाताओं को अपनी ओर करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाए हुए हैं। पार्टियों की ओर से स्टार प्रचारकों का भी जमघट आने वाले समय में लगेगा। 25 मई को क्षेत्र की जनता अपना नया सांसद चुनने के लिए मतदान करेगी और 4 जून को फैसला आएगा कि जनता ने किसके दावों और वादों पर अपना विश्वास जताया है। प्रयागराज प्रदेश का सर्वाधिक आबादी वाला जिला है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार जिले की कुल जनसंख्या 59,54,390 है। जिले में जनसंख्या घनत्व 1,086 निवासी प्रति वर्ग किलोमीटर है। 2001-2011 के दशक में यहां जनसंख्या वृद्धि दर 20.6 प्रतिशत रही। लिंगानुपात 1000: 901 है। साक्षरता दर 72.3 प्रतिशत है। जिले में कुल12 विधानसभा सीटें हैं। यह फूलपुर और इलाहाबाद के अलावा भदोही संसदीय सीट का हिस्सा हैं।



2019 के लोकसभा चुनाव में इलाहाबाद संसदीय सीट पर 14 उम्मीदवार मैदान में थे, भाजपा की ओर से रीता बहुगुणा जोशी को मैदान में उतारा गया। जोशी के सामने समाजवादी पार्टी ने राजेंद्र सिंह पटेल मैदान में थे।

रीता बहुगुणा जोशी को चुनाव में 4,94,454 वोट मिले जबकि राजेंद्र पटेल के खाते में 3,10,179 वोट आए। कांग्रेस की ओर से मैदान में उतरे योगेश शुक्ला को महज 3,1,953 वोट ही मिले। एकतरफा मुकाबले में रीता बहुगुणा जोशी ने 184,275 मतों के अंतर से जीत हासिल की। इससे पहले 2014 के संसदीय चुनाव में बीजेपी को मोदी लहर का फायदा इलाहाबाद सीट पर भी मिला। बीजेपी के टिकट पर श्यामाचरण गुप्ता ने सपा के सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह को कड़े संघर्ष में 62,009 मतों से हरा दिया।

### अमिताभ को देना पड़ा था त्यागपत्र

1984 में राजीव गांधी ने अपने मित्र अभिनेता अमिताभ बच्चन को चुनाव मैदान में उतारा था। उस चुनाव में अमिताभ बच्चन के फिल्मी करिश्मे के सामने हेमवती नंदन बहुगुणा जैसे दिग्गज नहीं टिक सके। हालांकि बोफोर्स विवाद में नाम आने के बाद अमिताभ बच्चन ने कार्यकाल पूरा होने से पहले ही इस्तीफा दे दिया। 1988 के उपचुनाव में विश्वनाथ प्रताप सिंह जीत गए।

### नाम बदल गया

2017 से पहले तक प्रयागराज जनपद इलाहाबाद के नाम से प्रसिद्ध था। योगी राज में शहर का नाम बदला तो यह प्रयागराज लोकसभा सीट बन गया। अंग्रेज जमाने से ही राजनीति के गढ़ रहे इलाहाबाद लोकसभा सीट 1952 में अस्तित्व में आया।

### यहां से जीत कर बने प्रधानमंत्री

● पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर , पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह, छोटे लोहिया के नाम से मशहूर जनेश्वर मिश्र, भाजपा के त्रिमूर्तियों में से एक डॉक्टर मुरली मनोहर जोशी, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा जैसे नेताओं को जीताकर लोकसभा में भेजा है। फिल्मी जगत के महानायक अमिताभ बच्चन भी 1984 में इसी लोकसभा से चुनकर संसद पहुंचे थे।

### विधानसभा का ब्योरा

इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र में पांच विधानसभा सीट हैं। इलाहाबाद दक्षिणी , कोराव, बारा, मैजा और करछना है। जिसमें कोराव और बारा विधानसभाएं अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। इन पांच विधानसभाओं में चार सीटों पर बीजेपी का कब्जा है। मेजा विधानसभा सीट सपा के कब्जे में है। शहर दक्षिणी को छोड़कर बाकी चारों विधानसभा जमुनापार क्षेत्र की है। जिसमें ज्यादातर मतदाता ग्रामीण पृष्ठभूमि से आते हैं।

### उम्मीदवार के दावे और वादे

भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी राज्य की डबल इंजन की सरकार द्वारा गरीब, युवा, महिलाओं के लिये किये गये विकास और कल्याणकारी योजनाओं के चलते अपनी जीत दावा कर रहे है। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह महंगाई, बेरोजगारी जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाकर मतदाताओं में खासकर युवा वर्ग को अपनी ओर खीचने की जोर-आजमाईश कर रहे हैं।

### 2019 के चुनाव का लेखा जोखा






| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| रीता बहुगुणा जोशी | 4,94,454 |
| राजेंद्र सिंह पटेल | 3,10,179 |
| योगेश शुक्ला | 31,953 |
| गिरिधर गोपाल त्रिपाठी | 10,403 |

### 2014 में किसको कितने वोट

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | श्यामाचरण गुप्ता | 3,13,772 |
| सपा | कुँवर रेवती रमण सिंह | 2,51,763 |
| बसपा | केशरी देवी पटेल | 1,62,073 |
| कांग्रेस | नंद गोपाल गुप्ता नंदी | 1,02,453 |




### निर्वाचित सांसद

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1952 | श्री प्रकाश/पुरुषोत्तम टंडन | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1957, 62 | लालबहादुर शास्त्री | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1967 | हरि कृष्ण शास्त्री | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1971 | हेमवती नंदन बहुगुणा | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1977 | जनेश्वर मिश्र | जनता पार्टी |
| 1984 | अमिताभ बच्चन | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1988 ( उप चुनाव ) | विश्वनाथ प्रताप सिंह | निर्दलीय |
| 1989 | जनेश्वर मिश्र | जनता दल |
| 1991 | सरोज दुबे | जनता दल |
| 1996, 98, 99 | मुरली मनोज जोशी | भारतीय जनता पार्टी |
| 2004, 09 | रेवती रमण सिंह | समाजवादी पार्टी |
| 2014 | श्यामाचरण गुप्त | भारतीय जनता पार्टी |
| 2019 | रीता बहुगुणा जोशी | भारतीय जनता पार्टी |

**2014 नोटा** 3,624 | **2019 नोटा** 7,625

### 2009 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| सपा | कुँवर रेवती रमण सिंह | 2,09,431 |
| बसपा | अशोक कुमार वाजपेयी | 1,74,511 |
| भाजपा | योगेश शुक्ला | 60,983 |
| कांग्रेस | श्याम कृष्ण पांडे | 33,027 |

### 2024

| | |
|---|---|
| कुल मतदाता | - 16,93,443 |
| पुरुष | - 9,27,964 |
| महिला | - 7,65,288 |
| अन्य | - 191 |




### अपनी ढपली अपना राग


आपका वोट उन विषधरों को नहीं जाना चाहिए जो लोग भारत माता जय जय कार करने में संकोच करते हों।
- योगी आदित्यनाथ


भाजपा से सौदा करके अखिलेश यादव चुनाव हार रहे हैं, 2014, 2017 में चुनाव हारे, 2019 में भी हार गए।
-असदुद्दीन ओवैसी


कब्जा करने वाले सपाई गुण्डे कहते थे, जितना बड़ा सपा का झण्डा उतना बड़ा सपा का गुण्डा।
-ब्रजेश पाठक


कन्नौज अब भी सपा का ही गढ़ है। वो उसकी पहली और आखिरी जीत थी, उसे पागलखाने भेजना चाहिए।
-रामगोपाल यादव


उन्हें पिछड़े, दलित और मुसलमान का सौ प्रतिशत वोट चाहिए, लेकिन उनका सम्मान नहीं चाहिए।
-पल्लवी पटेल

# कैसरगंज में कायम है बेनी बाबू का रिकॉर्ड

## एक ही पार्टी से लगातार चार बार जीता लोकसभा चुनाव

राजू जायसवाल, बहराइच

**अमृत विचार।** कैसरगंज सीट कई ऐतिहासिक पलों को सजाए हुए हैं। दिवंगत बेनी प्रसाद वर्मा की बेटी गोंडा से चुनाव लड़ रही है, लेकिन चर्चा बेनी प्रसाद वर्मा की न हो, इसके बिना लोक सभा चुनाव अधूरा है। बहराइच के कैसरगंज सीट से बेनी प्रसाद वर्मा ने समाजवादी पार्टी से निरंतर चार बार चुनाव लड़ा और उन्हें जीत हासिल हुई। इसी सीट से बेडनानापुर की राजमाता ने भी स्वतंत्र पार्टी से जीत दर्ज की थी। बेनी बाबू ने लगातार एक ही पार्टी से जीत को जो रिकार्ड बनाया वह अभी तक कायम है, मौजूदा सांसद हालाकि यहां से लगातार तीन बार जीत चुके हैं लेकिन उनको यह सफलता एक बार सपा और दो बार भाजपा के सहारे मिली है, और इस बार अभी तक भाजपा से उनके प्रत्याशी बनाए जाने पर ऊहापोह कि स्थिति है, ऐसे में अभी बेनी बाबु का रिकार्ड टूटता नजर नहीं आ रहा है

बहराइच जिले के कैसरगंज सीट में कैसरगंज और पयागपुर विधान सभा के साथ गोंडा जिले की तीन विधान सभा क्षेत्र की सीट शामिल है। कैसरगंज से अभी किसी भी पार्टी ने प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की है। लेकिन इस सीट की प्रदेश और देश में अलग ही पहचान है।

इस सीट से बाराबंकी जिला निवासी स्वर्गीय बेनी प्रसाद वर्मा ने चार बार लगातार लोकसभा चुनाव जीतकर रिकार्ड कायम किया है। बेनी प्रसाद वर्मा समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य और मुलायम सिंह यादव के पुराने साथी थे। कुर्मी और क्षत्रिय बाहुल्य सीट पर समाजवादी पार्टी ने वर्ष 1996 में बेनी प्रसाद वर्मा को कैसरगंज सीट से चुनाव मैदान में उतार दिया। बेनी प्रसाद वर्मा को जनता ने सिर आंखों पर बैठाते हुए जीत दर्ज कराई। इसके बाद बेनी प्रसाद वर्मा ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। उन्होंने समाजवादी पार्टी के टिकट पर वर्ष 1998, 1999 और वर्ष 2004 में हुए चुनाव में भी जीत दर्ज की। इसके बाद सपा ने वर्ष 2009 के चुनाव में बृज भूषण शरण सिंह को टिकट दिया। उन्होंने भी जीत दर्ज किया। इस सीट से महसी तहसील के बेडनापुर राज घराने की माता बसंत कुंवर बा ने भी वर्ष 1962 में हुए चुनाव में स्वतंत्र पार्टी से जीत दर्ज की थी।

### भाजपा लगा सकती है जीत की हैट्रिक

कैसरगंज के वर्तमान सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने वर्ष 2009 के चुनाव में समाजवादी पार्टी से जीत दर्ज की थी इसके बाद उन्होंने 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा से जीत दर्ज की। भाजपा के प्रत्याशी ने अगर इस बार जीत दर्ज की तो पार्टी की हैट्रिक हो जाएगी।

### समाजवादी पार्टी से कर लिया था किनारा



2008 में मुलायम से नाराज होकर बेनी प्रसाद वर्मा ने समाजवादी पार्टी से किनारा कर लिया था। बेनी प्रसाद वर्मा अपने बेटे के लिए 2007 के लोकसभा चुनाव में टिकट चाहते थे, लेकिन अमर सिंह की वजह से बेनी के बेटे राकेश वर्मा को टिकट नहीं मिल पाई। इसी वजह से नाराज बेनी प्रसाद वर्मा ने समाजवादी पार्टी छोड़ दी और समाजवादी क्रांति दल बनाया। इसके बाद 2008 में वह कांग्रेस में शामिल हो।

**वर्ष 2009 के चुनाव में बृजभूषण सिंह ने तोड़ा तिलिस्म**

### केंद्रीय मंत्री बने बेनी बाबू

बाराबंकी जिला निवासी स्वर्गीय बेनी प्रसाद वर्मा को लोग प्यार से बाबू जी के नाम से पुकारते हैं। बेनी प्रसाद वर्मा ने लगातार चार बार कैसरगंज सीट से चुनाव जीता इसके बाद उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में गोंडा से भी जीत दर्ज की। केंद्र में उन्हें मंत्री भी बनाया गया था।

## धीमा मतदान कराया ताकि मुस्लिम मतदाता वोट न डाल सकें: राजेंद्र चौधरी

**अमृत विचार, लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा है कि दूसरे चरण के चुनाव में भी ईवीएम खराबी की पहले की तरह कई जगहों से खबरें आई हैं। उन्होंने कहा कि, गाजियाबाद में सत्ता पक्ष के इशारे पर धीमा मतदान कराया गया ताकि मुस्लिम मतदाता बड़ी संख्या में वोट न डाल सके।

सपा नेता के मुताबिक, लोकसभा क्षेत्र मेरठ में भाजपा नेता बूथ संख्या 329 पर जबरन फर्जी मतदान कराते मिले। गौतमबुद्ध नगर में नोएडा के बूथ संख्या 113 व 120 पर भाजपा प्रत्याशी की पत्नी पार्टी का पटका पहनकर मतदाताओं पर भाजपा के पक्ष में मतदान का दबाव डाल रही थी। अमरोहा में पुलिस समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं को धमकाकर भगाती रही। राजेन्द्र चौधरी ने कहा, सपा द्वारा मुख्य निर्वाचन आयुक्त भारत सरकार तथा जिला निर्वाचन अधिकारियों को तत्काल सभी शिकायतों से अवगत कराकर उनसे तत्काल आवश्यक कार्यवाही की अपेक्षा की गई है।

## चुनावी चक्कर

● इन वोटर्स के लिए राष्ट्रीय मसले नहीं क्षेत्रीय समस्याएं बड़ी :

लोकसभा चुनाव में जहां राजनीतिक दल राष्ट्रीय स्तर के मुद्दों, वायदों को लेकर मतदाताओं को ललचा रहे हैं वहीं, तमाम मतदाता ऐसे भी हैं जिन्हें राष्ट्रीय मसलों से नहीं अपने क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं से मतलब है। ऐसे मतदाता किसी भी राजनीतिक दल के चक्कर में नहीं फंस रहे। ताजा उदाहरण मथुरा का है। जहां गांव बंडपुरा के मतदाताओं ने शाम देर तक मतदान बहिष्कार किया। दरअसल, यहां ग्रामीणों ने मूलभूत समस्याओं के विरोध में लोकसभा चुनाव का बहिष्कार कर दिया। यहां तक कि, ग्रामीणों को मनाने चुनाव आयोग के अधिकारीगण तक पहुंच गए। लेकिन वे भी काफी देर पंचायत करने के बाद भी ग्रामीणों को समझा नहीं सके। ग्रामीणों का कहना था कि, गांव में आजादी के बाद से आज तक सांसद, विधायक निधि या किसी विभाग ने कोई विकास नहीं कराया। इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने चुनाव बहिष्कार का निर्णय लिया है। ग्रामीणों ने इसके उदाहरण में माइनर की सफाई, जर्जर पटरी, गांव की सड़क, नाली, जर्जर विद्युत तार, पेयजल की समस्या जैसे उदाहरण दिए। ग्रामीणों का कहना है कि चाहे कोई भी चुनाव हो नेता आते हैं और बड़े-बड़े वायदे करते हैं, चुनाव जीतते ही उनका अपने वायदों से कोई सरोकार नहीं रह जाता, जब ऐसे मुकर जाते हैं तो हम भी मतदाता है हम भी अपने अधिकार को जानते है, हमारी कोई नहीं सुनेगा तो हम भी किसी की नहीं सुनेंगे।

## पूर्वोत्तर राज्यों में विकास और कल्याणकारी योजनाओं के सहारे भाजपा गठबंधन की 25 में 20 से अधिक सीटें जीतने की कोशिश

# कनेक्टिविटी से टी और टूरिज्म बढ़ा मिटी दिलों की दूरी



**पर्वतों, नदियों, पहाड़ों, झीलों और चाय के बागानों के साथ हरियाली से सम्पन्न भरपूर प्राकृतिक सौंदर्य वाले पूर्वोत्तर के सेवन सिस्टर्स समेत आठ राज्यों में लोकसभा की कुल 25 सीटें हैं। इनमें अकेले असम में 14 सीटें हैं। मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय और त्रिपुरा में 2-2 सीटें हैं, जबकि नागालैंड, सिक्किम और मिजोरम में लोकसभा की एक-एक सीट है। पहले चरण में यहां 14 लोकसभा सीटों पर मतदान हो चुका है।**

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार:** दूसरे चरण में शुक्रवार को असम में पांच सीटों के साथ मणिपुर और त्रिपुरा की एक-एक सीट पर वोट डाले गए। अब असम की शेष बची चार सीटों पर तीसरे चरण में सात मई को मतदान होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि पूर्वोत्तर न तो दिल्ली से दूर है और न ही दिल से, तो भाजपा के 10 साल के शासन में यहां आया बदलाव अब जमीन पर नजर आता है। सबसे बड़ी बात यह है कि मोदी सरकार के कार्यकाल में देश के इस हिस्से में सड़क, रेल और हवाई यात्रा की कनेक्टिविटी पहले से काफी बढ़ गई है। केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंच रहा है। मणिपुर की हिंसा को छोड़ दें तो पूर्वोत्तर राज्यों के कई अलगाववादी संगठन समझौता कर मुख्यधारा में लौट चुके हैं। बीते दस वर्षों में 11 शांति समझौतों पर दस्तखत हुए हैं। एक आंकड़े के मुताबिक 2014 से अब तक करीब 10 हजार विद्रोहियों ने आत्मसमर्पण किया है। पूर्वोत्तर में असम सहित कई राज्यों की अर्थव्यवस्था में पर्यटन (टूरिज्म) और चाय (टी) का बड़ा योगदान है, तो इस दिशा में भी कनेक्टिविटी बेहतर होने का लाभ मिल रहा है। लोकसभा चुनाव में प्रचार के दौरान भी टी और टूरिज्म उद्योग से जुड़े मुद्दों का जोर रहा। भाजपा ने चाय बागान, टूरिज्म और कनेक्टिविटी की दिशा में किए गए काम गिनाकर आगे का विजन सामने रखा और कहा कि आज पूर्वोत्तर पीएम मोदी के कारण ही देश के बाकी हिस्से से दूरी मिटाकर दिल से जुड़ गया है। पार्टी को इसी के बूते पूरा भरोसा है कि पिछली बार से और बेहतर प्रदर्शन करने में सफल हो पाएगी।

### असम में सीटों के नए परिसीमन से पड़ सकता नतीजों पर असर

- पूर्वोत्तर के सबसे बड़े राज्य असम जहां से लोकसभा की 14 सीटें आती हैं, को पूर्वोत्तर भारत का प्रवेश द्वार कहा जाता है। इस राज्य की पहचान चाय के बागान हैं। बांग्लादेश, भूटान और म्यांमार जैसे देश इस राज्य की सीमा से जुड़े हैं। इस बार राज्य में परिसीमन के बाद लोकसभा चुनाव में सभी 14 सीटों के समीकरण बदल चुके हैं। लोकसभा की 14 में दो सीटें एसटी उम्मीदवारों के लिए और एक सीट एससी उम्मीदवार के लिए आरक्षित है। सीटों के नए परिसीमन का असर चुनाव नतीजों में देखने को मिल सकता है। असम में 2014 के चुनाव में भाजपा ने सात सीटें और साल 2019 के चुनाव में नौ सीटें जीती थीं। कांग्रेस दोनों बार के चुनाव में 3-3 सीटें जीतने में ही सफल हो पाई थी। असम में बदरुद्दीन अजमल की पार्टी एआईयूडीएफ 2014 के चुनाव में तीन सीटें जीतने के बाद 2019 में एक सीट पर ही सिमट गई थी। राज्य में दूसरे चरण में शुक्रवार को दरांग-उदलगुरी, डिफू, करीमगंज, सिलचर, नागांव में वोट डाले गए हैं। अब सात मई को कोकराझार, धुबरी, बारपेटा और गुवाहाटी लोकसभा सीट पर मतदान होना है।
- 2024 का लोकसभा चुनाव राज्य में भाजपा और कांग्रेस के साथ ही यहां सक्रिय क्षेत्रीय दलों के लिए महत्वपूर्ण हो गया है, क्योंकि भाजपा अपनी स्थिति में और सुधार करने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है, तो कांग्रेस की कोशिश वोट प्रतिशत में सुधार करके ज्यादा सीटों पर कब्जा जमाने की है। इस बार असम की 14 सीटों में से 11 पर भाजपा के उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। तीन सीटों पर भाजपा के सहयोगी दल असम गण परिषद (एजीपी) और यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी लिबरल (यूपीपीएल) के उम्मीदवार किस्मत आजमा रहे हैं। राज्य में परिसीमन के बाद कलियाबोर सीट खत्म होकर नई सीट काजीरंगा बनाई गई थी। कलियाबोर सीट खत्म होने से वहां के सांसद कांग्रेस के गौरव गोगोई को जोरहाट जाना पड़ा। जहां उनका कड़ा मुकाबला भाजपा सांसद तपन कुमार गोगोई से हुआ है। डिब्रूगढ़ में सर्वादानंद सोनोवाल और लुरिनज्योति के बीच सीधी टक्कर हुई। यहां से भाजपा ने सांसद रामेश्वर तेली की जगह केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल को मैदान में उतारा था।

### त्रिपुरा में मोथा पार्टी का समर्थन मिलने से इस बार भी भाजपा खिला सकती कमल

- त्रिपुरा में भाजपा ने सीपीएम को 2017 के विधानसभा चुनाव में सत्ता से बाहर कर दिया था। इसके बाद साल 2019 में लोकसभा चुनाव में दोनों लोकसभा सीटें भी जीत ली थीं। इस बार के लोकसभा चुनाव में भी भाजपा दोनों सीटों पर कब्जा बरकरार रखना चाहती है। इस बार उसे प्रमुख विपक्षी दल टिपरा मोथा पार्टी का समर्थन है। इसका नेतृत्व त्रिपुरा के पूर्व शाही परिवार के प्रमुख प्रद्योत बिक्रम माणिक्य देबबर्मा कर रहे हैं। इससे भाजपा का प्रभाव बढ़ गया है। इसका असर शुक्रवार को पूर्वी त्रिपुरा की सीट पर मतदान में नजर भी आया। दोनों सीटों पर कांग्रेस और माकपा गठबंधन है। लेकिन जानकार भाजपा प्रत्याशी पूर्व सीएम विप्लव देब और पूर्व महारानी कृति सिंह देबबर्मा की जीत तय मान रहे हैं।

### असम में एक फीसदी वोट कम मिलने पर कांग्रेस के हाथ से निकल गईं छह सीटें

- असम में 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा का वोट शेयर 36 प्रतिशत था, तब पार्टी को सात सीटें मिली थीं। कांग्रेस को 35 .40 प्रतिशत वोट मिले, लेकिन उसके हाथ तीन सीट ही आई थीं। 2019 के चुनाव में भाजपा ने नौ सीटें जीतीं और 36 .05% वोट शेयर प्राप्त किया, जबकि कांग्रेस 35 .44% वोट शेयर के साथ एक बार फिर तीन सीटों पर सीमित रह गई। अन्य दो सीटों पर बदरुद्दीन अजमल की ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) और एक निर्दलीय उम्मीदवार ने कब्जा कर लिया।

### किरन रिजिजू के सामने नबाम तुकी नहीं बनते नजर आए चुनौती

- अरुणाचल प्रदेश की दो सीटों में से 2014 में भाजपा और कांग्रेस एक-एक सीट जीती थी, लेकिन 2019 में भाजपा दोनों सीटों पर कब्जा करने में सफल रही। भाजपा की कोशिश इस बार भी 2019 का परिणाम दोहराने की है। अरुणाचल प्रदेश में पूर्व और पश्चिम दो सीटें हैं। यहां पूर्व से तापिर गाओ व पश्चिम सीट से केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू सांसद हैं। दोनों ने इस बार भी चुनाव लड़ा है। रिजिजू के खिलाफ कांग्रुस ने पिछला चुनाव हारने वाले नबाम तुकी को ही उतारा तो तापिर गाओ का सामना कांग्रेस के बोसीराम सिरम से हुआ है। यहां विधानसभा चुनाव के लिए भी साथ में वोट पड़े हैं, जिनमें भाजपा 10 सीटें पहले ही निर्विरोध जीत चुकी है। भाजपा की दोनों सीटों पर फिर से जीत की संभावनाएं जताई जा रही हैं।

**36.05 %**
2019 के चुनाव में असम भाजपा को मिले वोट और सीटें थीं नौ

**35.44 %**
वोट शेयर के साथ कांग्रेस के हाथ आई थी केवल तीन सीटें

**7.8 %**
वोट मिले थे बदरुद्दीन अजमल की पार्टी एआईयूडीएफ को



किरन रिजिजू।



गौरव गोगोई।



अगाथा संगमा।

**25**
पूर्वोत्तर राज्यों में कुल लोकसभा सीटें

**19**
एनडीए गठबंधन ने 2019 में जीती थीं

### कांग्रेस की जमीन पर भाजपा का आधार आधा दर्जन राज्यों से हाथ हुआ था साफ

- कांग्रेस का ग्राफ पूर्वोत्तर में लगातार गिरता जा रहा है। 2009 के लोकसभा चुनाव में पार्टी को यहां की 13 सीटों पर जीत मिली थी जबकि 2019 में वह चार सीटों पर सिमट गयी। इसके दूसरी ओर भाजपा जिसने 2009 में सिर्फ चार सीटें जीती थी वह 2019 में 14 सीटों के आंकड़े पर पहुंच गई। 2019 के लोकसभा चुनाव में पूर्वोत्तर में कांग्रेस का प्रदर्शन बेहद खराब रहा। अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा में आने वाली 9 लोकसभा सीटों से उसका सफाया हो गया।

### मेघालय व नागालैंड में राजग गठबंधन को किया मजबूत

- भाजपा की कोशिश मेघालय की दोनों सीटें राजग के खाते में लाने की है। इसके लिए सीएम कॉनराड संगमा को कमान सौंप दी गई थी। मेघालय में कोनार्ड संगमा की नेशनल पीपुल्स पार्टी 2014 और 2019 में शिलांग में कांग्रेस को मात देने में नाकाम रही थी। भाजपा ने दोनों सीटें एनपीपी को दी हैं। इसी तरह नागालैंड की एक सीट भाजपा ने अपने राजग सहयोगी नेशलिस्ट डेमोक्रेटिक पीपुल्स पार्टी (एनडीपीपी) के हवाले कर दी थी।
- 2019 में भी यह सीट एनडीपीपी के पास थी। इस बार भी उसकी जीत के आसार बताए जा रहे हैं। यहां एनडीपीपी से डॉ. चुम्बेन मुरी और कांग्रेस से एसएस जमीर ने किस्मत आजमाई है।

### मणिपुर में भाजपा को हो सकती थोड़ी मुश्किल

- हिंसा से प्रभावित मणिपुर में भाजपा ने इस बार फिर 2019 के फॉर्मूले को अपनाते हुए इनर मणिपुर से से केंद्रीय मंत्री आरके रंजन सिंह का टिकट काटकर राज्य में मंत्री बसंत सिंह को उतारा था। आउटर मणिपुर सीटभाजपा ने अपनी सहयोगी नगा पीपुल्स फ्रंट को दी है। 2014 में मणिपुर की दोनों सीटें कांग्रेस ने जीती थी, पर 2019 में पासा पलट गया था। इनर मणिपुर में वोट पड़ चुके हैं। आउटर मणिपुर में शुक्रवार को वोट डाल गए हैं। यहां इस बार भाजपा कांग्रेस की चुनौती में फंस सकती है। इसकी वजह यह है कि मणिपुर में राहुल गांधी दो बार आ चुके हैं। जिसका सकारात्मक असर देखने में आ रहा है।

### सिक्किम सीट पर त्रिकोणात्मक संघर्ष, मिजोरम में नई पार्टी के हाथ लग सकती बाजी

- मिजोरम में लोकसभा चुनाव में भी नई और सत्ताधारी पार्टी जोरम पीपल्स मूवमेंट ने मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। विधानसभा चुनाव में इस पार्टी ने मिजो नेशनल फ्रंट को हरा दिया था। इसी तरह सिक्किम की इकलौती सीट सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा के पास है। मोर्चा के इंद्रा हैंग सुब्बा का मुकाबला भाजपा के दिनेशचंद्र नेपाल व सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट के प्रत्याशी से हुआ है। त्रिकोणात्मक संघर्ष में मोर्चा की स्थिति मजबूत बताई जा रही है। सिकिक्म में विधान सभा चुनाव के लिए भी वोट डाले गए हैं।

### हिमंता बिस्वा सरमा हैं महत्पूर्ण कड़ी



- भाजपा ने पिछले कुछ सालों में पूर्वोत्तर में लगातार अपना आधार मजबूत किया है। इस काम में असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। तीखे तेवर और धारदार बयानों के साथ हिंदुत्व को खुले समर्थन ने उन्हें असम या पूर्वोत्तर से बाहर दूसरे राज्यों में भी भाजपा का स्टार प्रचारक बना दिया है। आज हिमंता बिस्वा सरमा की उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसी पहचान बनती जा रही है।

## हम भी हैं जोश में... चुन ली नई सरकार



राजस्थान में कड़ी धूप के बीच इन महिलाओं ने उत्साह से मतदान किया और बूथ के बाहर परिचय पत्र और अंगुली दिखाई।



वोट डालने के लिए नाव से आना पड़ा तो क्या हुआ। असम के दरांग जिले में गाशबरी गांव की महिलाओं ने जमकर वोट डाले।



युवा कांग्रेस अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास गैस सिलेंडर लेकर बेंगलुरू में समर्थकों के साथ वोट डालने पहुंचे।

## दिग्गज भाजपा नेता रविशंकर को चुनौती दे पाएंगे डॉ. अंशुल

**पटना।** पटना साहिब लोकसभा सीट पर भाजपा के दिग्गज नेता रविशंकर के सामने कांग्रेस के टिकट पर उतरे लोकसभा की पूर्व स्पीकर मीरा कुमार के बेटे डॉ. अंशुल अभिजीत कड़ी चुनौती पेश कर पाएंगे, इसे लेकर जानकार संदेह जता रहे हैं। कांग्रेस ने लंबे इंतजार के बाद इस सीट पर दो दिन पहले ही डॉ. अंशुल का नाम घोषित किया है। पटना साहिब लोकसभा सीट पर जातीय समीकरण के आधार पर कायस्थों का दबदबा है जिनका झुकाव भाजपा के पक्ष में रहता है। कायस्थों के बाद यहां यादव और राजपूत वोटर सबसे ज्यादा हैं। पिपटना साहिब लोकसभा सीट 2009 में बनी थी। यहां पहला चुनाव फिल्मी स्टारों के बीच हुआ। भाजपा ने अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा को उतारा तो कांग्रेस ने अभिनेता शेखर सुमन पर दांव लगाया। जीत शत्रुघ्न सिन्हा की हुई। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने फिर अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा को मौका दिया, तो जवाब में कांग्रेस ने भोजपुरी फिल्म के अभिनेता कुणाल को उतारा। लेकिन इस बार भी जीत शत्रुघ्न सिन्हा की हुई। उन्हें 4,85,905 मत मिले। कांग्रेस उम्मीदवार कुणाल ने 2,20,100 मत पाए। लोकसभा चुनाव 2019 में भाजपा ने शत्रुघ्न सिन्हा को यहां से टिकट नहीं दिया, तो कांग्रेस ने उन्हें अपना उम्मीदवार बनाया। इस बार शत्रुघ्न सिन्हा को हार का सामना करना पड़ा। भाजपा के रवि शंकर जीते। उन्हें 6,07,5067 और शत्रुघ्न सिन्हा को 3,22,849 मत मिले।

## लोकतंत्र का पर्व, मतदान का गर्व




यह नजारा महाराष्ट्र राज्य के थाणे जिला का है, यहां स्कूली छात्र-छात्राओं ने चुनाव आयोग की कम मतदान की चिंता कम करने के लिए आगे निकल कर मतदाता जागरूकता के लिए अनोखा कार्यक्रम किया। सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने स्कूल के मैदान में 'आई वोट फार श्योर' लिखकर लोगों से मतदान अवश्य करने का नारा बुलंद किया।

**बिलासपुर संसदीय सीट** | भाजपा और कांग्रेस के बीच हमेशा होता आया मुख्य मुकाबला, लगातार चार जीतने का रिकार्ड पुन्नू लाल के नाम

# बिलासपुर में 26 साल से लगातार खिल रहा कमल

चुनाव डेस्क

छत्तीसगढ़ प्रांत की बिलासपुर संसदीय सीट पर हर बार मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के बीच ही होता है। बसपा इस मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने की कोशिश तो करती है पर इसमें सफल नहीं हो पाती। उसके उम्मीदवार 50 हजार वोटों का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाते हैं। यह सीट भाजपा का मजबूत गढ़ है। 1996 से लगातार यहां के मतदाता भाजपा की बयार में ही बह रहे हैं।

सूबे में सत्ता किसी भी दल की रही हो लेकिन यहां के मतदाताओं ने कभी भाजपा का साथ नहीं छोड़ा। यही वजह है कि भाजपा भी इस किले को बचाए रखने के लिए दिन-रात एक किए हुए है। इस संसदीय क्षेत्र में निर्णायक भूमिका अनुसूचित जाति और जनजाति के मतदाताओं की होती है। बसपा ने इस सीट से अश्विनी रजक को मैदान में उतारा है। वे मुकाबले को त्रिकोणीय तो बनाना चाहते हैं पर कितना कामयाब होंगे यह वक्त ही बताएगा।

2019 में भाजपा के अरुण साव ने कांग्रेस के अटल श्रीवास्तव को हराया था। अब अरुण सवा छत्तीसगढ़ सरकार में उप मुख्यमंत्री हैं। वह इसी संसदीय क्षेत्र की लोरमी विधानसभा सीट से विधायक हैं। इस संसदीय सीट पर इस बार भाजपा ने तोखन साहू को उम्मीदवार बनाया है। तोखन साहू लोरमी सीट से विधायक रहे हैं। इस बार उनका मुकाबला कांग्रेस के विधायक देवेंद्र यादव से है।

देवेंद्र यादव को उम्मीदवार बनाए जाने के बाद पार्टी में ही उनका विरोध हो रहा है।

हालांकि आंतरिक कलह को शांत करने के लिए उन्होंने एड़ी चोटी का जोर लगा दिया है। जबकि भाजपा उम्मीदवार तोखन साहू को जीत दिलाने के लिए पूरी भाजपा एकजुट होकर मैदान में उतर गई है। यहां तक कि उप मुख्यमंत्री भी रात दिन एक किए हुए हैं। भाजपा के लोग यहां के आदिवासी और दलित मतदाताओं को यह बताने में जुटे हुए हैं कि उनकी ही पार्टी आदिवासियों के हित को ध्यान में रखती है। उच्च पदों पर उन्हें बैठाने को तत्पर रहती है। इसके साथ ही रामलला की प्राण प्रतिष्ठा और और मोदी की गारंटी को भी भुनाया जा रहा है।



### आठ में से छह विस सीटों पर भाजपा काबिज

- संसदीय क्षेत्र में विधानसभा की 8 सीटें हैं। इनमें से छह सीटों पर भाजपा और दो पर कांग्रेस का कब्जा है। कोटा विधानसभा क्षेत्र में आदिवासी व सतनामी समाज के मतदाताओं की बहुलता है तो मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र में 70 फीसद आबादी एससी समाज की है। ये दोनों ही सीटें कांग्रेस के कब्जे में हैं। ऐसे में भाजपा का पूरा जोर यहां के मतदाताओं को पार्टी के पक्ष में करने की है। कांग्रेस भी विधानसभा में साथ आए दलित और आदिवासी मतदाताओं को हर हाल में अपने पाले में बनाए रखना चाहती है।

### आठ बार बने भाजपा के सांसद

- इस लोकसभा सीट पर भाजपा आठ बार बार जीती है। पहली बार पार्टी का खाता 1989 में खुला था। तब रेशम लाल जांगड़े इस सीट से सांसद चुने गए थे। हालांकि इसके बाद जब 1991 में चुनाव हुआ तो भाजपा यह सीट हार गई थी। लेकिन 1996 में भाजपा के पुन्नू लाल मोहले यहां से जीते तो फिर उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा वे लगातार चार बार यहां से सांसद बने। 2009 में भाजपा ने दिलीप सिंह जुदेव को मैदान में उतारा तो उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी की पत्नी रेणू जोगी को हराया। 2014 में पार्टी ने लखन लाल साहू को मैदान में उतारा। वे भी जीत दर्ज करने में कामयाब हुए। 2019 भी पार्टी जीती।

## एक नजर

### उड़ीसा से यूपी लाए जा रहे 90 लाख के गांजे के साथ तीन गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** एसटीएफ ने शुक्रवार को उड़ीसा से यूपी के लिए लाए जा रहे करीब 90 लाख कीमत का गांजा पकड़ा है। एसटीएफ ने तीन आरोपियों को मौके पर गिरफ्तार कर लिया। माल की तौल कराने पर तीन कुंटल 62 किलो गांजा बरामद हुआ। आरोपियों के मुताबिक समस्त माल यूपी में सप्लाई होनी थी। सूचना पर एएसपी विशाल विक्रम सिंह ने प्रयागराज टीम को सक्रिय किया। फूलपुर के पास टीम पहुंचने पर आयसर ट्रक रोका गया, सूचना सही मिली। इस दौरान तीन आरोपियों गोपीगंज निवासी जगदीश जायसवाल, सराय इनायत निवासी गुलाम हसन और ललित सिंह को मौके पर गिरफ्तार किया गया। एएसपी विशाल विक्रम ने बताया कि पूछताछ में पता चला कि अवैध मादक पदार्थों का यह कारोबार उड़ीसा और आंध्र प्रदेश से लंबे समय से हो रहा है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ करके कई अन्य सूचनाएं भी प्राप्त की गई हैं।

# सड़क दुर्घटनाओं में आई गिरावट

## हादसों और मौत के आंकड़ों में वर्ष की पहली तिमाही राहत देने वाली

नीरज मिश्र, लखनऊ

**अमृत विचार :** सड़क दुर्घटनाओं को लेकर अरसे बाद राहत देने वाली खबर सामने आई है। पिछले करीब एक दशक से साल-दर-साल लगातार बढ़ रहे हादसे और उनसे होने वाली मौतों की संख्या में वर्ष-2024 की प्रथम तिमाही में ब्रेक लगा है। न केवल हादसे और मौतों की संख्या में कमी दर्ज की गई, बल्कि आंकड़ों का यह ग्राफ माइनस में पहुंच गया है। बीते वर्ष यानी साल 2023 में पहली जनवरी से 31 दिसंबर के बीच सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में 6.7 फीसद की बढ़ोतरी हुई थी और मृतकों की संख्या में 4.7 प्रतिशत का इजाफा दर्ज किया गया था। लेकिन इस साल आए प्रथम तीन माह (जनवरी, फरवरी, मार्च-2024) में दुर्घटनाओं और जनहानि के घटे आंकड़ों ने राहत का अहसास कराया है। आंकड़ों के घटने का यह क्रम स्थायी बना रहे तो सफर और सुरक्षित रहेगा।

**जनवरी से मार्च तक के आंकड़े**

पिछले वर्ष (2023)
सड़क हादसों की संख्या – 10,782
मृतकों की संख्या – 5,971

इस वर्ष (2024)
सड़क हादसों की संख्या – 10,472
मृतकों की संख्या – 5,698

**बीते दो वर्ष का ग्राफ**

| वर्ष | दुर्घटनाएं | मौत |
|---|---|---|
| 2022 | 41,746 | 22,595 |
| 2023 | 44,534 | 23,652 |

नोट – साल 2022 की तुलना में जनवरी से दिसंबर 2023 तक हादसों में 6.7 प्रतिशत का इजाफा हुआ था।



निश्चित तौर पर प्रथम तीन माह के आंकड़े राहत देने वाले हैं। कोशिश होगी कि पहली तिमाही की तरह इनमें लगातार कमी बनी रहे और जनहानि का ग्राफ सिमटता रहे। इस साल भी मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, प्रमुख सचिव परिवहन एल. वेंकटेश्वर लू, परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह द्वारा जारी की गई गाइडलाइन पर ठोस पहल करने को कहा गया है। टॉप-20 जिलों में हर हाल में सुरक्षित सड़क तय करने को कहा गया है। साथ ही करीब 40 फीसद हादसों के स्थानों यानी टी-वाई जंक्शन पर कदम उठाने और सख्त निगरानी को कहा गया है।
**– पुष्पसेन सत्यार्थी, अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा**

### फर्जी प्रमाणपत्रों पर नौकरी कर रहा शिक्षक गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** फर्जी प्रमाणपत्र लगाकर बीटीसी शिक्षक की नौकरी कर रहे एक व्यक्ति को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है। आरोप है कि प्रमाणपत्र के आधार पर आधार कार्ड और पैन कार्ड में पिता का परिवर्तित नाम पाया गया। कार्रवाई एसटीएफ पुलिस उपाधीक्षक धर्मेश शाही के नेतृत्व में की गई।

पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि राजीव शुक्ला पुत्र उमाशंकर शुक्ला निवासी मामखोर, गगहा गोरखपुर, के खिलाफ सूचना प्राप्त हुई थी। इस दौरान देवरिया के बीएसए से राजीव शुक्ला से जुड़े अभिलेख मांगे गए। पता चला कि किसी अन्य के आधार कार्ड और पैन कार्ड के आधार पर नाम आदि को परिवर्तित कराकर अभिलेखों के रूप में शामिल कराया गया है। जबकि असल स्थिति दूसरी पाई गई। ऐसी स्थित में राजीव शुक्ला को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# सांसद संघमित्रा मौर्या को हाईकोर्ट से नहीं मिली राहत

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** कथित रूप से बिना तलाक दिए दूसरी शादी करने व धोखा देने के आरोप के मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने भाजपा सांसद संघमित्रा मौर्या को राहत देने से इंकार कर दिया है। न्यायालय ने कहा है कि संघमित्रा मौर्या को तलब किए जाने का आदेश पारित कर निचली अदालत ने कोई त्रुटि नहीं की है।

न्यायालय ने यह भी कहा कि इसी मामले में 12 अप्रैल को भाजपा सांसद के पिता व पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्या की याचिका भी खारिज की जा चुकी है। इन टिप्पणियों के साथ न्यायालय ने परिवाद की कार्यवाही को निरस्त किए जाने की मांग वाली संघमित्रा

**▸▸ बिना तलाक कथित दूसरी शादी का है आरोप**

मौर्या की याचिका को खारिज कर दिया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की एकल पीठ ने पारित किया। पत्रावली के अनुसार, सुशांत गोल्फ सिटी के रहने वाले वादी दीपक कुमार स्वर्णकार ने अदालत में संघमित्रा व स्वामी प्रसाद मौर्या समेत अन्य के खिलाफ परिवाद दाखिल किया है। वादी का आरोप है कि वह एवं संघमित्रा वर्ष 2016 से लिव इन रिलेशन में रह रहे थे। संघमित्रा और उसके पिता स्वामी प्रसाद मौर्य ने बताया कि संघमित्रा की पूर्व शादी से तलाक हो गया है। लिहाजा वादी ने 3 जनवरी 2019 को संघमित्रा से उसके घर पर शादी कर ली, हालांकि बाद में जब उसे संघमित्रा के तलाक न होने की बात का पता चला तो शादी की बात उजागर न होने पाए इसलिए उस पर जानलेवा हमला कराया गया।

उक्त परिवाद को चुनौती देते हुए संघमित्रा की ओर से दलील दी गई कि परिवादी द्वारा लगाए गए आरोपों में काफी विरोधाभास है, जिन पर ध्यान देते हुए निचली अदालत ने याची को तलब किया है। कहा गया कि निचली अदालत ने अपने न्यायिक मस्तिष्क का प्रयोग नहीं किया है। हालांकि न्यायालय ने इन दलीलों को अस्वीकार करते हुए कहा कि ट्रायल कोर्ट द्वारा पारित तलबी आदेश में कोई कमी नहीं है।

# 9,746 मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट से डाला वोट

## 85 वर्ष की आयु से अधिक के मतदाता व दिव्यांगों के घर जाकर टीम ने कराया मतदान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



दूसरे चरण के मतदान की जानकारी देते मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा।

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 9,746 मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट से मतदान किया। 85 वर्ष की आयु से अधिक के मतदाता व दिव्यांग मतदाताओं के घर पर जाकर मतदान दल ने मतदान कराया गया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि स्वतंत्र, निष्पक्ष व पारदर्शी मतदान के लिए मतदान दल के साथ एक माइक्रोआब्जर्वर व वीडियोग्राफर की तैनाती की गई थी। प्रत्याशियों को सम्पूर्ण प्रक्रिया को देखने के लिए स्वयं या उनके अभिकर्ता को भेजने के लिए मतदान दल का शिड्यूल उपलब्ध कराया गया। इसके अलावा कुल 54,537 सेवा मतदाताओं को भी रिटनिंग अधिकारी की ओर से इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से (ईटीपीबीएस) पोस्टल बैलेट का प्रेषण किया गया। 12,658 कार्मिकों को ईडीसी जारी किया गया।

मतदान पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए आयोग की ओर से आठ सामान्य प्रेक्षक, पांच पुलिस प्रेक्षक व 12 व्यय प्रेक्षक तैनात किये गये थे। इसके अलावा 1451 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 190 जोनल मजिस्ट्रेट, 222 स्टैटिक मजिस्ट्रेट व 1599 माइक्रो ऑब्जर्वर भी तैनात किये गये थे। निर्वाचन आयोग की ओर से राज्य स्तर पर एक वरिष्ठ सामान्य प्रेक्षक, एक वरिष्ठ पुलिस प्रेक्षक व एक वरिष्ठ व्यय प्रेक्षक तैनात किये गये थे। सभी जगहों पर पर्याप्त मात्रा में अर्धसैनिक व प्रदेश पुलिस बल तैनात किया गया।

**स्ट्रांग रूम की सुरक्षा की जिम्मेदारी अर्द्धसैनिक बलों को**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सभी सीटों पर ईवीएम के स्ट्रांग रूम की सुरक्षा की जिम्मेदारी अर्द्धसैनिक बलों को दी गई है। उन्होंने बताया कि मॉक पोल के दौरान कुल 24 बैलेट यूनिट, 213 कन्ट्रोल यूनिट व 469 वीवीपैट बदले गये। मतदान शुरू होने के बाद शाम तक कुल 48 बैलेट यूनिट, 48 कंट्रोल यूनिट व 208 वीवीपैट बदले गये।

**इनका भाग्य ईवीएम में कैद**

इस चरण के चुनाव में मथुरा से भाजपा प्रत्याशी अभिनेत्री हेमा मालिनी व मेरठ से भाजपा प्रत्याशी अभिनेता अरुण गोविल समेत 91 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद हो गया। कुल प्रत्याशियों में 81 पुरुष व 10 महिला प्रत्याशी चुनाव मैदान में रहे।

# केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा समेत चार प्रत्याशियों ने किया नामांकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ 5वें चरण के लिए 3 मई तक होंगे नामांकन**

**अमृत विचार :** प्रदेश में पांचवें चरण की 14 लोकसभा सीटों पर चुनाव के लिए शुक्रवार को चार प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इनमें केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा व भाजपा सांसद लल्लू सिंह समेत अन्य प्रत्याशी शामिल हैं। जबकि लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए दो प्रत्याशियों ने नामांकन किया। तीन मई नामांकन की अंतिम तारीख निर्धारित है। 20 मई को मतदान होगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि जालौन (अजा) में भाजपा से केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा ने नामांकन किया, जबकि हमीरपुर में भाजपा से कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह, बाराबंकी (अजा) में भाजपा से राजरानी रावत व फैजाबाद में भाजपा से लल्लू सिंह ने नामांकन किया। पांचवें चरण की अन्य सभी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में नामांकन नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट के लिए भाजपा से ओम प्रकाश श्रीवास्तव व कांग्रेस से मुकेश सिंह चौहान ने नामांकन किया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नामांकन के दौरान सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था की गई है। सम्पूर्ण नामांकन प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जा रही है। सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों, उप जिला निर्वाचन अधिकारियों व सुरक्षा के लिए तैनात पुलिस अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिये गये हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा सीट पर सामान्य श्रेणी के प्रत्याशी को 25,000 रुपये व अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति के प्रत्याशी को 12,500 रुपये जमानत धनराशि जमा करनी होगी।

**95 लाख तक खर्च कर सकेंगे प्रत्याशी**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में प्रत्येक प्रत्याशी के लिए व्यय की अधिकतम सीमा 95 लाख रुपये व विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र में प्रत्येक प्रत्याशी के लिए व्यय की अधिकतम सीमा 40 लाख रुपये निर्धारित है। नामांकन के समय रिटर्निंग ऑफिसर-सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय के 100 मीटर की परिधि के भीतर अधिकतम तीन वाहन व प्रत्याशी सहित अधिकतम पांच व्यक्तियों के प्रवेश की अनुमति होगी।

### लखनऊ मंडल की 51 ग्राम पंचायतों में बाहर से भुगतान

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ मंडल के जिलों की 51 ग्राम पंचायत में ग्राम सचिवालय के बजाय बाहर से भुगतान किया गया। पकड़े जाने पर उपनिदेशक ने सहायक विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी, जिला परियोजना प्रबंधक व प्रधान पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों का भुगतान ग्राम सचिवालय के कंप्यूटर और गेटवे पोर्टल से करना अनिवार्य है। उपनिदेशक लखनऊ मंडल गिरीश चंद्र रजक ने 1 से 31 मार्च तक गेटवे पोर्टल से भुगतान की समीक्षा की तो लखनऊ मंडल की 51 ग्राम पंचायत में बाहर से भुगतान करना पाया। इनमें हरदोई की दो, लखीमपुर खीरी की 27, लखनऊ की एक, रायबरेली की एक, सीतापुर की 14, उन्नाव की छह ग्राम पंचायत हैं। शासन के निर्देशों का उल्लंघन पर संबंधित जिला पंचायत राज अधिकारी को सहायक विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी, जिला परियोजना प्रबंधक व प्रधान पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# चुनावी राजनीति में 'मंगलसूत्र' की खींचतान

## मंगलसूत्र के मुद्दे को लेकर एनडीए और इंडी गठबंधन के बीच आरोप-प्रत्यारोप

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ प्रियंका के बाद डिंपल ने मंगलसूत्र पर दी दुहाई तो एनडीए समर्थित महिलाओं ने इस पर मांगा हिसाब**

**अमृत विचार :** मोदी की गारंटी से लेकर हिंदू-मुसलमान, अयोध्या, घुसपैठिया, जाति जनगणना जैसे गूंज रहे मुद्दों के बीच अचानक चुनाव में 'मंगलसूत्र' हावी हो गया लगता है। कांग्रेस के घोषणा-पत्र से निकले मंगलसूत्र (मुद्दे) को झपटने की मानो एनडीए और इंडी गठबंधन के बीच खींचतान मची हो। विषय महिलाओं से जुड़ा है नतीजतन, इंडी खेमा जहां मंगलसूत्र की दुहाई दे रहा वहीं, एनडीए समर्थित खेमे की महिलाएं उन्हें इसके लिए जवाबदेह ठहरा रही हैं। कुल मिलाकर देश की करोड़ों महिलाओं का मंगलसूत्र मौजूदा लोकसभा चुनाव के संघर्ष में नया मुद्दा बनकर उभरा है।

दरअसल, सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस के घोषणापत्र में दर्ज विरासत टैक्स पर सवाल खड़े करते हुए आमजन को समझाया कि ये आपका मंगलसूत्र तक बचने नहीं देंगे। फिर क्या था, इस बार मंगलसूत्र को कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने लपका। प्रियंका ने कहा, मेरी मां सोनिया गांधी का मंगलसूत्र इस देश पर कुर्बान हो गया। सच्चाई यह है कि ये (भाजपा) लोग महिलाओं के संघर्ष को नहीं समझ सकते। बस इसके बाद तो मुद्दे की छीनाझपटी की तरह दोनों खेमों के नेताओं का मंगलसूत्र पर आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला तेज हो गया। ऐसा लगता है कि इसके आगे सारे मुद्दे भी कहीं गौण हो गए।

अमेठी से चुनाव लड़ रहीं भाजपा नेत्री स्मृति ईरानी ने भी वहां की एक जनसभा में अपने विचार व्यक्त करते हुए स्त्रियों के गहनों को लेकर आमजन को कांग्रेस की मंशा बतायी। वहीं, मैनपुरी से सपा प्रत्याशी डिंपल यादव ने पुलवामा घटना का जिक्र करते हुए सवाल किया कि उन जवानों की पत्नी के




मंगलसूत्र किसने छीने?

अब इस तीखी राजनीतिक बयानबाजी के बाद सपा नेत्री डिंपल यादव उन महिलाओं के निशाने पर आ गई हैं, जिनके पतियों की हत्या उस दौरान हुई, जब सपा की सरकार थी। डिंपल के सवाल पर पूर्व विधायक स्व. कृष्णानंद राय की पत्नी अलका राय, प्रयागराज के अधिवक्ता स्व. उमेश पाल की पत्नी जया पाल और वाराणसी के पूर्व डिप्टी मेयर स्व. अनिल सिंह की पत्नी सीता सिंह ने पलटवार किया और अपने-अपने मंगलसूत्र का हिसाब डिंपल यादव से मांगा।

अतीक अहमद गैंग का शिकार बने प्रयागराज के अधिवक्ता स्व. उमेश पाल की पत्नी जया पाल ने कहा कि मेरी जैसी कई बहनों का मंगलसूत्र सपा पोषित माफियाओं ने छीना है। उस वक्त डिंपल कहां थी, जब मेरे पति और दो पुलिसकर्मियों को गोलियों से छलनी किया जा रहा था। कहा कि हमारे बहादुर जवानों ने पुलवामा हमले का बदला सर्जिकल स्ट्राइक के जरिए पूरी बहादुरी से ले लिया है।

वहीं, पूर्व विधायक स्व. कृष्णानंद राय की पत्नी अलका राय ने भी मीडिया से साझा एक प्रतिक्रिया में कहा कि मेरे पति की हत्या के वक्त सात लोगों की हत्या हुई थी। उस वक्त लाल कृष्ण आडवाणी और राजनाथ सिंह जैसे नेता धरने पर बैठे थे, मगर सपा का कोई नेता हमारे आंसुओं को पोंछने नहीं आया।

इसी कड़ी में वाराणसी के पूर्व डिप्टी मेयर स्व. अनिल सिंह की पत्नी सीता सिंह ने भी डिम्पल यादव के बयान पर कहा कि वह पुलवामा मामले में न बोलें तो अच्छा होगा। क्योंकि पुलवामा को लेकर मोदी सरकार बेहतर ढंग से हिसाब किताब कर रही है। स्पष्ट है कि, राष्ट्रीय बहस के बन चुके इस विषय को प्रदेश की खास महिलाओं ने भी पकड़ लिया है।

## वर्ग पहेली-52

**बाएं से दाएं**

4. 1. किसी कला विशेष का विशेषज्ञ 2. कलापूर्ण ढंग से काम करने वाला व्यक्ति 3. विधिवत शिक्षा प्राप्त गायक, गवैया 4. गाने-बजाने का काम करने वाली एक प्राचीन जाति।

5. 1. पैदल चलने से या बैलगाड़ी आदि के पहिए से भूमि पर बनी रेख, पगडंडी 2. लकीर, रेखा 3. मर्यादा 4. लोकरीति, पुरानी परंपरा, रूढ़ि। (मु.)–पीटना : किसी पुरानी चली आई हुई प्रथा या रीति का बिना सोचे-समझे अनुकरण करते चलना।

7. 1. वन में विचरण करने और रहने वाला 2. जंगली पशु।

8. पुराने विचारों वाला, रूढ़िवादी।

**ऊपर से नीचे**

1. शराब, दारू, मद्य।

2. 1. भूतकाल या बीते हुए समय से संबंधित 2. ऐतिहासिक, अतीत का 3. गत, गुज़रा हुआ 4. पौराणिक 5. पिछला 6. प्राचीन, विगत।

3. सर्पराज, शेषनाग।

4. कुरान शरीफ़, कलामे मजीद।

6. एक तरह का नमक, काला नमक।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | ■ | 2 | ■ | ■ | 3 |
| 4 | | | | ■ | ■ | |
| | ■ | ■ | | ■ | ■ | |
| | ■ | ■ | 5 | 6 | ■ | |
| | ■ | 7 | | | | ■ |
| | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ |
| ■ | 8 | | | | | |

### वर्ग पहेली-51 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 झु | टुं | ग | ■ | 2 ख | रों | 3 ट |
| र | ■ | ■ | 4 अं | ■ | ■ | क |
| मु | ■ | ■ | ध | ■ | ■ | टो |
| ट | ■ | 5 दु | का | न | दा | र |
| ■ | 6 लाँ | ग | र | ■ | ■ | ना |
| ■ | ■ | ना | ■ | ■ | ■ | ■ |
| 7 ले | ला | ■ | 8 भा | र | शि | व |

## सुडोकू-131

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | | | | | | 2 |
| 9 | | 1 | | | | 8 | | |
| | | 2 | | | 1 | | | |
| | | 5 | | | 6 | | 3 | |
| | 7 | | | | 8 | | 2 | |
| | 1 | | 6 | | | 6 | | |
| 1 | | | | | | 9 | | |
| 8 | | | | | | 2 | | 6 |
| 4 | | | | | 2 | | 7 | |

### सुडोकू-130 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 8 | 5 | 6 | 7 | 4 | 2 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 1 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 9 | 1 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 9 | 1 | 4 | 3 | 8 | 5 | 2 | 7 | 6 |
| 8 | 2 | 6 | 7 | 4 | 1 | 3 | 9 | 5 |
| 7 | 3 | 5 | 2 | 6 | 9 | 1 | 8 | 4 |
| 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 8 | 4 | 2 | 7 |
| 3 | 7 | 1 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 | 9 |
| 4 | 8 | 2 | 5 | 9 | 7 | 6 | 3 | 1 |

## आज का भविष्यफल
-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 27 अप्रैल शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-तृतीया 08.17 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-ज्येष्ठा 28 अप्रैल 04.28 तक तत्पश्चात मूल।

**मेष** – आज नए कार्यों की शुरुआत करने से बचें। यात्रा के दौरान थकान महसूस होगी। अपने काम को लेकर थोड़े चिन्तित रहेंगे। व्यापार में आपको नुकसान हो सकता है। सेहत को लेकर लापरवाही न करें। परिवार के लोग आपसे अपेक्षा रखेंगे। इस कारण आपके ऊपर दबाव रहेगा।

**वृष** – आज दांपत्य जीवन में सामन्जस्य बेहतरीन रहेगा। आपकी कला की लोग प्रशंसा करेंगे। व्यापार में बड़ी डील हो सकती है। नया वाहन खरीदने का विचार बनायेंगे। प्रेम संबंध का आनंद उठायेंगे। शत्रुओं पर विजय प्राप्त कर लेंगे।

**मिथुन** – आज आप दूसरों की समस्याओं को सुलझाने में काफी प्रभावी हो सकते हैं। मन में कुछ नया करने का विचार बनेगा। आपके बातचीत करने के तरीके से लोग प्रभावित रहेंगे। कठिन कार्य के पूरा होने से आप उत्साहित रहेंगे। सोशल मीडिया में आपकी सक्रियता बढ़ेगी।

**कर्क** – आज संतान को शिक्षा और करियर में बड़ी उपलब्धि मिल सकती है। पढ़ाई में आ रहे अवरोध दूर होंगे। बच्चों की जरूरतों का सामान खरीदने के लिए बाजार जा सकते हैं। आमतौर पर आपकी सेहत काफी अच्छी रहेगी। धार्मिक कार्यों में व्यस्त रहेंगे। आज मौज-मस्ती के मूड में रहेंगे।

**सिंह** – आज पुरानी समस्या आपको सुलझती हुई नजर आयेंगी। कानूनी मामलों को लेकर थोड़े चिन्तित रहेंगे। अनैतिक कार्यों से दूरी बनाकर रखें। व्यवसाय में आय वृद्धि होगी। जीवनसाथी का उत्तम सहयोग मिलेगा।

**कन्या** – आज व्यापार में साझेदारी करने के लिए दिन शुभ है। आपके काम में स्थिरता आयेगी। व्यापार में लाभ होने से मन बेहद प्रसन्न रहेगा। सामाजिक कार्यों में आप बेहद सक्रिय रहेंगे। दूसरों से ज्यादा अपेक्षा न करें। दिन आपके लिए नई संभावनाओं को जन्म देगा।

**तुला** – आज आपको कुछ कड़वे अनुभवों का सामना करना पड़ेगा। धन का ज्यादा लालच न करें। बैंकिंग से जुड़े कार्यों में व्यवधान आ सकता है। आय से अधिक खर्च होने से आपको नुकसान होगा। आंखों में जलन की शिकायत हो सकती है। दुष्टजन आपको हानि पहुंचा सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज आप भौतिक सुख-सुविधाओं का भरपूर आनंद लेंगे। जीवनसाथी की सलाह का अनुसरण अवश्य करें। नई परियोजनाओं में आप धन निवेश कर सकते हैं। सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी। आपकी आर्थिक स्थिति बहुत ही अच्छी रहेगी।

**धनु** – आज परिवार के किसी सदस्य का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। दूसरों पर ज्यादा भरोसा न करें। अपनी भावनाओं को संयमित रखें। आज कर्ज बिल्कुल भी न लें। आपकी बातें लोगों को बुरी लग सकती है। प्रेमी जन के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**मकर** – आज कार्यक्षेत्र के महत्वपूर्ण अवसर मिलेंगे। आपकी जीवनशैली में सुधार आयेगा। परिवार में सुख-शान्ति बनी रहेगी। पुराने स्वास्थ्य विकार दूर होंगे। उच्च अध्ययन में रुचि ले सकते हैं। यात्रा से बड़ा धन लाभ हो सकता है। अधिकारी आपसे काफी प्रसन्न रहने वाले हैं।

**कुंभ** – आज आपके कार्यक्षेत्र में विस्तार हो सकता है। परिवार में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। व्यापार को लेकर नए विचार मस्तिष्क में आयेंगे। प्रेम संबंधों को आप काफी महत्व देंगे। बच्चे अपनी पढ़ाई को लेकर थोड़े चिन्तित हो सकते हैं।

**मीन** – आज विद्यार्थियों का मन पढ़ाई से कुछ उचट सकता है। एसिडिटी और गैस के कारण समस्या होगी। सहकर्मियों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। पिता की सलाह से आपको लाभ मिलेगा। अपने काम के प्रति उदासीन न रहें। फोन पर रिश्तेदारों के साथ बात हो सकती है।

## आज की फिल्में

B4U Movies
जुर्म – सुबह : 08.39
सिंबा – शाम : 06.11

&pictures
तारा रम पम – सुबह : 09.36
बेल बॉटम – रात : 09.08

Sony Pix
स्पाइडर-मैन 2 – सुबह : 09.55
रैमपेज – शाम : 05.00

Zee Cinema
ये साली आशिकी – सुबह : 08.40
ऊंचाई – रात : 09.30

Colors Cineplex
रंगून – सुबह : 09.23
ओएमजी 2 – रात : 09.31

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर पर रात :09.08 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

दो आदमी शराब के नशे में धुत होकर रेल की पटरियों के बीचों-बीच जा रहे थे।
पहला – हे भगवान, मैंने इतनी सीढ़ियां पहले कभी नहीं चढ़ीं
दूसरा – अरे सीढ़ियां तो ठीक हैं, मैं तो इस बात को लेकर हैरान हूं कि हाथ से पकड़ने के लिए रेलिंग कितने नीचे लगी हुई हैं।

टीचर– मैं जो पूछूं उसका जवाब फटाफट देना।
छात्र– जी सर
टीचर– भारत की राजधानी बताओ?
छात्र– फटाफट
टीचर अभी तक संजू को पीट रहा है।

### मैंथा बाजार भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक- 1000 फ्लैग- 1110 बोल्ड- 1150 डीएमओ- 900
**रामपुर :** शिवालिक-990 फ्लैग- 1105 डीएमओ-885 बोल्ड-1165

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 83600 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 85000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 90000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74400 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 55450-55650 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड | 73,550 |
| सोना रवा | 73,400 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 83,300 |
| चांदी (999) | 83,200 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,850 |
| चांदी आभूषण | 82,550 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 73000 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 72000 |
| सिल्वर (पक्की) | 814 (अनुमानित) |

### लखनऊ मंडी

गेहूं (आरआर 21) 2360-2800, गेहूं (के 65) 3500-3800, बाजरा 2200-2300, मक्का 2700-2800, जौ 2900-3000, चावल सेल्हा 2800-3100, चावल बासमती 7000-8000, चावल मोटा 2800-3000, चावल मन्सूरी 3200-3500, चावल शक्कर चीनी 4800-5200, चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600, चावल राजरानी 7000-7500, चना देशी 6800-7000, चना फार्मी 7200-7500, चना काबली 4500-17000, मटर हरा 6000-6200, मटर सफेद 6100-6500, दाल चना 8000-8400, दाल मटर 6400-6500, उड़द हरा 12000-12500, उड़द काला 9000-9500, दाल उड़द हरी 15500-16000, दाल उड़द काली 10500-11000, दाल उड़द धोवा 12000-12500, मूंग खड़ा 10000-10500, मूंग दाल 10500-11000, मूंग धोवा 12000-13000, मसूर 8800-9000, मलका 9000-9500, दाल अरहर फूल 16000-17000

# पांच दिन की तेजी के बाद सेंसेक्स धड़ाम

## बिकवाली और विदेशी पूंजी की निकासी से सेंसेक्स 609.28 और निफ्टी 150.40 अंक गिरा

**मुंबई, एजेंसी**

शेयर बाजारों में पांच सत्रों से जारी तेजी के बाद शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स 609 अंक टूट गया। वैश्विक बाजारों में मिले-जुले रुझानों के बीच बैंक, वित्तीय और टिकाऊ उपभोक्ता सामान बनाने वाली कंपनियों में बिकवाली से बाजार नुकसान में रहा। रुपये में गिरावट और विदेशी पूंजी की निकासी से भी निवेशक धारणा पर असर पड़ा।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 609.28 अंक यानी 0.82 प्रतिशत की गिरावट के साथ 73,730.16 अंक पर खिसक आया। कारोबार के दौरान यह 722.79 अंक टूटकर 73,616.65 पर भी आ गया था। एनएसई का निफ्टी भी 150.40 अंक यानी 0.67 प्रतिशत गिरकर 22,419.95 अंक पर बंद हुआ। बीते पांच दिनों में सूचकांकों में 2.5 प्रतिशत की तेजी आई थी। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स में



641.83 अंक की बढ़ोतरी हुई जबकि निफ्टी में कुल 272.95 अंक वृद्धि हुई है। मेहता इक्विटीज लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा कि पांच दिनों की तेजी से बाजार में गिरावट और मुनाफावसूली की आशंका बनी थी। जापानी येन के 34 साल के निचले स्तर पर गिरने और अमेरिकी बॉण्ड प्रतिफल बढ़ने से बदलाव दिखा। सेंसेक्स में शामिल बजाज फाइनेंस में आठ प्रतिशत की बड़ी गिरावट हुई। कंपनी की मार्च तिमाही के नतीजे निवेशकों को उत्साहित नहीं कर पाए। बजाज फिनसर्व में भी तीन प्रतिशत गिरावट रही। इंडसइंड बैंक, नेस्ले, कोटक महिंद्रा बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी नुकसान के साथ बंद हुए। आईटी सेवा कंपनी टेक महिंद्रा में सात प्रतिशत से अधिक की छलांग लगाई। राजस्व वृद्धि में तेजी लाने और मार्जिन बढ़ाने के एक महत्वाकांक्षी तीन साल के रोडमैप की रूपरेखा पेश करने से कंपनी के शेयरों को लेकर दिलचस्पी देखी गई। विप्रो, आईटीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाइटन और एक्सिस बैंक के शेयर भी बढ़त में रहे। अधिक शेयरों का प्रतिनिधित्व करने वाले बीएसई मिडकैप सूचकांक में 0.83 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई जबकि स्मालकैप सूचकांक 0.27 प्रतिशत चढ़ गया।

### अमेरिकी आर्थिक आकड़ों ने बाजार को किया प्रभावित

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों ने बाजार को प्रभावित किया। निवेशकों को अमेरिका में मंदी आने की आशंका सताने लगी है। वहीं घरेलू बाजार में कंपनियों के तिमाही नतीजों के कमजोर होने और ऊंचे मूल्यांकन को लेकर चिंता देखी गई। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग सकारात्मक दायरे में बंद हुए। यूरोप के ज्यादातर प्रमुख बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजारों में बृहस्पतिवार को गिरावट दर्ज की गई थी। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.31 प्रतिशत चढ़कर 89.29 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने गुरुवार को 2,823.33 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की बिकवाली की। बीएसई सेंसेक्स गुरुवार को 486.50 अंक चढ़कर 74,339.44 अंक और एनएसई निफ्टी 167.95 अंक बढ़कर 22,570.35 अंक पहुंचा था।

# अदालत का विमान पंजीकरण रद करने के आवेदनों पर तुरंत कार्रवाई का निर्देश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) को 54 विमानों का पंजीकरण रद करने के पट्टेदारों के आवेदनों पर तुरंत कार्रवाई करने का शुक्रवार को निर्देश दिया। विमान पट्टे पर दे रखी कंपनियों ने संकट ग्रस्त एयरलाइन गो फर्स्ट से विमान वापस लेने की कवायद में यह आवेदन किया है।

उच्च न्यायालय ने कहा कि प्रक्रिया पांच कामकाजी दिन या उससे कम समय में पूरी की जाएगी। न्यायमूर्ति तारा वितस्ता गंजू ने एयरलाइन और उसके निदेशकों के प्रबंधन के लिए दिवाला कानून के तहत नियुक्त समाधान पेशेवर (आरपी) को विमानों या कलपुर्जों, दस्तावेजों, रिकॉर्ड और किसी भी अन्य सामग्री को ले जाने या कहीं रखने से भी रोक दिया। अदालत ने कहा कि डीजीसीए तुरंत तथा पांच कामकाजी दिन के भीतर 54 विमानों के पंजीकरण रद करने



● विमान पट्टे पर दे रखी कंपनियों ने संकट ग्रस्त एयरलाइन गो फर्स्ट से विमान वापस लेने की कवायद में किया है आवेदन

संबंधी आवेदनों पर कार्रवाई करेगा। उच्च न्यायालय ने कहा कि डीजीसीए, एएआई (भारतीय हवाईअड्डा प्राधिकरण) और उसके अधिकृत प्रतिनिधि याचिकाकर्ता पट्टेदारों की सहायता करेंगे और उन्हें हवाई अड्डों तक पहुंच प्रदान करेंगे।

अदालत ने कहा कि पट्टेदारों को लागू नियमों और कानूनों के तहत विमान निर्यात करने की अनुमति है। गौरतलब है कि गो फर्स्ट ने तीन मई 2023 से अपनी विमान सेवाएं रोक दी थीं।

# भारत की जीडीपी 6.6% रहने का अनुमान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

डेलॉयट इंडिया ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। निर्यात में तेजी और पूंजी प्रवाह इसमें मुख्य कारक रहेंगे।

डेलॉयट ने भारत की आर्थिक परिदृश्य पर अपनी रिपोर्ट में कहा कि मध्यम आय वर्ग की तेज वृद्धि से क्रय शक्ति बढ़ी है। प्रीमियम लक्जरी उत्पादों व सेवाओं की मांग भी उत्पन्न हुई है। डेलॉयट ने पिछले वित्त वर्ष के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि के अनुमान को संशोधित कर 7.6 से 7.8 प्रतिशत के बीच कर





● डेलॉयट इंडिया ने कहा- निर्यात में तेजी व पूंजी प्रवाह होंगे मुख्य कारक

दिया है। जनवरी में कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 में वृद्धि के 6.9 से 7.2 प्रतिशत की सीमा में रहने का अनुमान लगाया था। डेलॉयट ने कहा कि देश की जीडीपी वृद्धि 2024-25 में 6.6 प्रतिशत और उसके अगले वर्ष 6.75 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है। बाजार अपने निवेश तथा उपभोग निर्णयों में भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं को ध्यान में रखना सीख रहे हैं। डेलॉयट की अर्थशास्त्री रुमकी मजूमदार ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में 2025 में एक समकालिक बदलाव देखने की उम्मीद है क्योंकि प्रमुख चुनावी अनिश्चितताएं दूर हो जाएंगी और पश्चिम के केंद्रीय बैंक 2024 में बाद कुछ दरों में कटौती की घोषणा कर सकते हैं। भारत में पूंजी प्रवाह में सुधार और निर्यात में उछाल देखने की संभावना है। मजबूत आर्थिक गतिविधि के दम पर पूर्वानुमानित अवधि में मुद्रास्फीति के रिजर्व बैंक के लक्ष्य स्तर चार प्रतिशत से ऊपर रहने का अनुमान है।

# विदेशी मुद्रा भंडार 640 अरब डॉलर पहुंचा

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में गिरावट आने से 19 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.83 अरब डॉलर कम होकर दूसरे सप्ताह गिरता हुआ 640.3 अरब डॉलर रह गया। पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 5.4 अरब डॉलर घटकर 643.2 अरब डॉलर था। रिजर्व बैंक से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 19 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 3.8 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 560.9 अरब डॉलर रह गया।

# लघु बैंकों से नियमित बनने के लिए मांगे आवेदन

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय रिजर्व बैंक ने नियमित बैंक बनने के लिए शुक्रवार को 1,000 करोड़ के न्यूनतम शुद्ध संपत्ति होने समेत निर्दिष्ट मानदंडों को पूरा करने वाले छोटे बैंकों से आवेदन आमंत्रित किए। रिजर्व बैंक ने नवंबर, 2014 में निजी क्षेत्र में लघु वित्त बैंकों (एसएफबी) को लाइसेंस देने से संबंधित दिशानिर्देश जारी किए थे।

इस समय एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक, इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक और उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक सहित एक दर्जन एसएफबी हैं। केंद्रीय बैंक ने कहा कि नियमित बैंक बनने का लक्ष्य रखने वाले एसएफबी की पिछली तिमाही के अंत में न्यूनतम शुद्ध संपत्ति 1,000 करोड़ होनी चाहिए।

बैंक के शेयर किसी मान्यता प्राप्त बाजार में सूचीबद्ध होने चाहिए। बीते दो वित्त वर्षों में इस एसएफबी का शुद्ध लाभ भी होना चाहिए और दो वित्त वर्षों में उसका जीएनपीए (सकल एनपीए) और एनएनपीए (शुद्ध एनपीए) क्रमशः तीन और एक प्रतिशत से कम या उसके बराबर होना चाहिए। आरबीआई ने शेयरधारिता के संदर्भ में कहा कि पात्र एसएफबी के लिए चिह्नित प्रवर्तक होने की कोई अनिवार्यता नहीं है। पात्र एसएफबी के मौजूदा प्रवर्तक, यदि कोई हैं, नियमित बैंक में तब्दील होने पर प्रवर्तक के रूप में बने रहेंगे।

### आरबीआई ने ऋण सेवा प्रदाताओं के लिए जारी किया मसौदा

**मुंबई।** आरबीआई ने बैंकों के एजेंट के रूप में काम करने वाले ऋण सेवा प्रदाताओं (एलएसपी) को अपने पास उपलब्ध सभी कर्ज प्रस्तावों की जानकारी उधारकर्ताओं को देने का प्रस्ताव शुक्रवार को रखा। आरबीआई ने कहा कि सभी कर्ज प्रस्तावों की जानकारी सामने होने पर संभावित कर्जदार के लिए फैसला करना आसान होगा। कई एलएसपी ऋण उत्पादों के एग्रीगेटर के तौर पर भी काम करते हैं। उनके पास कई ऋण उत्पादों के बारे में जानकारी होती है।

## राष्ट्रीय

### एक नजर

#### हाईकोर्ट ने विचाराधीन कैदियों को जमानत पर रिहा करने की मांग वाली याचिका रद की

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने कारागारों में भीड़ के मद्देनजर विचाराधीन कैदियों को जमानत पर रिहा करने की गुहार के साथ दाखिल की गई जनहित याचिका खारिज कर दी है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन ने टिप्पणी की कि याचिकाकर्ता गौतम कुमार लाहा द्वारा याचिका में उठाये गये मुद्दे पर पहले ही उच्चतम न्यायालय विचार कर रहा है और ऐसे में अर्जी को स्वीकार करने का कोई औचित्य नहीं है। पीठ ने 24 अप्रैल को पारित आदेश में कहा कि हम इस बात से संतुष्ट हैं कि चूंकि वर्तमान याचिका में याचिकाकर्ता द्वारा उठाए गए मुद्दे सीधे तौर पर डब्ल्यूपी (सी) 406/2013 में उच्चतम न्यायालय के समक्ष लंबित हैं और उसपर विचार किया जा रहा है। इसलिए हमें वर्तमान याचिका पर विचार करने का कोई कारण प्रतीत नहीं होता है। तदनुसार, वर्तमान याचिका खारिज की जाती है। इस पीठ में न्यायमूर्ति मनमीत पी.एस.अरोड़ा भी शामिल थे।

#### गुरुग्राम में सौतेले पिता ने सात महीने की बच्ची को पटक कर मार डाला

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के नाथूपुर गांव के पास झुग्गी में सात महीने की बच्ची की उसके सौतेले पिता ने कथित तौर पर फर्श पर पटक कर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में डीएलएफ फेज-3 पुलिस थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई और आरोपी को कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी की पहचान 30 वर्षीय विजय साहनी के रूप में की गई है, जो बिहार के सीतामढ़ी जिले का निवासी है। उसने बताया कि घटना गुरुवार रात नाथूपुर पहाड़ी इलाके के पास झुग्गी बस्ती में हुई, जहां आरोपी की पत्नी उसके भाई और सात महीने की बच्ची के साथ रह रही थी। आरोपी ने वहां पहुंचकर पत्नी से झगड़ा दिया और सात महीने की सौतेली बेटी को फर्श पर पटक दिया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गया। सूचना पर एक टीम पहुंची और बच्ची को नजदीकी अस्पताल ले गई जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

#### 102 वर्ष के बुजुर्ग ने युवाओं के लिए नौकरियों की आस में डाला वोट

**जम्मू।** जम्मू सीट के लिए शुक्रवार को 102 साल के बुजुर्ग ने रियासी केन्द्र में मतदान किया और उम्मीद जताई कि नयी सरकार युवाओं के लिए नौकरियां लाएगी, जिससे केन्द्र शासित प्रदेश के युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने में मदद मिलेगी। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में जम्मू संसदीय क्षेत्र में मतदान शुरू हुआ, जिसमें 17.81 लाख से अधिक मतदाता 22 उम्मीदवारों की चुनावी किस्मत का फैसला करेंगे। हाजी करमदीन (102) ने रियासी में मतदान के बाद कहा कि यह युवा पीढ़ी नशे के कारण बर्बाद हो रही है। वे खाली बैठे हैं क्योंकि नौकरी नहीं है। वयोवृद्ध करमदीन को उनके परिजन मतदान केंद्र पर लाए थे और पीठासीन अधिकारी ने उनका स्वागत किया।

#### खुद को पायलट बताने वाला व्यक्ति दिल्ली हवाईअड्डे से गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय (आईजीआई) हवाईअड्डे से ऐसे व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है, जो खुद को कथित तौर पर एक एयरलाइन कंपनी का पायलट बताता था। पुलिस के अनुसार उन्होंने एयरलाइन की वर्दी पहने हुए एक व्यक्ति को मेट्रो स्काईवॉक क्षेत्र में घूमते हुए देखा। पुलिस उपायुक्त (आईजीआई हवाईअड्डा) उषा रंगनानी ने कहा कि केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के कर्मियों के सामने उसने खुद को एयरलाइन कंपनी का पायलट बताया, उसने अपने गले में लटका हुआ एक पहचान पत्र दिखाया। सीआईएसएफ के कर्मियों को कुछ गड़बड़ दिखी और पूछताछ करने पर उसकी पहचान नोएडा के संगीत सिंह के रूप में हुई। जांच से पता चला कि उसने कुछ ऑनलाइन एप्लिकेशन का उपयोग करके जाली आईडी बनाई थी और दिल्ली के द्वारका से वर्दी एवं अन्य सामान खरीदा था।

# बड़ी संख्या में युवाओं ने तृणमूल नेताओं को रिश्वत देने के लिए कर्ज लिया: मोदी

## 26 हजार नौकरियां रद होने के मामले में टीएमसी की कट और कमीशन नीति से हुआ नुकसान

**मालदा, एजेंसी**

प्रधानमंत्री मोदी ने कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के बाद प. बंगाल में 26,000 नौकरियां रद होने के मामले में शुक्रवार को सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की आलोचना की और कहा कि राज्य के युवाओं को पार्टी की कट और कमीशन नीति से नुकसान उठाना पड़ा है और यह (तृणमूल) अब घोटालों का पर्याय बन गई है।

मोदी ने मालदा में चुनावी रैली में युवाओं की दुर्दशा पर प्रकाश डाला, जिन्होंने तृणमूल नेताओं को रिश्वत देने के लिए ऋण तक लिया था। उन्होंने कहा कि तृणमूल घोटाले करती है, जिसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कैसे घोटालों में तृणमूल की संलिप्तता ने न केवल युवाओं के भविष्य को खतरे में डाला है, बल्कि हजारों परिवारों पर भी इसका प्रतिकूल असर पड़ा है। मोदी ने कहा कि शिक्षक भर्ती घोटाले ने लगभग 26,000 परिवारों की आजीविका छीन ली। जिन युवाओं ने तृणमूल नेताओं को रिश्वत देने के लिए कर्ज लिया था, अब उन पर इसका बोझ पड़ रहा है। केंद्र युवाओं के लिए रोजगार पैदा करने की दिशा में काम कर रहा है।



मुंगेर में आयोजित चुनावी बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार।

● प्रधानमंत्री ने कहा- तृणमूल घोटाले करती है, जिसका खामियाजा भुगतने के लिए जनता विवशा

हाईकोर्ट ने प. बंगाल सरकार द्वारा संचालित और उससे सहायता प्राप्त विद्यालयों में, राज्यस्तरीय चयन परीक्षा-2016 (एसएलएसटी) की भर्ती प्रक्रिया से हुई शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मियों की 25,753 नियुक्तियों को रद करने का सोमवार को आदेश दिया था तथा चयन प्रक्रिया को अमान्य एवं अवैध करार दिया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि तृणमूल शासन में केवल एक ही चीज मौजूद है- हजारों करोड़ के घोटाले।

### मतपत्रों से चुनाव की मांग करने वालों को सुप्रीम कोर्ट का तमाचा

**अररिया-मुंगेर।** प्रधानमंत्री ने मतपत्रों से चुनाव कराने की मांग को उच्चतम न्यायालय द्वारा रद किए जाने का जिक्र करते हुए कहा कि यह कांग्रेस नीत गठबंधन के लिए करारा तमाचा है। मोदी ने अररिया और मुंगेर में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवारों के पक्ष में अलग-अलग चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राजद-कांग्रेस और गठबंधन को न संविधान और न लोकतंत्र की परवाह है। ये वे लोग हैं जिन्होंने 10 साल तक मतपत्रों के बहाने गरीबों का अधिकार छीना, बिहार के लोग साक्षी हैं कैसे राजद-कांग्रेस के शासन में बूथ और मतपत्र लूटे जाते थे। इतना ही नहीं गरीबों को वोट डालने के लिए घर से निकलने नहीं दिया जाता था। उन्होंने कहा कि देश के मतदाताओं को जब ईवीएम की ताकत मिली तो यह उनको बर्दाश्त नहीं हुआ। आज दो घंटे पहले ही कोर्ट ने मत पेटियों को लूटने वालों और इसका इरादा रखने वालों को कैसा झटका दिया है। उनके सारे सपने चूर-चूर हो गए हैं।

# आतिशबाजी से लगी आग में छह लोगों की गई जान

**दरभंगा, एजेंसी**

● बिहार के दरभंगा जिले में हुआ हादसा मरने वाले एक ही परिवार के लोग

● घटना पर मुख्यमंत्री ने जताया शोक घायलों के उपचार के दिए निर्देश

बिहार के दरभंगा जिले के बहेड़ा थाना अंतर्गत अंटोर गांव में शुक्रवार की रात विवाह समारोह के दौरान आतिशबाजी से लगी आग में एक परिवार के छह लोगों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार घटना पर शोक व्यक्त किया है।

कुमार ने घटना को दुखद बताते हुए घायलों को समुचित इलाज का निर्देश दिया है। मृतकों की पहचान सुनील पासवान (26), लीला देवी (23), कंचन देवी (26), सिद्धांत कुमार (4), शशांक कुमार (3) और साक्षी कुमारी (5) के रूप में हुई है। घटना में तीन गायों की भी मौत हो गई।

दरभंगा डीएम राजीव रोशन ने बताया कि बहेड़ा थाना अंतर्गत अलीनगर इलाके में हुई आग की घटना में तीन बच्चों समेत छह लोगों की मौत हो गई। घटना के सटीक कारण का पता लगाने के लिए जांच का आदेश दिया गया है। इस बीच जिला प्रशासन आपदा प्रबंधन दिशा-निर्देशों के अनुसार पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है। एसपी जगुनाथ रेड्डी ने बताया कि रात 11.15 बजे आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद थाना प्रभारी एवं अग्निशमन अधिकारी को भेजा गया, काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। शवों को दरभंगा मेडिकल कालेज ले जाया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि अंटोर गांव में बीती रात छगन पासवान की बेटी की शादी थी, बारातियों के ठहरने और खाने का प्रबंध रामचंद्र पासवान के आवासीय परिसर में किया गया था, बारातियों ने वहां आतिशबाजी की, जिससे पंडाल में आग लग गई। आग लगने से वहां रखे रसोई सिलेंडर में विस्फोट हो गया, आग की चपेट में आकर उनके परिवार के छह लोगों की मौत हो गई।

# महापौर चुनाव स्थगित किए जाने पर एमसीडी सदन में हंगामा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● कार्यवाही शुरू होने से पहले आप और भाजपा के पार्षदों ने एक-दूसरे के खिलाफ लगाए नारे

● पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति नहीं होने से महापौर और उपमहापौर के चुनाव हुए थे रद

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के महापौर चुनाव को स्थगित करने को लेकर शुक्रवार को सदन में जबरदस्त हंगामा हुआ। कार्यवाही शुरू होने से पहले आम आदमी पार्टी (आप) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दोनों के पार्षदों ने एक-दूसरे के खिलाफ नारे लगाए। चुनाव के लिए पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति नहीं होने के कारण महापौर और उपमहापौर के चुनाव को गुरुवार रात स्थगित कर दिया गया था।

भाजपा के पार्षद महापौर की सीट के पास एकत्र हो गए और महापौर शैली ओबेरॉय की मौजूदगी की मांग करते हुए नारे लगाए। ओबेरॉय सदन में देरी से पहुंचीं। 'आप' पार्षदों ने पहले तो निगम मुख्यालय में आंबेडकर प्रतिमा के पास भाजपा के खिलाफ नारेबाजी की। बाद में, वे सदन पहुंचे और भाजपा के खिलाफ नारे लगाते रहे और उसे 'दलित विरोधी' कहा। दोनों पार्टियों के पार्षदों ने लगभग एक घंटे तक एक-दूसरे के खिलाफ नारेबाजी की। सदन में पहुंचने के बाद महापौर ओबेरॉय ने दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना पर 'संविधान की हत्या' करने और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत को एक बहाने के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। इसके बाद महापौर ने निगम सदन की बैठक अगली कार्यवाही तक के लिए स्थगित कर दी।

एमसीडी के महापौर और उपमहापौर के पदों के लिए 26 अप्रैल को होने वाले चुनाव को स्थगित करते हुए उपराज्यपाल सक्सेना ने कहा कि मुख्यमंत्री विचाराधीन कैदी के रूप में न्यायिक हिरासत में हैं और वह अपने संवैधानिक रूप से बाध्य कार्यों का निर्वहन नहीं कर सकते हैं। राजनिवास द्वारा सक्सेना की ओर से एक पत्र जारी करने के बाद नगर निगम ने महापौर चुनाव स्थगित कर दिया। पत्र में कहा गया कि मुख्यमंत्री संवैधानिक कार्यों का निर्वहन नहीं कर सकते इसलिए पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति नहीं की जा सकती। दिल्ली की मंत्री आतिशी ने आरोप लगाया कि भाजपा के इशारे पर चुनाव स्थगित किया गया।

# संदेशखालि में सीबीआई ने जब्त किए हथियार, गोला-बारूद

**नई दिल्ली/कोलकाता, एजेंसी**

● तृणमूल नेता रहे शाहजहां शेख के समर्थकों के ईडी की टीम पर हमला किए जाने की घटना से जुड़ी है कार्रवाई

केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने शुक्रवार को प. बंगाल के संदेशखालि में एक घर में छापेमारी के दौरान हथियार और गोला बारूद बरामद किया। अधिकारियों ने बताया कि यह तलाशी अभियान तृणमूल कांग्रेस के नेता रहे शाहजहां शेख के समर्थकों द्वारा ईडी की टीम पर हमला किए जाने की घटना से जुड़ा है।

वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सीबीआई की पांच टीमों ने पश्चिम बंगाल पुलिस और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) सहित केंद्रीय बलों की मदद से उत्तर 24 परगना जिले में संदेशखालि इलाके के सारबेरिया में स्थित घर पर छापा मारा। अधिकारी ने बताया कि हमें भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटकों को जमा कर रखने की खुफिया जानकारी मिली थी। विदेश निर्मित पिस्तौल सहित कुल 12 हथियार और डिब्बों में विस्फोटक भरे मिले। अभियान अभी भी जारी है। घर का मालिक शाहजहां शेख का रिश्तेदार है, जिसकी पहचान अबू तालीब मुल्ला के रूप में हुई है। यह स्पष्ट नहीं है कि घर में इतनी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक क्यों रखे थे। घर को सुरक्षा बलों ने घेर लिया था, जिसे मछली पालन के लिए उपयोग होने वाले जल निकायों के बीच बनाया गया था। केंद्रीय बल घर के बाहर मेटल डिटेक्टरों से जांच कर रही हैं कि कहीं और हथियारों व गोला-बारूद को दबाकर तो नहीं रखा गया है। एक रोबोटिक उपकरण का भी है। ईडी की टीम पर पांच जनवरी को संदेशखालि में उस समय हमला किया गया था जब वह कथित राशन घोटाले के सिलसिले में शेख के परिसर पर छापा मारने गई थी। सीबीआई को अपनी जांच के दौरान यह जानकारी मिली कि संदेशखालि में भारी मात्रा में हथियार छिपाए गए हैं।

# अवमानना पर मप्र बार काउंसिल के नेताओं की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट करेगा विचार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि वह कथित तौर पर हड़ताल का आह्वान करने के मामले में, मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में राज्य बार काउंसिल के अध्यक्ष और अन्य के खिलाफ जारी अवमानना कार्यवाही को चुनौती देने वाली याचिका को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर विचार करेगा।

भारत के प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ के समक्ष मध्य प्रदेश राज्य बार काउंसिल के अध्यक्ष और अन्य बार नेताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा ने दलील रखी कि कई बार नेताओं को अवमानना कार्यवाही का सामना करना पड़ रहा है और मामले की तत्काल सुनवाई की जरूरत है। तन्खा ने कहा कि न केवल राज्य बार काउंसिल के अध्यक्ष, बल्कि 103 बार एसोसिएशन भी अवमान ना कार्यवाही का सामना कर रही हैं।

# बारामूला में मुठभेड़ जारी, दो आतंकी ढेर, दो सैनिक घायल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में आतंकियों और सुरक्षा बलों में दूसरे दिन भी जारी मुठभेड़ में शुक्रवार को दो आतंकी मारे गए, जबकि दो सैनिक घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि यह मुठभेड़ उत्तरी कश्मीर में सोपोर इलाके के चेक मोहल्ला नौपोरा में गुरुवार को शुरू हुई थी। रात में शांति के बाद शुक्रवार सुबह फिर से मुठभेड़ शुरू हुई। मुठभेड़ स्थल के पास गुरुवार को एक आम नागरिक भी घायल हो गया था। सेना के अधिकारी ने बताया कि इलाके से आतंकवादियों को खदेड़ने का अभियान जारी है।

